A Town Hall Meet was organised on February 26, 2016 in Chennai, which was attended by Shri Kishor Kharat, MD & CEO, Shri B. K. Batra, DMD, Shri S. K. V. Srinivasan, ED, Shri Rabinarayan Panda, CGM and Shri V. Narayanamurthy, CGM

आईडीबीआई बैंक ने 14 अप्रैल 2016 को डॉ. बाबासाहब आंबेडकर की 125वीं जयंती के अवसर पर पूरे भारत में 'स्टैंड अप इंडिया' योजना का शुभारंभ किया

IDBI Bank launched the 'Stand Up India' Scheme on a pan India basis on the occasion of the 125th birth anniversary of Dr. Babasaheb Ambedkar on April 14, 2016

आईडीबीआई बैंक को एसोसिएशन ऑफ बिजनेस कम्यूनिकेटर्स ऑफ इंडिया (एबीसीआई) के 55वें वार्षिक पुरस्कार के अंतर्गत चार पुरस्कार प्राप्त हुए. इस अवसर पर आईडीबीआई बैंक की ओर से पुरस्कार प्राप्त करते हुए कार्यपालक निदेशक श्री ए.एल. बोंगिरवार

IDBI Bank received 4 awards at the 55th Association of Business Communicators of India (ABCI) Annual Awards. Shri A. L. Bongirwar, ED receiving an award on behalf of the Bank at the Awards

आईडीबीआई बैंक में सतर्कता जागरूकता सप्ताह का आयोजन और इस अवसर के उपलक्ष्य में एक विशेष जर्नल का विमोचन

Inauguration of Vigilance Awareness Week at IDBI Bank and release of a Special Journal to mark the occasion

पुरस्कार एवं सम्मान
Awards and Accolades

आईडीबीआई बैंक को वर्तमान वर्ष में सूचना प्रौद्योगिकी, वित्तीय समावेशन, कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व और ब्रांड निर्माण के क्षेत्र में योगदान के लिए कई पुरस्कार एवं सम्मान प्राप्त हुए हैं. इनमें से कुछ पुरस्कारों का उल्लेख नीचे किया गया है -

- आईडीबीआई बैंक ने मिलवर्ड ब्राउन की रिपोर्ट ब्रांड जेड के अनुसार भारत के सर्वोत्तम 50 ब्रांडों में 39वां स्थान बनाए रखा है और इसके ब्रांड मूल्य में 28% की वृद्धि हुई है. ब्रांड ट्रस्ट रिपोर्ट ने अपनी "ब्रांड ट्रस्ट रिपोर्ट 2016" में आईडीबीआई बैंक को 63वां स्थान दिया है जबकि 2013 में इसने बैंक को 159वां, 2014 में 85वां और 2015 में 64वां स्थान दिया था. रिपोर्ट के अनुसार बैंक ने दूसरे सबसे विश्वसनीय पीएसयू बैंक के रूप में अपना स्थान बनाए रखा है.

- बैंक ने 16 फरवरी 2016 को आईबीए के बैंकिंग टेक्नोलॉजी पुरस्कार की चार श्रेणियों में पुरस्कार प्राप्त किए हैं. इन श्रेणियों में ग्राहक के अनुभव में बढ़ोतरी के लिए टेक्नोलॉजी का सर्वोत्तम प्रयोग, डिजिटल एवं चैनल टेक्नोलॉजी का सर्वोत्तम प्रयोग, धोखाधड़ी एवं जोखिम के प्रबंधन के लिए सर्वोत्तम पहल-कार्य और वर्ष का श्रेष्ठ प्रौद्योगिकी बैंक की श्रेणी शामिल है. साथ ही बैंक को 42वें स्कॉच समिट के दौरान 'स्कॉच ऑर्डर-ऑफ-मेरिट' से सम्मानित किया गया है और हाल ही में आरंभ किए गए अपने मोबाइल एप्लिकेशन "अभय कार्ड ऐप" के लिए एंटरप्राइज़ मोबिलिटी श्रेणी के तहत नेट ऐप इनोवेशन पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया है.

- बैंक को बड़े बैंक और सरकारी योजनाओं की श्रेणी के अंतर्गत वित्तीय समावेशन के लिए प्रतिष्ठित एसोचैम पुरस्कार 2015 प्राप्त हुआ है. हरित पहल को आगे बढ़ाने के अपने प्रयासों के एक भाग के रूप में अपने उत्पाद सूर्य शक्ति के माध्यम से सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए बैंक द्वारा उठाए गए कदमों की पंजाब सोलर समिट में भी प्रशंसा की गई थी.

- आईडीबीआई बैंक लि. को वर्ष 2014-15 के दौरान हिंदी प्रयोग में श्रेष्ठ कार्यान्वयन के लिए राजभाषा कीर्ति पुरस्कार की राष्ट्रीयकृत बैंकों एवं वित्तीय संस्थाओं की श्रेणी के अंतर्गत 'ख' भाषा क्षेत्र में द्वितीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया.

- बैंक ने 5वें वार्षिक ग्रीनटेक सीएसआर पुरस्कार में वर्ष 2015-16 के लिए प्लैटिनम श्रेणी में पुरस्कार जीतकर वर्ष के दौरान एक ज़िम्मेवार कॉरपोरेट नागरिक के रूप में अपने प्रयासों के ज़रिए लगातार अपनी पहचान बनाए रखी. बैंक को यह पुरस्कार उत्तर प्रदेश एवं महाराष्ट्र के स्कूलों में यूनिसेफ के माध्यम से चलाई जा रही अपनी पानी, साफ-सफाई एवं स्वास्थ्य परियोजना (वॉश) के लिए प्राप्त हुआ है. बैंक को सामाजिक सेवा के क्षेत्र में अनुकरणीय कार्य के लिए लायंस सीएसआर प्रीशियस पुरस्कार 2016 से भी सम्मानित किया गया.

IDBI Bank in the current year received several awards and accolades for its contribution in the field of Information Technology, Financial Inclusion, Corporate Social Responsibility and Brand Building. Some of them are listed below:-

- IDBI Bank retained 39th position and the Bank's brand value has risen by 28% across top 50 brands in India as per Millward Brown's Report Brand Z. The Brand Trust Report has also ranked IDBI Bank in 63rd position across sectors in its 'Brand Trust Report 2016' as compared to its earlier ranking of 64th in 2015, 85th in 2014 and 159th in 2013. As per the report, the Bank has retained its position as the 2nd most trusted PSU Bank.

- The Bank won awards in 4 categories at IBA's Banking Technology Awards on February 16, 2016. These categories are Best Use of Technology to Enhance Customer Experience, Best Use of Digital & Channels Technology, Best Fraud and Risk Management Initiatives and Best Technology Bank of the Year. Also, the Bank has been conferred "Skoch Order-of-Merit" award during the 42nd Skoch Summit and the NetApp Innovation Award under Enterprise Mobility Category for its newly launched mobile application "Abhay Card App".

- The Bank received the prestigious ASSOCHAM Award 2015 for Financial Inclusion under Large Bank class and Government schemes category. As part of its endeavor towards pushing forward green initiatives, the Bank was lauded for the steps taken towards promotion of Solar Energy at the Punjab Solar Summit through the product Surya Shakti.

- IDBI Bank was awarded second prize in linguistic region 'B' of nationalised banks and financial institutions category of Rajbhasha Kirti Puraskar for the year 2014-15 for its outstanding performance in the use of Hindi.

- During the year, the Bank continued to be recognised for its efforts as a conscientious corporate citizen by winning the 5th Annual Greentech CSR Award for the year 2015-16 in the Platinum category. The Bank received this award for its Water, Sanitation and Health (WaSH) Project being implemented by UNICEF in schools across Uttar Pradesh and Maharashtra. The Bank was also awarded the Lions CSR Precious Award 2016 for exemplary work in the field of social service.

निदेशकों की रिपोर्ट
Directors' Report

निदेशकों की रिपोर्ट

आपके बैंक के निदेशक मंडल को 31 मार्च 2016 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए आपके बैंक के कारोबार तथा परिचालनों पर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए प्रसन्नता हो रही है.

वित्तीय वर्ष 2015-16 के दौरान आपके बैंक की कारोबार रणनीति को उभरते समष्टि आर्थिक विकास और नवोन्मेषी कारोबार गतिशीलताओं द्वारा आकार दिया गया. वर्ष के दौरान पोर्टफोलियो संमिश्र का पुर्नसंतुलन आपके बैंक की कारोबार रणनीति का मुख्य आधार बना रहा. इसने अन्य उपायों के साथ-साथ सुसंगठित संगठनात्मक संरचना, बैंकिंग संपर्क बिन्दुओं के रणनीतिक विस्तार, अपने प्रमाणित आईटी कौशल के सक्रिय रूप से उपयोग, कारोबार प्रक्रियाओं के डिजिटलीकरण जैसे अन्य महत्वपूर्ण कारोबारी समर्थकारकों के साथ आपके बैंक को कम परिचालन लागत पर उत्कृष्ट ग्राहक सेवा प्रदान करने में समर्थ बनाया है.

वित्तीय विशेषताएं

यथा 31 मार्च 2016 को आपके बैंक की कुल जमाराशियां और अग्रिम पिछले वर्ष की तुलना में क्रमश: 2% एवं 4 % की वृद्धि दर्ज करते हुए ₹ 2,65,720 करोड़ एवं ₹ 2,15,893 करोड़ रहे. समीक्षाधीन अवधि के दौरान आपके बैंक के कार्य-निष्पादन की प्रमुख विशेषताएं तालिका 1 में प्रस्तुत की गई हैं.

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान सकल लाभ ₹ 31,453 करोड़ रहा जिसमें ₹ 28,043 करोड़ की ब्याज आय और ₹ 3,410 करोड़ की अन्य आय शामिल है. कुल व्यय (प्रावधानों एवं आकस्मिकताओं को छोड़कर) में ₹ 21,954 करोड़ का ब्याज व्यय और ₹ 4,130 करोड़ का परिचालनगत व्यय शामिल है. वर्ष के दौरान आपके बैंक ने परिचालनों में ₹ 5,370 करोड़ का परिचालन लाभ दर्ज किया.

तथापि कतिपय खातों के लिए बैंकों द्वारा तत्परतापूर्वक प्रावधान करने के संबंध में भारतीय रिज़र्व बैंक के आस्ति गुणवत्ता समीक्षा निर्देश के फलस्वरूप आपके बैंक का कुल प्रावधान बढ़ गया. वर्ष के दौरान कर को छोड़कर कुल प्रावधान ₹ 10,340.82 करोड़ रहा जिसमें मुख्यत: अनर्जक आस्तियों, अशोध्य एवं संदिग्ध ऋणों तथा निवेशों के लिए प्रावधान हेतु ₹ 9,191 करोड़ की राशि शामिल है. परिणामस्वरूप आपके बैंक को वर्ष 2015-16 के दौरान ₹ 3,665 करोड़ की निवल हानि हुई.

तालिका 1 : मुख्य वित्तीय विशेषताएं

(₹ करोड़ में)

यथा 31 मार्च की स्थिति	**2015**	**2016**
पूंजी	1,603.96	2,058.81
रिज़र्व और अधिशेष	22,712.96	25,662.97
जमाराशियां	2,59,835.97	2,65,719.83
उधार राशियां	61,832.46	69,573.94
अन्य देयताएं और प्रावधान	10,158.65	11,356.57
कुल देयताएं	**3,56,144.00**	**3,74,372.12**
नकदी और रिज़र्व बैंक के पास शेष	13,152.82	13,822.91
बैंकों के पास शेष और मांग तथा अल्प सूचना पर देय राशि	1,489.99	2,757.63
निवेश	97,700.88	98,999.43
अग्रिम	2,08,376.87	2,15,893.45
अचल और अन्य आस्तियां	35,423.44	42,898.70
कुल आस्तियां	**3,56,144.00**	**3,74,372.12**
इस अवधि में	**2014-15**	**2015-16**
कुल आय	32,161.62	31,453.46
कुल व्यय (प्रावधानों को छोड़कर)	26,433.52	26,083.39
प्रावधान (कर छोड़कर)	4,440.78	10,340.82
कर पूर्व लाभ / (हानि)	1,287.33	(4970.75)
कर के लिए प्रावधान*	413.94	(1,305.95)
कर पश्चात् लाभ/(हानि)	873.39	(3,664.80)

* वर्तमान आयकर और आस्थगित आयकर को घटाकर

अग्रिमों की प्रवृत्तियां



जमाराशियों की प्रवृत्तियां



वर्ष के दौरान ₹ 10 के अंकित मूल्य वाले प्रत्येक शेयर के लिए प्रति शेयर उपार्जन (ईपीएस) ₹ (21.77) रहा, जबकि मार्च 2016 के अंत में प्रति शेयर बही मूल्य ₹ 107.41 रहा. वित्तीय वर्ष 2015-16 के लिए निदेशक मंडल ने किसी लाभांश की सिफ़ारिश नहीं की है.

समेकित वित्तीय विवरण में शामिल सहायक संस्थाओं और संयुक्त उद्यम के कार्य-निष्पादन और वित्तीय स्थिति पर रिपोर्ट

भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान द्वारा जारी लेखांकन मानक - 21 की अपेक्षानुसार इस वार्षिक रिपोर्ट में शामिल बैंक के समेकित वित्तीय विवरण में इसकी सहायक संस्थाओं और अन्य समेकन संस्थाओं के लेखों को शामिल किया गया है.

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 129 के अनुसार बैंक की सहायक संस्थाओं / संयुक्त उद्यमों के मुख्य वित्तीय विवरणों को दर्शाने वाला विवरण इस वार्षिक रिपोर्ट में अलग से शामिल किया गया है.

यथा 31 मार्च 2016 को बैंक की सहायक संस्थाओं, संयुक्त उद्यम और सहयोगी संस्थाओं के कार्य-निष्पादन और वित्तीय स्थिति को इस रिपोर्ट में निम्नानुसार अनुबद्ध किया गया है.

(₹ '000 में)

संस्था का नाम	निवल आस्तियां अर्थात् कुल आस्तियों में से कुल देयताएं घटाकर		लाभ या हानि में हिस्सा	
	समेकित निवल आस्तियों के % के रूप में	राशि	समेकित लाभ या हानि के % के रूप में	राशि
1	2	3	4	5
मूल: आईडीबीआई बैंक लिमिटेड	96.92%	27721 78 91	103.18%	-3664 80 26
सहायक संस्थाएं :				
भारतीय :				
1. आईडीबीआई कैपिटल मार्केट सर्विसेज लि.	1.09%	313 05 08	-0.26%	9 27 76
2. आईडीबीआई इंटेक लि.	0.13%	37 64 87	-0.12%	4 22 08
3. आईडीबीआई असेट मैनेजमेंट कंपनी लि.	0.34%	97 16 58	-0.10%	3 47 92
4. आईडीबीआई एमएफ ट्रस्टी कंपनी लि.	0.00%	1 07 61	0.00%	17 30
5. आईडीबीआई ट्रस्टीशिप सर्विसेज लि.	0.46%	131 85 45	-1.07%	38 10 39
विदेशी :	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं
सभी सहायक संस्थाओं में अल्पसंख्यक हित	0.21%	61 45 62	-0.49%	17 26 11
सहयोगी कंपनियां (इक्विटी पद्धति के अनुसार निवेश)				
भारतीय				
1. बायोटेक कंसोर्शियम इंडिया लि.	लागू नहीं	लागू नहीं	-0.01%	40 38
2. नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लि.	लागू नहीं	लागू नहीं	-0.69%	24 59 78
3. एनएसडीएल ई-गवर्नेंस इंफ्रास्ट्रक्चर लि.	लागू नहीं	लागू नहीं	-0.71%	25 22 10

(₹ '000 में)

संस्था का नाम	निवल आस्तियां अर्थात् कुल आस्तियों में से कुल देयताएं घटाकर		लाभ या हानि में हिस्सा	
	समेकित निवल आस्तियों के % के रूप में	राशि	समेकित लाभ या हानि के % के रूप में	राशि
1	2	3	4	5
विदेशी :	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं
संयुक्त उद्यम				
(आनुपातिक समेकन के अनुसार / इक्विटी पद्धति के अनुसार निवेश)				
भारतीय				
1. आईडीबीआई फेडरल लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लि.	1.05%	300 83 27	-0.21%	7 33 53
विदेशी	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं
कुल	100%	28603 41 78	100%	-3551 99 01
विलोपन	-1.91%	-544 98 23	1.09%	-38 82 52
निवल कुल	98.09%	28058 43 54	101.09%	-3590 81 53

नोट : *उपर्युक्त सहायक संस्थाओं की कोई सहायक संस्था नहीं है.*

आईडीबीआई बैंक की वित्तीय स्थिति को प्रभावित करने वाले महत्त्वपूर्ण परिवर्तन और वचनबद्धताएं, यदि कोई हों, जो वित्तीय वर्ष के अंत और बोर्ड की रिपोर्ट की तारीख के दौरान उत्पन्न हुई हों :

बैंक की वित्तीय स्थिति को प्रभावित करने वाले ऐसे कोई महत्त्वपूर्ण परिवर्तन और वचनबद्धताएं नहीं हैं जो बैंक के वित्तीय वर्ष की समाप्ति अर्थात् 31 मार्च 2016 और निदेशकों की रिपोर्ट की तारीख अर्थात् 20 मई 2016 के दौरान उत्पन्न हुई है.

वित्तीय विवरणों के संदर्भ में आंतरिक वित्तीय नियंत्रण की पर्याप्तता के संबंध में ब्यौरे :

बैंक के पास वित्तीय विवरणों के संबंध में पर्याप्त आंतरिक नियंत्रण और प्रक्रियाएं हैं जो वित्तीय रिपोर्टिंग की विश्वसनीयता तथा वित्तीय विवरण तैयार करने के संबंध में यथोचित आश्वासन प्रदान करते हैं. इन नियंत्रणों और प्रक्रियाओं को विभिन्न नीतियों, प्रक्रियाओं और प्रमाणनों के माध्यम से संचालित किया जाता है. इन प्रक्रियाओं और नियंत्रणों की आवधिक आधार पर समीक्षा की जाती है.

पूंजी पर्याप्तता

आपका बैंक बासेल-III ढांचे के पिलर-I दिशानिर्देशों के अंतर्गत निर्धारित रूप में ऋण, बाजार और परिचालनगत जोखिम के लिए विनियामक पूंजी आवश्यकता का परिकलन करता है. बासेल III मानदंडों के अंतर्गत दर्शाई गई उच्च गुणवत्ता पूंजी आवश्यकता के संबंध में, वर्तमान में आपके बैंक के पास दिशानिर्देशों में निर्धारित विनियामक अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए पर्याप्त सामान्य इक्विटी है.

सीआरएआर की प्रवृत्ति*



*(*सीआरएआर आंकड़े वर्ष 2011-12 तथा 2012-13 के लिए बासेल II और 2013-14 से बासेल III के अनुसार हैं.)*

बासेल दिशानिर्देशों ने 31 मार्च 2016 से अनिवार्य पूंजी संरक्षण बफर (सीसीबी) की शुरुआत की है. सीसीबी का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि बैंक सामान्य अवधियों के दौरान (अर्थात् दबावग्रस्त अवधियों को छोड़कर) सुरक्षित भंडार निर्मित करें जिसे दबावग्रस्त अवधियों के दौरान होने वाली हानियों के मामले में आहरित किया जा सकता है. विनियामक दिशानिर्देशों की संक्रमणकालीन व्यवस्थाओं के अनुरूप 31 मार्च 2016 के लिए लागू सीसीबी 0.625% (2.5% के कुल सीसीबी का 25%) है. यथा 31 मार्च 2016 को आपके बैंक का जोखिम भारित आस्तियों की

तुलना में पूंजी अनुपात (सीआरएआर) 11.67% था जो कि 9.625% (सीसीबी सहित) की न्यूनतम विनियामक अपेक्षा से अधिक है. आपके बैंक का सामान्य इक्विटी टीयर 1 (सीईटी 1) अनुपात 7.99% रहा. यह भी भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा नियत 6.125% (सीसीबी सहित) के न्यूनतम लागू सीईटी 1 अनुपात से अधिक है. 31 मार्च 2016 को टीयर-I अनुपात विनियामक अपेक्षा 7.625% (सीसीबी सहित) की तुलना में 8.90% रहा.

बासेल III के अंतर्गत पिलर-II मानदंडों की अपेक्षाओं के अनुपालन में आपके बैंक के पास आंतरिक पूंजी पर्याप्तता अभिनिर्धारण प्रक्रिया (आईसीएएपी) के लिए निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित नीति है जिससे बैंक सामान्य और दबावग्रस्त स्थितियों में जोखिम प्रबंधन के लिए उचित रणनीति विकसित करने के साथ ही पिलर-I में शामिल नहीं किए गए जोखिमों का आंतरिक निर्धारण और उनका परिमाण निर्धारण करता है. आपके बैंक ने बासेल ढांचे के अंतर्गत पिलर-III मानदंडों के अनुसार एक प्रकटन नीति अपनाई है और परिणामस्वरूप हरेक तिमाही की समाप्ति पर बैंक की वेबसाइट पर प्रकटन उपलब्ध कराए जाते हैं.

कारोबार रणनीति

आपका बैंक रूपांतरण के मोड़ पर खड़ा है और अपनी वित्तीय सेहत में नई ताकत का संचार करने के लिए रूपांतरण पथ पर अग्रसर होने के लिए इसके पास बेहतरीन अवसर है. बैंक की व्यापक रूपांतरण प्रक्रिया पाँच स्तंभों अर्थात् कारोबार, लोग, प्रक्रियाओं, प्रौद्योगिकी और पूंजी प्रबंध पर आधारित है. आपका बैंक उक्त पाँच रूपांतरकारी स्तंभों के साथ-साथ अपने कारोबार लक्ष्यों को हासिल करने के लिए एक बहु-आयामी नीति भी अपनाएगा. इस बहु-आयामी नीति में विभिन्न वर्टिकलों, सहायक और सहयोगी कंपनियों के बीच सहक्रिया से लाभ उठाना; परियोजना सलाहकारी और ऋण समूहन कारोबार जैसे क्षेत्रों में मूल दक्षताओं का लाभ उठाना; जमाकर्ता आधार में संवृद्धि करना; चालू और बचत खाता (कासा) जमाराशियों को जुटाने पर विशेष जोर देना; शुल्क आय में तीव्र वृद्धि करना; कृषि एवं एमएसएमई क्षेत्र को उधार सहित रिटेल, विशेष रूप से पीएसएल, को दिए जाने वाले उधारों में वृद्धि करना; प्रक्रियाओं का डिजिटलीकरण करना; वसूली प्रयासों में तेजी लाना आदि शामिल हैं. आपके बैंक के नेटवर्क को रणनीतिक रूप से विस्तारित करने और अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी अपनाने से इन पहल कार्यों को परिपूर्णता मिलेगी और बढ़ती कारोबारी जरूरतों को पूरा करने के लिए इसकी सूचना प्रौद्योगिकी दक्षता से आगे और सहायता मिलेगी. ये सभी पहल-कार्य उच्च स्तर की ग्राहक संतुष्टि सुनिश्चित करेंगे और इसके परिणामस्वरूप बैंक की लाभप्रदता में वृद्धि करेंगे. इस रूपांतरण प्रक्रिया से आपका बैंक अपने लिए एक विशेष स्थान बना सकेगा और एक अग्रणी वित्तीय महासंगठन के रूप में उभर कर सामने आएगा.

महत्वपूर्ण कारोबारी पहल-कार्य

अधिक संतुलित कारोबार पोर्टफोलियो संमिश्र प्राप्त करने के व्यापक उद्देश्य के अनुरूप आपके बैंक ने अपने रिटेल कारोबार को बढ़ाने पर ध्यान केन्द्रित रखा. इस कारोबार पुनरभिमुखीकरण प्रक्रिया को सहयोग देने के लिए आपका बैंक अपने ग्राहकों की विविध जरूरतों को पूरा करने हेतु अपनी भौतिक शाखाओं और एटीएम के साथ-साथ, वैकल्पिक माध्यमों के ज़रिए नवोन्मेषी और आवश्यकतानुरूप तैयार किए गए उत्पादों और सेवाओं की श्रृंखला पेश करता है जिसमें देयता, आस्ति, पूंजी बाजार, अन्य पक्ष उत्पाद शामिल हैं. इसे प्रतिस्पर्धी रूप से आगे बनाए रखने के लिए आपके बैंक ने अपने मौजूदा उत्पादों और सेवाओं का पुनर्निर्माण करना और साथ ही नए उत्पाद और सेवाएं प्रारंभ करना जारी रखा.

रिटेल ग्राहकों तक अपनी पहुँच को बढ़ाने के लिए बैंक ने अपने शाखा एवं एटीएम नेटवर्क को रणनीतिपरक तरीके से आगे बढ़ाते हुए अपनी मौजूदगी को विस्तारित करने के लिए प्रयास जारी रखे. यथा 31 मार्च 2016 को आपके बैंक के नेटवर्क में 1,846 शाखाएं (एक विदेशी शाखा सहित) और 3,310 एटीएम शामिल थे.

शाखा नेटवर्क में वृद्धि



एटीएम नेटवर्क में वृद्धि



आपका बैंक अपनी परंपरागत शाखाओं की संख्या में वृद्धि करने के साथ-साथ, अपनी नवीनतम प्रौद्योगिकी आधारभूत संरचना से लाभ उठाते हुए अपने वैकल्पिक सुपुर्दगी चैनलों को भी लगातार विस्तारित और सुदृढ़

करता रहा है ताकि उसके ग्राहकों को सप्ताह के सातों दिन चौबीसों घंटे बैंकिंग सेवाओं की व्यापक शृंखला उपलब्ध कराई जा सके. आपके बैंक के वैकल्पिक सुपुर्दगी चैनलों अर्थात् एटीएम, इंटरनेट बैंकिंग, मोबाइल और टैब बैंकिंग, किओस्क, ई-लाउंज सुविधा आदि को इस प्रकार से तैयार किया जाता है कि वे ग्राहकों को निर्बाध रूप से बैंकिंग सेवाओं की व्यापक शृंखला की सुपुर्दगी कर सकें. आपका बैंक ग्राहकों के लेन-देनों, सूचना और डेटा की सुरक्षा और गोपनीयता को सर्वोच्च प्राथमिकता देता है. इसके फलस्वरूप आपके बैंक ने अत्यंत आधुनिक प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल जारी रखा ताकि ग्राहकों को वैकल्पिक चैनलों के ज़रिए लेनदेन करते समय विश्वसनीय और सुरक्षित वातावरण की उपलब्धता सुनिश्चित की जा सके. इस दिशा में आपके बैंक द्वारा वर्ष के दौरान शुरू किए गए पथ-प्रवर्तक पहल कार्यों में 'अभय ऐप' का प्रारंभ एक है जिससे ग्राहकों को अपने डेबिट कार्ड को अच्छी तरह से संभालने और उसके दुरुपयोग की संभावना को न्यूनतम स्तर पर रखने में सहूलियत हुई है.

विनियामक दिशानिर्देशों के पूर्ण अनुपालन में आपके बैंक ने प्राथमिकताप्राप्त क्षेत्र उधार (पीएसएल) पर विशेष ध्यान देना जारी रखा. वर्ष के दौरान आपके बैंक ने प्रधान मंत्री मुद्रा योजना (पीएमएमवाई) के तहत गैर-कृषि आय उत्पादन कार्यकलापों की ऋण आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए दो प्रमुख उत्पाद अर्थात् आईडीबीआई मुद्रा ऋण तथा आईडीबीआई बुनकर मुद्रा योजना (आईबीएमवाई) शुरू किए. बैंक के नेटवर्क के अनुपूरक के तौर पर आपके बैंक ने प्राथमिकताप्राप्त क्षेत्र खंडों तक अपनी पहुँच को विस्तारित करने और उसके ज़रिए टिकाऊ पीएसएल पोर्टफोलियो का निर्माण करने के लिए कॉरपोरेट और साथ ही साथ वैयक्तिक कारोबार प्रतिनिधि/कारोबार सुलभकर्ता (बीसी/बीएफ़) नियुक्त किए हैं.

आपका बैंक समाज के सबसे कमजोर वर्गों द्वारा अपेक्षित समुचित वित्तीय उत्पादों एवं सेवाओं तक निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से किफ़ायती लागत पर उनकी पहुँच सुनिश्चित करते हुए नीति निर्माताओं के वित्तीय समावेशन के लक्ष्य को पूरा करने की दिशा में सक्रिय रूप से सहभागी रहा है.

आपका बैंक रणनीतिक रूप से स्थित अपनी शाखाओं के ज़रिए अपने तीन समर्पित वर्टिकलों अर्थात् कॉरपोरेट बैंकिंग समूह-I (सीबीजी-I), कॉरपोरेट बैंकिंग समूह-II (सीबीजी-II) और इंफ्रास्ट्रक्चर कॉरपोरेट समूह-I (आईसीजी) के माध्यम से कॉरपोरेट ग्राहकों को सेवाएं प्रदान करता है. सीबीजी I और सीबीजी II बृहत आकार और मध्यम आकार वाले कॉरपोरेट ग्राहकों की जरूरतों को पूरा करते हैं, जबकि आईसीजी बुनियादी क्षेत्र के कॉरपोरेट ग्राहकों की जरूरतों को पूरा करता है जिसमें अन्य क्षेत्रों के साथ-साथ बिजली, दूर- संचार, बन्दरगाह, सड़क और पुल, हवाई अड्डे, शहरी इंफ्रास्ट्रक्चर विकास शामिल हैं.

आपका बैंक विभिन्न क्षेत्रों के लिए परियोजना मूल्यांकन, ऋण समूहन, संरचनागत और सलाहकारी सेवाएँ प्रदान करने में सक्रिय रहा है. वर्ष के दौरान आपके बैंक को मूल्यांकन और ऋण समूहन के कई अधिदेश प्राप्त हुए. आपके बैंक को लगातार भारत के अग्रणी ऋण समूहनकर्ताओं की श्रेणी में रखा जाता रहा है.

आपका बैंक पिछले दो दशकों से भी अधिक समय से पर्यावरण बैंकिंग के क्षेत्र में सक्रिय रहा है तथा इस क्षेत्र में अग्रदूत की भूमिका प्राप्त कर चुका है. आपका बैंक अंतर्राष्ट्रीय बाज़ार से ग्रीन बांड के माध्यम से 350 मिलियन यूएस डालर की राशि सफलतापूर्वक जुटाने वाला भारत का सरकारी क्षेत्र का पहला वाणिज्यिक बैंक बन गया है. इन ग्रीन बांडों के माध्यम से जुटाई गई निधियों का उपयोग भारत में स्वच्छ ऊर्जा परियोजनाओं के निधीयन में किया जाएगा.

आपका बैंक अपने कॉरपोरेट और रिटेल व्यापार वित्त ग्राहकों को सेवा प्रदान करने के लिए देश भर में अपने परिपूर्ण व्यापार वित्त केन्द्रों (विदेशी मुद्रा के मामले में प्राधिकृत डीलर) और रिटेल बैंकिंग शाखाओं के माध्यम से अपने देशी और अंतर्राष्ट्रीय व्यापार वित्त (टीएफ) कारोबार का संचालन करता है. वर्ष के दौरान एक नवोन्मेषी ऑनलाइन सुविधा 'आईडीबीआई ई ट्रेड' आरंभ की गई. इस सुविधा के माध्यम से ग्राहक कागज-रहित पद्धति तथा झंझटमुक्त तरीके से विभिन्न व्यापार वित्त उत्पादों के लिए ऑनलाइन अनुरोध प्रस्तुत कर सकते हैं.

दुबई इंटरनेशनल फाइनेंशियल सेंटर (डीआईएफसी) स्थित आपके बैंक की विदेश स्थित शाखा बाह्य वाणिज्यिक उधार (ईसीबी), विदेशी मुद्रा ऋण (एफसीएल), ईसीबी/एफसीएल का समूहन और व्यापार वित्त उत्पादों सहित विभिन्न प्रकार की कॉरपोरेट बैंकिंग सेवाएं प्रदान करती है. आपका बैंक अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी उपस्थिति का विस्तार करने के अवसर भी तलाश रहा है.

वर्ष के दौरान किए गए बैंक के कारोबारी पहल-कार्यों का विस्तृत ब्योरा वार्षिक रिपोर्ट के प्रबंध विवेचना एवं विश्लेषण खंड में दिया गया है.

सीएसआर कार्यकलाप को कॉरपोरेट प्रतिष्ठा निर्माण और कर्मचारी विनियोजन में निवेश मानते हुए आपके बैंक ने कंपनी अधिनियम, 2013 के अनुपालन में बोर्ड अनुमोदित सीएसआर नीति कार्यान्वित की है. अपने सीएसआर कार्यकलापों के माध्यम से आपका बैंक अन्य बातों के साथ-साथ स्वास्थ्य सुविधाओं के संवर्धन, स्वच्छता सुविधाओं तक लोगों की पहुँच बढ़ाने, व्यावसायिक और रोजगारपरक कौशल के विकास, समाज के सुविधाविहीन लोगों के लिए आजीविका अवसरों में वृद्धि, पर्यावरणीय अक्षयता और गांवों के सर्वांगीण विकास में योगदान देता रहा है.

निदेशक मंडल

आपके बैंक के निदेशक मंडल का आधार व्यापक है और इसका गठन बैंककारी विनियमन अधिनियम, 1949, कंपनी अधिनियम, 2013, आपके बैंक के संस्था अन्तर्नियम और सेबी (एलओडीआर) विनियम 2015 में यथा परिकल्पित कॉरपोरेट अभिशासन की अपेक्षाओं द्वारा नियंत्रित है. बोर्ड प्रत्यक्ष रूप से और बैंक के महत्वपूर्ण कार्य क्षेत्रों पर अधिक ध्यान देने के लिए गठित अपनी विभिन्न समितियों के माध्यम से कार्य करता है.

31 मार्च 2016 को आपके बैंक के बोर्ड में सात निदेशक थे, जिनमें प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (एमडी एवं सीईओ), उप प्रबंध निदेशक (डीएमडी), एक गैर-कार्यपालक निदेशक और चार स्वतंत्र निदेशक थे. यथा 31 मार्च 2016 को बोर्ड में श्री किशोर खरात, प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी, कार्यपालक निदेशक के रूप में, श्री बी. के. बत्रा, उप प्रबंध निदेशक, कार्यपालक निदेशक के रूप में, सुश्री स्नेहलता श्रीवास्तव, केंद्र सरकार की सरकारी नामिती, गैर-कार्यपालक निदेशक के रूप में, श्री एस. रवि, श्री निनाद कर्पे, श्री पंकज वत्स और श्री ज्ञान प्रकाश जोशी स्वतंत्र निदेशकों के रूप में शामिल थे. संस्था अंतर्नियम के अंतर्नियम 116(1) के अंतर्गत निर्दिष्ट 13 निदेशकों की अधिकतम संख्या की तुलना में बोर्ड में सात निदेशकों की वर्तमान संख्या अंतर्नियम 114(ए) की अपेक्षाओं को पूरा करती है.

शीर्ष समितियां

बैंक के कारोबार और परिचालन से संबद्ध विभिन्न कामकाजी पहलुओं की देख-रेख करने के लिए बोर्ड की कुल सोलह समितियां अर्थात् बोर्ड की लेखापरीक्षा समिति, ग्राहक सेवा समिति, कारोबार समीक्षा समिति, सूचना प्रौद्योगिकी समिति, कार्यपालक समिति, पारिश्रमिक समिति, अंशधारक संबंध समिति, नामांकन समिति, धोखाधड़ी निगरानी समिति, मानव संसाधन संचालन समिति, जोखिम प्रबंध समिति, वसूली समीक्षा समिति, कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व समिति, स्वतंत्र निदेशक समिति, असहयोगी उधारकर्ता समीक्षा समिति, इरादतन चूककर्ता से संबंधित समीक्षा समिति है.

कॉरपोरेट अभिशासन

आपका बैंक कॉरपोरेट अभिशासन के क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ पद्धतियां अपनाने के लिए प्रतिबद्ध है. आपके बैंक की यह मान्यता है कि उचित कॉरपोरेट अभिशासन सिर्फ नियामक अनुपालन की आवश्यकता मात्र नहीं है बल्कि शेयरधारिता मूल्य में वृद्धि के लिए एक सुसाध्य कारक भी है. आपके बैंक में अपनाई जा रही कॉरपोरेट अभिशासन पद्धतियों का विस्तृत विवरण इस वार्षिक रिपोर्ट में प्रबंध विवेचना एवं विश्लेषण के अंतर्गत एक अलग खंड के रूप में दिया गया है.

कारोबार दायित्व रिपोर्ट

भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) ने भारत के राजपत्र में प्रकाशित दिनांक 22 दिसंबर 2015 की अपनी अधिसूचना सं. सेबी/एलएडी-एनआरओ/ जीएन/ 2015-16/27 के जरिए बीएसई और एनएसई में बाजार पूंजीकरण के आधार पर सूचीबद्ध 500 शीर्ष संस्थाओं के लिए वार्षिक रिपोर्ट के एक भाग के रूप में कारोबार दायित्व (बीआर) रिपोर्ट का समावेशन अनिवार्य कर दिया है. कारोबार दायित्व रिपोर्ट में सूचीबद्ध संस्थाओं द्वारा पर्यावरण, सामाजिक और अभिशासन परिप्रेक्ष्य में आरंभ किए गए पहल-कार्यों का वर्णन होना चाहिए. बैंक की कारोबार दायित्व रिपोर्ट बैंक की वेबसाइट (www.idbi.com) पर प्रदर्शित की गई है.

कंपनी (प्रबंधकीय कार्मिकों की नियुक्ति और पारिश्रमिक) नियमावली, 2014 के नियम 5 के अंतर्गत कथन

समीक्षाधीन वित्तीय वर्ष के दौरान ऐसा कोई कार्मिक बैंक की सेवा में नहीं था जिसे ₹ 60 लाख से अधिक वार्षिक पारिश्रमिक प्राप्त हुआ हो. इसके अतिरिक्त, बैंक की सेवा में वर्ष की किसी आंशिक अवधि के लिए ऐसा कोई कार्मिक नहीं था जिसे बैंक की सेवा अवधि के दौरान प्रतिमाह ₹ 5 लाख से अधिक पारिश्रमिक प्राप्त हुआ हो. इसके अतिरिक्त, वित्तीय वर्ष अथवा उसके किसी हिस्से के दौरान ऐसा कोई कार्मिक नियुक्त नहीं किया गया जिसे बैंक के प्रबंध निदेशक एवं सीईओ अथवा उप प्रबंध निदेशक द्वारा आहरित कुल पारिश्रमिक की दर से अधिक पारिश्रमिक प्राप्त हुआ हो और जिसके अथवा जिसके पति/पत्नी और आश्रित बच्चों के पास बैंक के 2% इक्विटी शेयर से कम शेयर धारित न हों.

ऊर्जा संरक्षण, प्रौद्योगिकी समावेशन, विदेशी विनिमय का अर्जन तथा व्यय

कंपनी (लेखा) नियमावली, 2014 के नियम 8(3) के साथ पठित कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 134(3)(एम) के प्रावधान आपके बैंक पर लागू नहीं हैं. तथापि, आपका बैंक अपने परिचालनों में सूचना प्रौद्योगिकी का प्रयोग लगातार कर रहा है.

निदेशकों की जिम्मेदारी के संबंध में कथन

एतद्द्वारा निदेशक मंडल घोषणा और पुष्टि करता है कि :

क. वार्षिक लेखों को तैयार करने में लागू लेखांकन मानकों का पालन किया गया है. साथ ही तात्त्विक रूप से अनुसरण न किये गये मामलों में उचित स्पष्टीकरण दिया गया है;

ख. निदेशकों ने ऐसी लेखांकन नीतियों का चयन किया है और उनका निरंतर रूप से प्रयोग किया है तथा ऐसे निर्णय लिए हैं और अनुमान लगाए हैं जो वित्तीय वर्ष के अंत में आपके बैंक की स्थिति और इसी अवधि में आपके बैंक के लाभ अथवा हानि की सही एवं उचित तस्वीर प्रस्तुत करने के लिए यथोचित तथा विवेकपूर्ण हैं;

ग. निदेशकों ने आपके बैंक की आस्तियों की सुरक्षा तथा धोखाधड़ी एवं अन्य अनियमितताओं को रोकने और उनका पता लगाने के लिए कंपनी अधिनियम, 2013 के प्रावधानों के अनुसार पर्याप्त लेखा रिकार्डों के रख-रखाव के लिए उचित और पर्याप्त सावधानी बरती है;

घ. निदेशकों ने चालू संस्था के आधार पर वार्षिक लेखे तैयार किए हैं;

ङ. निदेशक मंडल ने बैंक के अनुपालन के लिए आंतरिक वित्तीय नियंत्रण निर्धारित किए हैं और ये आंतरिक वित्तीय नियंत्रण पर्याप्त हैं और प्रभावी ढंग से काम कर रहे हैं; और

च. निदेशक मंडल ने सभी लागू नियमों के प्रावधानों का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए समुचित प्रणालियां तैयार की हैं और ये प्रणालियां पर्याप्त हैं और प्रभावी ढंग से काम कर रही हैं.

आभार

आपके बैंक का निदेशक मंडल भारत सरकार, भारतीय रिज़र्व बैंक (रिज़र्व बैंक), भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी), भारतीय बीमा विनियामक एवं विकास प्राधिकरण (आईआरडीए) और अन्य सभी सांविधिक/ विनियामक प्राधिकरणों का उनके बहुमूल्य सहयोग और मार्गदर्शन के लिए हृदय से आभारी है. निदेशक मंडल विभिन्न राज्य सरकारों और अन्य बैंकों/ वित्तीय संस्थाओं का भी उनके द्वारा दिये गये सहयोग और सहायता के लिए आभार मानता है. निदेशक मंडल विभिन्न बहुपक्षीय संस्थाओं और अंतर्राष्ट्रीय बैंकों/ संस्थाओं से समय-समय पर मिले सहयोग के लिए उन्हें धन्यवाद देता है. बोर्ड अपने सभी निष्ठ शेयरधारकों और ग्राहकों को भी वर्ष के दौरान उनके द्वारा दिये गये सहयोग के लिए धन्यवाद देता है और आने वाले वर्षों में उनसे निरंतर सहयोग की आशा करता है. वित्तीय वर्ष के दौरान बैंक को बैंकिंग क्षेत्र में उत्कृष्टता के लिए कई पुरस्कार और सम्मान प्राप्त हुए. बैंक के प्रयासों को मिली सराहना के लिए बोर्ड इन सभी संस्थाओं/ एजेंसियों का आभारी है. निदेशक मंडल अपने समस्त स्टाफ की निष्ठापूर्ण और समर्पित सेवाओं की सराहना करता है और आपके बैंक के कार्य-निष्पादन में सुधार लाने में उनकी प्रतिबद्धता का सम्मान करता है.

[बी.के बत्रा]
उप प्रबंध निदेशक
(डीआईएन-00015732)

[किशोर खरात]
प्रबंध निदेशक एवं सीईओ
(डीआईएन-07266945)

स्थान : मुंबई
दिनांक : 20 मई 2016

Directors' Report

Your Bank's Board of Directors is pleased to present the Report on its business and operations for the financial year ended March 31, 2016.

During 2015-16, your Bank's business strategy was shaped by emerging macroeconomic developments and evolving business dynamics. Re-balancing the portfolio mix continued to be the mainstay of your Bank's business strategy during the year. This, along with other critical business enablers such as a well-calibrated organisational structure, strategic expansion of banking touch-points, actively leveraging on its proven IT prowess, digitisation of business processes, among other measures, has enabled your Bank to deliver enhanced customer experience at a reduced operating cost.

Financial Highlights

As on March 31, 2016, your Bank's aggregate deposits and advances touched ₹ 2,65,720 crore and ₹ 2,15,893 crore, respectively, implying a growth of 2% and 4%, respectively, over the previous year. Your Bank's business highlights for the period under review are presented in Table 1.

During the year under review, your Bank's gross income amounted to ₹ 31,453 crore, comprising interest income of ₹ 28,043 crore and other income of ₹ 3,410 crore. Interest expenses stood at ₹ 21,954 crore and operational expenses at ₹ 4,130 crore, accounting for total expenditure (excluding provisions and contingencies). Your Bank's operations during the year resulted in an operating profit of ₹ 5,370 crore.

However, total provisioning of your Bank increased following the RBI's Asset Quality Review (AQR) which required banks to proactively provide for certain accounts. Total provisions other than tax during the year were at ₹ 10,340.82 crore, which mainly include ₹ 9,191 crore towards provision for non-performing assets, bad and doubtful debts and investments. As a result, your Bank incurred a net loss of ₹ 3,665 crore during 2015-16.

Table 1 : Key Financials

(₹ In crore)

As on March 31	2015	2016
Capital	1,603.96	2,058.81
Reserves & Surplus	22,712.96	25,662.97
Deposits	2,59,835.97	2,65,719.83
Borrowings	61,832.46	69,573.94
Other Liabilities & Provisions	10,158.65	11,356.57
Total Liabilities	**3,56,144.00**	**3,74,372.12**
Cash & Balances with RBI	13,152.82	13,822.91
Balances with Banks & Money at Call & Short Notice	1,489.99	2,757.63
Investments	97,700.88	98,999.43
Advances	2,08,376.87	2,15,893.45
Fixed & Other Assets	35,423.44	42,898.70
Total Assets	**3,56,144.00**	**3,74,372.12**
For the period	**2014-15**	**2015-16**
Total Income	32,161.62	31,453.46
Total Expenses (other than provisions)	26,433.52	26,083.39
Provisions (other than tax)	4,440.78	10,340.82
Profit/ (Loss) Before Tax	1,287.33	(4970.75)
Provision for Tax*	413.94	(1,305.95)
Profit/ (Loss) After Tax	873.39	(3,664.80)

* *Net of Current Income Tax and Deferred Income Tax*

Trend in Advances



Trend in Deposits



For each share with face value of ₹ 10, Earnings per Share (EPS) during the year stood at ₹ (21.77), while Book Value per Share stood at ₹ 107.41 as at end-March 2016. For the financial year 2015-16, the Board of Directors has not recommended any dividend.

Report on the Performance and Financial Position of Subsidiaries and Joint Venture included in the Consolidated Financial Statement

As required by Accounting Standard-21 issued by the Institute of Chartered Accountants of India, the Bank's consolidated financial statements included in this Annual Report incorporate the accounts of its subsidiaries and other consolidating entities.

A statement pursuant to Section 129 of Companies Act, 2013 showing key financials of the Bank's subsidiaries/ Joint Venture is included separately in this Annual Report.

The performance and financial position of Subsidiaries, Joint Venture and associates of the Bank as on March 31, 2016 has been annexed to this report as under.

(₹ In '000s)

Name of the entity	Net Assets, i.e., total assets minus total liabilities		Share in profit or loss	
	As % of consolidated net assets	Amount	As % of consolidated profit or loss	Amount
1	2	3	4	5
Parent : IDBI Bank Ltd	96.92%	27721 78 91	103.18%	-3664 80 26
Subsidiaries:				
Indian:				
1. IDBI Capital Market Services Ltd.	1.09%	313 05 08	-0.26%	9 27 76
2. IDBI Intech Ltd.	0.13%	37 64 87	-0.12%	4 22 08
3. IDBI Asset Management Company Ltd.	0.34%	97 16 58	-0.10%	3 47 92
4. IDBI MF Trustee Company Ltd.	0.00%	1 07 61	0.00%	17 30
5. IDBI Trusteeship Services Ltd.	0.46%	131 85 45	-1.07%	38 10 39
Foreign:	NA	NA	NA	NA
Minority Interests in all subsidiaries	0.21%	61 45 62	-0.49%	17 26 11
Associates (Investment as per the equity method)				
Indian				
1. Biotech Consortium India Ltd.	NA	NA	-0.01%	40 38
2. National Securities Depository Ltd.	NA	NA	-0.69%	24 59 78
3. NSDL e-Governance Infrastructure Ltd.	NA	NA	-0.71%	25 22 10

(₹ In '000s)

Name of the entity	Net Assets, i.e., total assets minus total liabilities		Share in profit or loss	
	As % of consolidated net assets	Amount	As % of consolidated profit or loss	Amount
1	2	3	4	5
Foreign	NA	NA	NA	NA
Joint Ventures				
(as per proportionate consolidation / investment as per the equity method)				
Indian				
1. IDBI Federal Life Insurance Company Ltd.	1.05%	300 83 27	-0.21%	7 33 53
Foreign	NA	NA	NA	NA
TOTAL	100%	28603 41 78	100%	-3551 99 01
Elimination	-1.91%	-544 98 23	1.09%	-38 82 52
Net Total	98.09%	28058 43 54	101.09%	-3590 81 53

Note: *None of the above subsidiaries have any subsidiary*

Material changes and commitments, if any, affecting financial position of IDBI Bank which have occurred during the end of financial year and the date of Board Report.

There are no material changes and commitments affecting the financial position of the Bank which have occurred between the end of the financial year of the Bank i.e. March 31, 2016 and the date of the Directors' Report i.e. May 20, 2016.

The details in respect of adequacy of internal financial controls with reference to the financial statements.

The Bank has adequate internal controls and processes in place with respect to its financial statements which provide reasonable assurance regarding the reliability of financial reporting and the preparation of financial statements. These controls and processes are driven through various policies, procedures and certifications. The processes and controls are reviewed periodically.

Capital Adequacy

Your Bank computes regulatory capital requirement for credit, market and operational risks, as prescribed under the Pillar-I guidelines of the Basel III framework, on a quarterly basis. With regard to the requirement for higher quality capital highlighted under Basel III norms, your Bank, at present, has sufficient common equity to meet the regulatory requirements as stipulated in the guidelines.

Trend in CRAR*



(CRAR Figures are as per Basel II for 2011-12 and 2012-13 and as per Basel III from 2013-14)*

The Basel guidelines have introduced a mandatory Capital Conservation Buffer (CCB) with effect from March 31, 2016. The CCB is designed to ensure that banks build up buffers during normal times (i.e. outside periods of stress) which can be drawn down in case of losses incurred during stressed period. In line with the transitional arrangements of the regulatory guidelines, the CCB applicable for March 31, 2016 is 0.625% (25% of total CCB of 2.5%). As on March 31, 2016, the Capital to Risk-weighted Assets Ratio (CRAR) of your Bank was 11.67% which is above the minimum regulatory requirement of 9.625% (including CCB). Your Bank's Common Equity Tier 1 (CET 1) ratio was 7.99% which is also above the minimum applicable CET 1 ratio of 6.125% (including CCB) stipulated by RBI. The Tier-I ratio stood at 8.90% as on March 31, 2016 against the regulatory requirement of 7.625% (including CCB).

Your Bank has a Board approved policy on Internal Capital Adequacy Assessment Process (ICAAP), in line with the Pillar-II norms of the Basel III framework, which enables it to internally assess and quantify those risks that are not covered under Pillar-I as well as develop appropriate strategies to manage risks under normal and stress conditions. Your Bank has adopted a Disclosure Policy in accordance with the Pillar-III norms under the Basel framework and consequently, publishes disclosures on the Bank's website at the end of each quarter.

Business Strategy

Your Bank is at an inflection point and has a significant opportunity to embark on a path of transformation in order to reinvigorate its financial health. The comprehensive transformational process of the Bank is based on five pillars, viz. Business, People, Processes, Technology and Capital Management. Your Bank, along with leveraging on these five transformational pillars, will also adopt a multi-pronged strategy to achieve its business targets. This multi-pronged strategy will encompass further leveraging the synergy across verticals, subsidiaries and associate companies; capitalise on areas of core competencies such as project advisory and loan syndication business; augmenting the depositor base; aggressive focus on raising CASA deposits; boosting fee income; stepping up lending to retail including agricultural and MSME Lending, particularly PSL; digitisation of processes; strengthening recovery efforts etc. These initiatives will be complemented by strategic expansion of your Bank's network and adoption of latest cutting edge technology to further leverage on its IT prowess to seamlessly cater to the growing business requirements. All these initiatives will ensure high level of customer satisfaction and consequently, improve the profitability of the Bank. The transformation process of your Bank will enable it to carve a niche for itself and emerge as a leading financial conglomerate.

Key Business Initiatives

In tandem with the broader objective of obtaining a more balanced business portfolio mix, your Bank continued to focus on increasing its retail business. To lend support to this business re-orientation process, your Bank offers a bouquet of innovative and customised products and services covering Liability, Asset, Capital Market, Third Party products through its brick and mortar branches and ATMs as well as alternate channels to cater to the diverse needs of its customers. To lend it a competitive edge, your Bank continued to revamp its existing product and services as also introduced new ones.

To widen its reach to the retail customers, the Bank has been continuously striving to expand its footprints by tactically augmenting its branch and ATM network. As on March 31, 2016, your Bank's network stood at 1,846 branches (including one overseas branch) and the number of ATMs stood at 3,310.

Growth in Branch Network



Growth in ATM Network



Apart from augmenting its brick and mortar branches, your Bank is also continuously expanding and strengthening its alternate channels of delivery by leveraging its state-of-the-art technology infrastructure to provide a wide range of banking services to its customers on 24x7 basis. Your Bank's alternate channels of delivery viz. ATM, internet banking, mobile and tab banking, kiosks, e-lounge facility etc. are designed to deliver a wide range of banking services in a seamless manner. Your Bank accords topmost priority to security and confidentiality of customer transactions, information and data. Consequently, your Bank continues to employ highly sophisticated technology to ensure safe and secure environment for the customer while transacting through alternate channels. Towards this end, one of the path-breaking initiatives launched by your Bank during the year was the *'Abhay App'* which enables the customers to manage their debit card, thereby minimising chance of misuse.

In adherence to the regulatory guidelines, your Bank continued to focus on Priority Sector Lending (PSL). During the year, your Bank launched two major products viz. IDBI MUDRA Loan and IDBI Bunkar MUDRA Yojana (IBMY) to cater to the credit requirements of all non-farm income generating activities under the Pradhan Mantri Mudra Yojna (PMMY). To supplement the Bank's network, your Bank has appointed corporate as well as individual Business Correspondents/ Business Facilitators (BCs/ BFs) to expand its outreach to the priority sector segments, thereby building a sustainable PSL portfolio.

Your Bank has been proactive in partnering with the policymakers to further the objective of financial inclusion by ensuring access to appropriate financial products and services needed by most vulnerable sections of the society at an affordable cost in a fair and transparent manner.

Your Bank, through its strategically located branches, serves the corporate customers through its three dedicated verticals viz. Corporate Banking Group–I (CBG–I), Corporate Banking Group–II (CBG–II) and Infrastructure Corporate Group (ICG). While CBG I and CBG II cater to large-sized and mid-sized corporate customers, ICG caters to corporate customers in the infrastructure sector which includes power, telecom, ports, roads and bridges, airports, urban infrastructure development, among other sectors.

Your Bank continues to be proactive in extending project appraisal, debt syndication, structuring and advisory services across various sectors. During the year, your Bank bagged several mandates for appraisal and debt syndication. Your Bank has been consistently ranked as one of the leading debt syndicators in India.

Your Bank has been active in the field of environmental banking for over two decades and has attained the role of a pioneer in this field. Your Bank became the first public sector commercial bank in India to have successfully raised US$ 350 million by way of Green Bonds from the international market. The funds raised through these Green Bonds will be utilised towards funding clean energy projects in India.

Your Bank conducts its domestic and international Trade Finance (TF) business through its full-fledged TF Centres (Authorised Dealer in Foreign Exchange) and retail banking branches across the country so as to serve its corporate and retail trade finance customers. An innovative online facility *'IDBI eTrade'* was launched during the year for enabling customers to place online requests for various TF products in a paperless mode and hassle-free manner.

Your Bank's overseas branch at the Dubai International Financial Centre (DIFC) provides a wide-range of corporate banking services, including External Commercial Borrowings (ECB), Foreign Currency Loans (FCL) and syndication of ECB/ FCL, and trade finance products. Your Bank is also exploring opportunities to expand its presence internationally.

The detailed descriptive of the Bank's business initiatives undertaken during the year is contained in the Management Discussion and Analysis section of the Annual Report.

Considering CSR interventions as an investment in building corporate reputation and employee engagement, your Bank has put in place a Board approved CSR policy in compliance with Companies Act, 2013. Through its CSR interventions, your Bank has been, *inter alia,* contributing towards promotion of healthcare, improved access to sanitation facilities, advancement of vocational and employable skills, enhancement of livelihood opportunities for disadvantaged strata of the society, supplementing environmental sustainability and holistic development of villages.

Board of Directors

Your Bank's Board of Directors is broad-based and its constitution is governed by the provisions of the Banking Regulation Act, 1949, the Companies Act, 2013, the Articles of Association of your Bank and the requirements of Corporate Governance, as envisaged in SEBI (LODR) Regulations, 2015. The Board functions directly as well as through various Board Committees constituted to provide focussed governance in the important functional areas of your Bank.

As on March 31, 2016, the Board comprised of seven Directors, including Managing Director and CEO (MD & CEO), Deputy Managing Director (DMD), one Non-Executive Director and four Independent Directors. Shri Kishor Kharat, Managing Director & CEO as Executive Director, Shri B.K. Batra, Dy. Managing Director as Executive Director, Ms. Snehlata Shrivastava, Central Government official Nominee as Non-Executive Director, Shri S. Ravi, Shri Ninad Karpe, Shri Pankaj Vats and Shri Gyan Prakash Joshi as Independent Directors constituted the Board as on March 31, 2016. The present strength of seven Directors on the Board, as against constitution for the maximum strength of 13 Directors provided for under Article 116 (1), meets the requirement of Article 114 (a) of the Articles of Association.

Apex Committees

The Board has a total of sixteen committees, namely, Audit Committee of the Board, Customer Service Committee, Business Review Committee, Information Technology Committee, Executive Committee, Remuneration Committee, Stakeholders' Relationship Committee, Nomination Committee, Frauds Monitoring Committee, HR Steering Committee, Risk Management Committee, Recovery Review Committee, Corporate Social Responsibility Committee, Independent Directors' Committee, Non-Cooperative Borrowers' Review Committee and Wilful Defaulters Review Committee, to oversee various functional aspects of your Bank's business and operations.

Corporate Governance

Your Bank is committed to adopting the best corporate governance practices. It believes that proper corporate governance is not just a requirement for regulatory compliance, but also a facilitator for enhancement of stakeholders' value. The details of your Bank's corporate governance practices are given in this Annual Report as a separate section under Corporate Governance Report.

Business Responsibility Report

The Securities and Exchange Board of India (SEBI), vide its notification in The Gazette of India SEBI/LAD-NRO/GN/2015-16/27 dated December 22, 2015, has mandated the inclusion of Business Responsibility (BR) Report as part of the Annual Report for Top 500 listed entities based on market capitalisation at BSE and NSE. The BR Report should describe initiatives taken by the listed entity from an environmental, social and governance perspective. The Bank's Business Responsibility Report has been hosted on the website of the Bank (www.idbi.com).

Statement under Rule 5 of the Companies (Appointment and Remuneration of Managerial Personnel) Rules, 2014

There were no personnel in your Bank's services, during the financial year under review, who received remuneration over ₹ 60 lakh annually. Besides, there were no personnel in the service of the Bank for a part of the year who received remuneration in excess of ₹ 5 lakh per month. Further, there was no personnel employed throughout the financial year or part thereof who was in receipt of remuneration at a rate, which in the aggregate, was in excess of that drawn by Managing Director & CEO or Deputy Managing Director of the Bank and who held by himself or along with his spouse and dependent children, not less than 2% of the equity shares of the Bank.

Conservation of Energy, Technology Absorption, Foreign Exchange Earnings and Outgo

The provisions of Section 134(3)(m) of the Companies Act, 2013 read with Rule 8(3) of the Companies (Accounts) Rules, 2014 are not applicable to your Bank. However, your Bank has been increasingly using information technology in its operations.

Directors' Responsibility Statement

The Board of Directors, hereby, declares and confirms that:

a. In the preparation of the annual accounts, the applicable accounting standards had been followed along with proper explanation relating to material departures;

b. The Directors had selected such accounting policies and applied them consistently and made judgments and estimates that are reasonable and prudent so as to give a true and fair view of the state of affairs of the Bank at the end of the financial year and of the profit and loss of the Bank for that period;

c. The Directors had taken proper and sufficient care for the maintenance of adequate accounting records in accordance with the provisions of the Companies Act, 2013 for safeguarding the assets of the Bank and for preventing and detecting fraud and other irregularities;

d. The Directors had prepared the annual accounts on a going concern basis;

e. The Directors had laid down internal financial controls to be followed by the Bank and that such internal financial controls are adequate and were operating effectively; and

f. The Directors had devised proper systems to ensure compliance with the provisions of all applicable laws and that such systems were adequate and operating effectively.

Acknowledgements

Your Bank's Board of Directors is sincerely grateful to the Government of India, Reserve Bank of India (RBI), Securities and Exchange Board of India (SEBI), Insurance Regulatory and Development Authority of India (IRDA) and all other statutory/ regulatory authorities for their valuable co-operation and guidance. The Board also acknowledges, with gratitude, the co-operation and support received from various State Governments and other banks/ financial institutions. The Board thanks various multilateral institutions and international banks/ institutions for their periodic support. The Board takes this opportunity to put on record its deep sense of gratitude to its loyal shareholders and customers for extending their support during the year, and looks forward to their continued association in the years ahead. During the financial year, the Bank has received various recognitions and accolades for its excellence in the banking domain. The Board is thankful to all such organisations/ agencies for formally recognising the Bank's efforts. The Board appreciates the sincere and devoted services displayed by its entire staff and highly values their commitment in improving your Bank's performance.

[B.K. Batra]	**[Kishor Kharat]**
Deputy Managing Director (DIN-00015732)	Managing Director & CEO (DIN-07266945)

Place: Mumbai
Date : May 20, 2016

प्रबंध विवेचना एवं विश्लेषण

Management Discussion and Analysis

प्रबंध विवेचना एवं विश्लेषण

कारोबारी परिवेश

वैश्विक आर्थिक परिदृश्य

कैलेंडर वर्ष 2015 में वैश्विक अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर सामान्य बनी रही जिसमें विभिन्न एजेंसियों द्वारा 2.4% से 3.1% तक की वृद्धि दर का अनुमान लगाया गया है. वैश्विक आर्थिक वृद्धि सतत् समष्टि आर्थिक अनिश्चितता और अस्थिरता; पण्यों की कम कीमतों और घटते व्यापार प्रवाह; विनिमय दरों और पूंजी प्रवाह में बढ़ती अस्थिरता; स्थिर निवेश तथा घटती उत्पादकता वृद्धि जैसे कई कारकों द्वारा प्रभावित हुई है. इस पृष्ठभूमि में भारत ने विश्व में तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था के रूप में चीन को पीछे छोड़ते हुए वैश्विक अर्थव्यवस्था में एक देदीप्यमान प्रकाश स्तंभ के रूप में अपनी स्थिति को मजबूत किया है. बाजार मूल्यों पर भारत का सकल देशी उत्पाद (जीडीपी) 2014-15 में 7.2% की वृद्धि की तुलना में 2015-16 में 7.6% की दर से बढ़ा है. भारत में समष्टि आर्थिक परिवेश में विगत दो वर्षों में सुधार हुआ है. भारत सरकार द्वारा कार्यान्वित किए जा रहे व्यापक नीतिगत सुधारों की बदौलत उपभोक्ता तथा निवेशक विश्वास में सुधार हुआ है.

अर्थव्यवस्था में किए जा रहे विभिन्न संरचनात्मक सुधारों और साथ ही सुधरती समष्टि आर्थिक स्थितियों के फलस्वरूप भारत के लिए भावी संभावनाएं अनुकूल हैं. मुद्रास्फीति की अनुकूल संभावना, नरम ब्याज दर परिवेश और भारत सरकार द्वारा जारी सुधार कार्यक्रमों से कारोबार तथा उपभोक्ता धारणाओं में और सुधार लाने में सहायता मिलेगी. इन गतिविधियों से भारतीय अर्थव्यवस्था की वृद्धि गति को बढ़ाने में सहायता मिलने की उम्मीद है और यह भी सुनिश्चित किया जा सकेगा कि वृद्धि अपने शिखर पर बनी रहे.

कारोबार समीक्षा

वर्ष के दौरान आपके बैंक ने संकेन्द्रण जोखिम को न्यूनतम तथा कम करने के लिए और साथ ही विनियामक अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए पोर्टफोलियो संमिश्र को पुनर्संतुलित करने की आवश्यकता को देखते हुए रिटेल तथा प्राथमिकता-प्राप्त क्षेत्र उधार पोर्टफोलियो के सतत् विस्तार पर विशेष ध्यान दिया. साथ ही, आपके बैंक ने एक शीर्ष विकास वित्त संस्था (डीएफआई) के रूप में अपनी विरासत से प्राप्त शक्तियों, क्षमताओं और गहन अनुभवों का भरपूर फायदा उठाया. इसके अलावा, आपके बैंक के सभी विभागों / वर्टिकलों के बीच सहक्रियात्मक तालमेल और साथ ही स्वयं बैंक तथा इसकी सहायक संस्थाओं के बीच सहक्रियात्मक तालमेल बढ़ाकर समग्र सेवा वित्तीय महासंगठन के रूप में बैंक की स्थिति को मजबूत करने पर जोर दिया गया.

आपके बैंक द्वारा अपनायी गई रणनीतिक पहलों को पूरे देश में बढ़ते शाखा तथा एटीएम नेटवर्क से उपयुक्त समर्थन मिला है. यथा 31 मार्च 2016 को आपके बैंक के नेटवर्क में 1,846 शाखाएं शामिल थीं, जिनमें पूरे भारत में महानगरीय केन्द्रों में 378 शाखाएं, शहरी केन्द्रों में 460 शाखाएं, अर्द्धशहरी केन्द्रों में 586 शाखाएं और ग्रामीण केन्द्रों में 421 शाखाएं (244 वित्तीय समावेशन शाखाओं सहित) और दुबई अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय केन्द्र (डीआईएफसी), दुबई स्थित एक समुद्रपारीय शाखा और 3,310 एटीएम शामिल थे.

रिटेल बैंकिंग

रिटेल देयता

आपका बैंक उच्च मालियत वाले व्यक्ति (एचएनआई), बच्चे, महिलाएं, युवा, वरिष्ठ नागरिक, वेतनभोगी व्यक्ति, कारोबारी व्यक्ति आदि जैसे विभिन्न खंडों में देयता उत्पाद ऑफर करता है. ग्राहकों की निरंतर बदलती और उभरती जरूरतों को ध्यान में रखते हुए आपका बैंक नए उत्पादों की पेशकश और इन जरूरतों को पूरा करने के लिए मौजूदा देयता उत्पादों की विशेषताओं और प्रक्रियाओं की समीक्षा करता रहा है. साथ ही, आपके बैंक ने कम लागत वाली जमाराशियों का हिस्सा बढ़ाने तथा शुल्क आधारित आय उत्पन्न करने के लिए नए अवसरों का उपयोग किया है.

एनआरआई सेवाएं

आपका बैंक एनआरआई ग्राहकों के साथ अपने संबंधों को अत्यधिक महत्व देता है और मूलभूत अनिवासी बाह्य (एनआरई) खाता, अनिवासी सामान्य (एनआरओ) खाता तथा विदेशी मुद्रा अनिवासी (एफसीएनआर) जमा से लेकर एफसीएनआर जमाओं पर वायदा रक्षा, भारतीय सेकंडरी शेयर बाजार में निवेश के लिए पोर्टफोलियो निवेश योजना (पीआईएस), एनआरआई जमाओं की प्रतिभूति पर ओवरड्राफ्ट सुविधा, आवास ऋण, संपत्ति पर ऋण तथा इसी प्रकार की अन्य सुविधाओं जैसी मूल्य संवर्धित सेवाओं तक वित्तीय उत्पादों एवं सेवाओं का एक पूर्ण फलक प्रदान करते हुए उनकी आवश्यकताओं को पूरा करता है. आपका बैंक तीव्र, किफ़ायती और सुविधाजनक निधि अंतरण करने के लिए एनआरआई ग्राहकों को भारत में झंझट-रहित निधि अंतरण के लिए भी कई विकल्प प्रदान करता है.

संरचित रिटेल आस्ति कारोबार

वर्ष के दौरान आपका बैंक अपने नवोन्मेषी एवं उत्कृष्ट उत्पाद तथा सेवा पेशकशों के साथ संरचित रिटेल आस्ति खंड में एक महत्वपूर्ण प्रतिस्पर्धी खिलाड़ी बना रहा. आपके बैंक ने नवोन्मेषी उत्पाद की पेशकश तथा प्रक्रियाओं में सुधार सहित विभिन्न पहल-कार्य किए हैं. आपका बैंक अपने संरचित रिटेल आस्ति पोर्टफोलियो के अंतर्गत आवास ऋण, संपत्ति पर ऋण, आटो ऋण, शिक्षा ऋण तथा वैयक्तिक ऋण और उनके विभिन्न प्रकार ऑफर करता है.

वर्ष के दौरान अपनी ऋण पेशकशों में आपके बैंक द्वारा किए गए मुख्य पहल-कार्य निम्नलिखित हैं :

क. शिक्षा ऋण :

- बेहतर कोटि के ऋण आकृष्ट करने के लिए प्रमुख शैक्षिक संस्थानों में अध्ययन करने वाले छात्रों को प्रदान किए गए ऋणों के लिए मानदंडों में संशोधन किया.
- केन्द्र सरकार के स्किल इंडिया अभियान के अनुरूप शिक्षा ऋण के अंतर्गत एक विशेष योजना अर्थात् कौशल ऋण योजना का शुभारंभ किया, जिसमें विभिन्न कौशल विकास कार्यक्रमों में नामांकित किए गए या नामांकित किए जाने की प्रक्रिया पूरी कर रहे छात्रों को शिक्षा ऋण प्रदान किए गए.
- शिक्षा ऋण चाहने वाले छात्रों के लिए सर्व सेवा पोर्टल 'विद्या लक्ष्मी पोर्टल' का सदस्य बना, जिसके द्वारा बैंक बड़ी संख्या में अग्रताओं का प्रबंध कर रहा है. चूंकि पोर्टल को बेहतर दृश्यता तथा स्वीकृति प्राप्त हो रही है, इससे आपके बैंक को अल्प अधिग्रहण लागत के साथ गुणवत्तापूर्ण पीएसएल पोर्टफोलियो निर्मित करने में सहायता मिलेगी.

ख. ऑटो ऋण:

- अपने सपनों का वाहन रखने के लिए वित्तीय सहायता प्राप्त करने की तीव्र चाहत रखने वाली आज की पीढ़ी की जरूरतों को पूरा करने के लिए अपने ऑटो ऋण उत्पादों को नवोन्मेषी रूप से पेश किया.

ग. विशेष योजनाएं:

- चेन्नै में आई बाढ़ से प्रभावित लोगों को अपने मकानों/ अन्य आस्तियों की मरम्मत/ नवीकरण करवाने और चिकित्सा उपचार प्राप्त करने हेतु वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए एक विशेष योजना अर्थात् 'चेन्नै मैत्री योजना' का शुभारंभ किया.

नवोन्मेषी उत्पाद विशेषताएं पेश करने के अलावा आपके बैंक ने उत्पाद मानदंडों/ दिशानिर्देशों की नियमित समीक्षा जारी रखी ताकि उन्हें अधिक प्रतिस्पर्धी बनाया जा सके. विभिन्न क्षेत्रों से प्राप्त फीडबैक पर त्वरित ध्यान दिया जाता है जिससे यह सुनिश्चित किया जा सके कि आपके बैंक की पेशकशें उद्योग में सर्वोत्तम में से एक बनी रहें. इसके अलावा, आपके बैंक ने एक ऑनलाइन ऋण आवेदन प्रोसेसिंग प्रणाली (एलएपीएस) लागू करने के लिए प्रौद्योगिकी का उपयोग किया है. यह प्रणाली रिटेल ऋण उत्पादों के लिए एक संपूर्ण समाधान है. इससे प्रस्ताव के लॉगइन चरण से लेकर ऋण खाता खोलने तक पूरी ऋण प्रक्रिया का स्वचालन हो गया है.

वैकल्पिक चैनल

एटीएम, मोबाइल बैंकिंग, इंटरनेट बैंकिंग, फोन बैंकिंग आदि जैसे वैकल्पिक चैनल पसंदीदा बैंकिंग चैनल के रूप में उभरे हैं. आपके बैंक ने आधुनिकतम प्रौद्योगिकी इंफ्रास्ट्रक्चर का उपयोग करते हुए वैकल्पिक चैनलों के माध्यम से अपनी पहुंच को रणनीतिक रूप से व्यापक बनाया है.

आपके बैंक ने नियमित एटीएम सेवाएं प्रदान करने के अलावा 24x7 आधार पर व्यक्तिकृत चेक तथा मांग ड्राफ्ट जारी करने के लिए जुलाई 2015 में एक बहु-उद्देश्यीय स्वतः सेवा एटीएम (लघु शाखा) का शुभारंभ किया जो भारत में अपनी किस्म का पहला है. आपका बैंक देश में कई स्थानों पर ई-लाउंज सुविधाएं भी प्रदान करता है जो मूलतः स्वतः सेवा शाखाएं हैं.

आपका बैंक ग्राहकों को इंटरनेट तथा मोबाइल बैंकिंग का प्रयोग करते हुए अपना बैंकिंग लेन-देन करने की सुविधा प्रदान करता है. आपके बैंक के मोबाइल बैंकिंग समाधान में प्रश्न आधारित सेवा (एसएमएस बैंकिंग), अलर्ट्स तथा मोबाइल भुगतान (पेमेंट), शेष पूछताछ, लघु लेन-देन विवरण, बिल भुगतान आदि जैसी सेवाएं शामिल हैं. आपके बैंक ने 'मिस्ड कॉल' सेवा शुरू की है जिसमें ग्राहक अपने पिछले 5 लेन-देनों के लघु विवरण प्राप्त करने के लिए टोल-फ्री नंबर पर मिस्ड कॉल दे सकते हैं और खाते में उपलब्ध शेष के बारे में जानकारी प्राप्त करने के लिए एसएमएस भेज सकते हैं. वर्ष के दौरान आपके बैंक की 'टैब बैंकिंग (जस टैब)' सेवा भी शुरू की गई, जिससे ग्राहक कम कार्रवाई समय के साथ टैबलेट के माध्यम से अपने घर / कार्यालय से बचत खाता खोल सकते हैं. आपके बैंक ने 'पेऐप्ट वॉलेट' का भी शुभारंभ किया जो मोबाइल भुगतान जरूरतों को पूरा करने के लिए एक स्थान पर समग्र भुगतान समाधान है.

आपके बैंक ने खुदरा निवेशकों के लिए एटीएम के माध्यम से जी-सेक निवेश सुविधा का शुभारंभ किया. यह एक अनोखी और अपने किस्म की पहली सेवा है जो खुदरा निवेशकों को सरकारी प्रतिभूतियों में निवेश करने के लिए आसान पहुंच प्रदान करती है. यह देश में सरकारी प्रतिभूतियों की खुदरा धारिता को व्यापक आधार देने तथा विस्तारित करने और इस प्रकार से ऋण बाजार को गहन करने के भारत सरकार तथा भारतीय रिज़र्व बैंक के प्रयासों के अनुरूप है. यह सुविधा, जो बैंक के समृद्धि जी-सेक पोर्टल का विस्तार है, ग्राहकों को एटीएम के प्रयोग से सरकारी प्रतिभूतियों में आसान, सुविधाजनक, पारदर्शी तथा लागत प्रभावी तरीके से लेन-देन करने की सुविधा प्रदान करती है.

साइबर अपराधों की बढ़ती घटनाओं को देखते हुए और ऐसे अपराधों से ग्राहकों को संरक्षित करने के लिए आपका बैंक ग्राहकों द्वारा वैकल्पिक चैनलों का प्रयोग करते समय सुरक्षित तथा संरक्षित परिवेश सुनिश्चित करने के लिए 128-बिट इन्क्रिप्शन लेवल, फायर वाल्स, ट्रिपल डीईएस ईएमवी चिप्स आदि के रूप में सुरक्षा विशेषताओं सहित अत्यधिक परिष्कृत प्रौद्योगिकी का प्रयोग करता है. इस दिशा में एक उल्लेखनीय पहल आपके बैंक का डेबिट कार्ड कंट्रोल मोबाइल ऐप अर्थात् अभय ऐप है जिसे वर्ष के दौरान शुरू किया गया. अभय ऐप बैंकिंग जगत में अपनी किस्म का पहला है और ग्राहकों को अपने स्मार्टफोन का प्रयोग करते हुए डेबिट कार्ड का प्रबंध करने की सुविधा प्रदान करता है जिससे डेबिट कार्ड के दुरुपयोग की गुंजाइश बहुत कम हो जाती है. अभय ऐप को एंटरप्राइज

मोबिलिटी श्रेणी के अंतर्गत स्कॉच ऑर्डर-ऑफ-मेरिट, नेटऐप इनोवेशन अवॉर्ड तथा प्रौद्योगिकी विकास श्रेणी के अंतर्गत एडफिएप अवॉर्ड 2016 प्राप्त हुए हैं.

कार्ड उत्पाद

आपके बैंक के कार्ड पोर्टफोलियो में विभिन्न प्रकार के डेबिट-सह-एटीएम कार्ड, क्रेडिट कार्ड तथा प्री-पेड कार्ड शामिल हैं जो ग्राहकों की विभिन्न लेन-देन जरूरतों को पूरा करने के लिए तैयार किए गए हैं. डेबिट-सह-एटीएम कार्ड में क्लासिक डेबिट कार्ड, गोल्ड डेबिट कार्ड, प्लेटिनम डेबिट कार्ड, सिग्नेचर डेबिट कार्ड, किड्स डेबिट कार्ड, बीइंग मी डेबिट कार्ड तथा वुमन्स डेबिट कार्ड शामिल हैं. इनमें से प्रत्येक लक्ष्य खंडों की वित्तीय जरूरतों को ध्यान में रखते हुए इन कार्डों में विभिन्न विशेषताएं शामिल की गई हैं. आपके बैंक के डेबिट-सह-एटीएम कार्डों का इस्तेमाल भारत तथा विदेश में पैसा निकालने के लिए किया जा सकता है. भारत में 9 लाख से अधिक व्यापारिक प्रतिष्ठानों तथा दुनियाभर में लगभग 3 करोड़ व्यापारिक प्रतिष्ठानों में शॉपिंग के लिए भी इनका इस्तेमाल किया जा सकता है. अपने ग्राहकों को अतिरिक्त सुविधाएं प्रदान करने के लिए आपके बैंक ने वर्ष के दौरान कांटैक्टलेस डेबिट कार्डों का भी शुभारंभ किया जो कार्ड धारक को एक कांटैक्टलेस समर्थित रीडर पर अपने कांटैक्टलेस कार्ड को सिर्फ टैप कर लेन-देन करने हेतु समर्थ बनाता है.

आपका बैंक वर्तमान में 4 प्रकार के क्रेडिट कार्ड उत्पाद अर्थात् रॉयल सिग्नेचर क्रेडिट कार्ड, यूफोरिया वर्ल्ड क्रेडिट कार्ड, इंपीरियम प्लैटिनम क्रेडिट कार्ड, एस्पायर प्लैटिनम क्रेडिट कार्ड ऑफर करता है. इनमें से यूफोरिया तथा इंपीरियम कार्ड आपके बैंक के स्थापना दिवस 1 अक्तूबर 2015 को आरंभ किए गए.

आपके बैंक द्वारा ऑफर किए जाने वाले प्रीपेड कार्डों में गिफ्ट कार्ड, कैश कार्ड तथा वर्ल्ड करेंसी कार्ड/ ग्लोबल करेंसी कार्ड शामिल हैं. ये प्रीपेड कार्ड सुविधाएं प्रदान करने के अलावा ग्राहकों की यात्रा तथा उपहार अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए तैयार किए गए हैं.

व्यापार अधिग्रहण कारोबार

आपके बैंक के व्यापार अधिग्रहण कारोबार ने बैंक को भुगतान कार्ड लेन-देन प्राप्त करने और व्यापारियों के साथ बैंकिंग संबंध विकसित करने की सुविधा प्रदान की है. व्यापारिक प्रतिष्ठान, जो आपके बैंक के मूल्यवान ग्राहक हैं, वीजा, वीजा इलेक्ट्रॉन, मास्टर कार्ड, माईस्ट्रो तथा रुपे ब्रांडों के अंतर्गत जारी किए गए सभी क्रेडिट तथा डेबिट कार्डों को स्वीकार कर सकते हैं. आपके बैंक के बिक्री केंद्र (पीओएस) टर्मिनल भी अमेरिकन एक्सप्रेस कार्ड स्वीकार करने की क्षमता रखते हैं.

पेमेंट गेटवे सुविधा

आपका बैंक अपने पेमेंट गेटवे उत्पाद 'ईजी2पे' के जरिए इंटरनेट पर कार्ड स्वीकृति समाधान प्रदान करता है. कार्ड आधारित पेमेंट गेटवे 128-बिट सिक्योर सॉकेट लेयर (एसएसएल) डेटा इनक्रिप्शन मानक का इस्तेमाल करता है. सभी लेन-देन मर्चेन्ट प्लगिन (एमपीआई) के माध्यम से पुनः सुरक्षित किए जाते हैं और वीजा द्वारा सत्यापित (वीबीवी) तथा मास्टर सुरक्षित अधिप्रमाणन के लिए प्रेषित किए जाते हैं. ईजी2पे वेबसाइट सुरक्षा के लिए एक अग्रणी प्रमाणन प्राधिकरण वेरीसाइन आईएनसी द्वारा प्रमाणित है.

अन्य पक्ष उत्पाद (टीपीडी) तथा पूंजी बाजार उत्पाद

अपने ग्राहकों को मूल्य-योजित सेवाएं प्रदान करने के प्रयास के रूप में आपका बैंक उनके जोखिम प्रोफाइल तथा वित्तीय लक्ष्यों को ध्यान में रखते हुए विभिन्न प्रकार के अन्य पक्ष उत्पाद ऑफर करता है.

वर्ष के दौरान भारतीय रिज़र्व बैंक ने भारत सरकार की ओर से सॉवरिन गोल्ड बांड स्कीम 2015-16 जारी की जिसके अंतर्गत आपके बैंक ने लगभग ₹ 8.0 करोड़ की निधियां जुटाई हैं. वृद्धावस्था में सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित करने में पेंशन की महत्ता को समझते हुए आपके बैंक ने अपने ग्राहकों के संबंध में राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस) में अभिदान का तत्परतापूर्वक समर्थन किया और ई-एनपीएस के माध्यम से ऑनलाइन पंजीकरण तथा अभिदान जैसे समर्थकारकों को कार्यान्वित किया है. आपके बैंक को दिसंबर 2015 में नेशनल सिक्युरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड (एनएसडीएल) द्वारा सरकारी बैंक श्रेणी के अंतर्गत खोले गए डीमैट खाते में स्टार परफॉर्मेंस अवार्ड 2015 से सम्मानित किया गया.

वित्तीय समावेशन

आपका बैंक समाज के सर्वाधिक निर्बल वर्ग के लोगों को सस्ती लागत पर निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से उपयुक्त वित्तीय उत्पादों और सेवाओं की पहुँच सुनिश्चित कर वित्तीय समावेशन के उद्देश्यों को प्रोत्साहन देने में नीति-निर्माताओं की भागीदारी में तत्पर रहा है. आपका बैंक चार प्रमुख क्षेत्रों अर्थात् बैंकिंग इन्फ्रास्ट्रक्चर को विस्तारित करने, उपयुक्त वित्तीय उत्पाद ऑफर करने, प्रौद्योगिकी का गहन उपयोग करने तथा वित्तीय साक्षरता को बढ़ाने पर जोर के साथ वित्तीय समावेशन के कार्यक्रम को सक्रिय रूप से बढ़ावा दे रहा है.

प्रधान मंत्री जन धन योजना (पीएमजेडीवाई) तथा सामाजिक सुरक्षा योजनाएं

यथा 31 मार्च 2016 को आपके बैंक ने रुपे एटीएम-सह-डेबिट कार्ड तथा ओवरड्राफ्ट की सुविधा के साथ पीएमजेडीवाई के अंतर्गत 10 लाख से अधिक खाते खोले हैं. आपके बैंक ने भारत सरकार की सामाजिक सुरक्षा योजनाओं अर्थात् दुर्घटना बीमा सुरक्षा के लिए प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना (पीएमएसबीवाई), जीवन बीमा सुरक्षा के लिए प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना (पीएमजेजेबीवाई) तथा वृद्धावस्था पेंशन के लिए अटल पेंशन योजना (एपीवाई) में सक्रिय रूप से भागीदारी की है. यथा 31 मार्च 2016 को आपके बैंक ने पीएमएसबीवाई के अंतर्गत 9 लाख से अधिक बैंक खाता धारकों तथा पीएमजेजेबीवाई के अंतर्गत 4.5 लाख से अधिक बैंक खाता धारकों को नामांकित किया है. आपके बैंक ने अटल पेंशन योजना के अंतर्गत 35,000 से अधिक बैंक खाताधारकों को नामांकित किया है.

कारोबार प्रतिनिधि (बीसी)/ कारोबार सुलभकर्ता (बीएफ)

आपके बैंक ने विशेष रूप से ग्रामीण तथा अर्ध-शहरी क्षेत्रों में अपनी पहुँच को बढ़ाने के प्रयास में कारोबार प्रतिनिधि (बीसी)/ कारोबार सुलभकर्ता (बीएफ) के अपने नेटवर्क का उपयोग किया है ताकि अधिक वित्तीय

समावेशन सुनिश्चित किया जा सके और साथ ही प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र उधार (पीएसएल) कारोबार को अतिरिक्त बल प्रदान किया जा सके. बीसी (जिन्हें बैंक मित्र भी कहा गया है) के माध्यम से भुगतान की सुविधा प्रदान करने के लिए उन्हें हैंड-हेल्ड डिवाइस उपलब्ध कराए गए हैं जिनमें रुपे कार्ड स्वीकार करने तथा आधार-आधारित लेन-देन करने की सुविधा दी गई है. यथा 31 मार्च 2016 को आपके बैंक के पास 1,300 से अधिक वैयक्तिक कारोबार प्रतिनिधियों/ कारोबार सुलभकर्ताओं का नेटवर्क है जिन्होंने सामूहिक रूप से ₹ 1,100 करोड़ से अधिक का कारोबार किया है. इसके अतिरिक्त, कारोबार प्रतिनिधियों/ कारोबार सुलभकर्ताओं के कौशल सेट को बढ़ाने और उन्हें आत्मविश्वासपूर्ण, आत्मनिर्भर तथा अर्थक्षम बनाने के लिए आपके बैंक ने देशभर में विभिन्न स्थानों पर 1,300 से अधिक कारोबार प्रतिनिधियों/ कारोबार सुलभकर्ताओं के लिए गहन प्रशिक्षण सत्रों/ कार्यशालाओं का आयोजन किया. इसके अलावा, आपके बैंक ने कारोबार प्रतिनिधियों/ कारोबार सुलभकर्ताओं को बैंकिंग लेन-देन करने के लिए उनमें प्रौद्योगिकी प्लेटफॉर्म पर कार्य करने हेतु तकनीकी कौशल विकसित करने हेतु कार्य पर प्रशिक्षण भी प्रदान किया है.

वित्तीय साक्षरता

वित्तीय साक्षरता को प्रभावी वित्तीय समावेशन और लाभार्थियों को उपलब्ध वित्तीय सेवाओं का सर्वोत्तम उपयोग करने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री जन धन योजना (पीएमजेडीवाई) के एक महत्वपूर्ण भाग की पूर्वापेक्षा के रूप में निर्धारित किया गया है. आपके बैंक ने अपनी ग्रामीण शाखाओं में 'वित्तीय साक्षरता जानकारी केंद्र' नामक डेस्क स्थापित किए हैं जो विभिन्न बैंकिंग उत्पादों तथा सरकारी सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के बारे में शाखा से बाहर साक्षरता कैम्प आयोजित कर आम लोगों के बीच जागरूकता फैलाने का कार्य करते हैं. वर्ष के दौरान आपके बैंक की ग्रामीण शाखाओं ने ऐसे 900 से अधिक बाह्य साक्षरता कैम्पों का आयोजन किया. विवेकपूर्ण वित्तीय प्रबंधन की महत्ता के बारे में बच्चों को शिक्षित करने की आवश्यकता महसूस करते हुए आपके बैंक ने महाराष्ट्र, गुजरात तथा मध्य प्रदेश के 100 से अधिक स्कूलों में उच्चतर माध्यमिक विद्यार्थियों के लिए भी वित्तीय साक्षरता कैम्पों का आयोजन किया. आपके बैंक का महाराष्ट्र के सातारा जिले में स्थित आईडीबीआई ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आईडीबीआई-आरएसईटीआई) भी ग्रामीण बेरोजगार युवाओं के लिए रोजगारोन्मुखी निःशुल्क आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करता है ताकि वे स्व-रोजगार हेतु सक्षम हो सकें. इस संस्थान को ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा 'ए' ग्रेड से पुरस्कृत किया गया है. वर्ष के दौरान आईडीबीआई-आरएसईटीआई ने 28 प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए तथा 793 उम्मीदवारों को प्रशिक्षित किया.

अन्य पहल-कार्य

आपका बैंक आधार नामांकन के लिए भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) के पास पंजीकृत है. आपके बैंक ने अब तक 14 राज्यों के 43 लाख से अधिक निवासियों का नामांकन किया है. आपका बैंक केंद्र/ राज्य सरकारों की प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) योजना में सक्रिय रूप से भागीदार रहा है. इसके अतिरिक्त, आपके बैंक ने बीसी चैनल के माध्यम से रायपुर तथा छत्तीसगढ़ में 24,000 से अधिक वृद्धावस्था पेंशनभोगियों को सामाजिक सुरक्षा पेंशन का वितरण तथा छत्तीसगढ़ के 3 जिलों की 190 से अधिक ग्राम पंचायतों में मनरेगा मजदूरी का वितरण करना जारी रखा. यथा 31 मार्च 2016 को आपके बैंक द्वारा लगभग 23,000 लाभार्थी खाते खोले गए.

वित्तीय समावेशन के लिए पुरस्कार

आपके बैंक को उसके वित्तीय समावेशन पहल-कार्यों के लिए विभिन्न संस्थाओं से पुरस्कार तथा सम्मान प्राप्त हुए. इनमें एलेट्स नॉलेज एक्सचेंज अवार्ड, लोकमत बीएफएसआई (बैंकिंग, वित्तीय सेवाएं तथा बीमा) अवार्ड्स, एलेट्स फाइनेंशियल इनक्लूशन एंड पेमेंट सिस्टम्स (एफआईपीएस) अवार्ड, वित्तीय समावेशन के लिए एसोचैम अवार्ड 2016 तथा नवोन्मेषी प्रौद्योगिकी के लिए बैंकिंग फ्रंटियर के फिन्नोविटी अवार्ड 2016 शामिल हैं.

प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र बैंकिंग

आपका बैंक प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र उधार (पीएसएल) में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है और इसने भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा 31 मार्च 2016 के लिए पीएसएल के अंतर्गत निर्धारित विनियामक लक्ष्य प्राप्त कर लिए हैं. पीएसएल के लिए विनियामक दिशानिर्देशों में हुए हाल में हुए परिवर्तनों को ध्यान में रखते हुए, आपके बैंक ने वित्तीय वर्ष के दौरान लघु एवं सीमांत किसानों (एसएफएमएफ) तथा सूक्ष्म उद्यमों के वित्तपोषण पर विशेष ध्यान दिया है. कृषि क्षेत्र को उधार को बढ़ावा देने के लिए आपके बैंक ने लघु एवं सीमांत किसानों को निधीयन सहायता के लिए कृषि मशीनरी/ उपकरणों के मूल उपकरण निर्माताओं, सौर प्रणाली इंटीग्रेटरों, गैर-सरकारी संगठनों के साथ रणनीतिक गठ-जोड़ किया है. इसी प्रकार, आपके बैंक ने सूक्ष्म उद्यमों को उधार देने के हिस्से के रूप में वाहन खरीद के वित्तपोषण के लिए विभिन्न वाहन निर्माता कंपनियों तथा ऑपरेटरों के साथ सहमति पत्र पर हस्ताक्षर किए हैं. आपके बैंक ने प्रधानमंत्री मुद्रा योजना (पीएमएमवाई) के अंतर्गत वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए भारत सरकार की योजना के अनुसार पीएसएल के अंतर्गत 2 प्रमुख उत्पाद अर्थात् आईडीबीआई मुद्रा ऋण तथा आईडीबीआई बुनकर मुद्रा योजना (आईबीएमवाई) भी शुरू किए हैं. आपके बैंक ने पीएमएमवाई योजना के अंतर्गत भारत सरकार द्वारा निर्धारित ₹ 1,300 करोड़ के लक्ष्य को पार करते हुए ₹ 1,600 करोड़ से अधिक की राशि संवितरित की है. आपके बैंक ने कमजोर वर्गों, अजा/ अजजा और महिला श्रेणियों से संबंधित 6 लाख से अधिक नए उधार खाते खोले हैं.

पीएसएल के अंतर्गत प्रमुख पहल-कार्य तथा अभियान

- आपके बैंक ने मुख्यतः लघु एवं सीमांत किसानों, सूक्ष्म उद्यमों तथा कमजोर वर्गों से पीएसएल कारोबार प्राप्त करने के लिए अपने नेटवर्क को बढ़ाने के लिए कॉरपोरेटों को बीसी/बीएफ के रूप में नियुक्त किया है.
- आपके बैंक ने अपने एक बीसी के साथ व्यवस्था के तहत वाराणसी तथा लखनऊ में ई-रिक्शा तथा साइकल रिक्शा का निधियन किया है. इस व्यवस्था के तहत मंजूरी पत्रों तथा रिक्शों के वितरण के लिए माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की गरिमामय उपस्थिति में 18 सितंबर 2015 तथा 22 जनवरी 2016 को क्रमशः वाराणसी तथा लखनऊ में कार्यक्रमों का आयोजन किया गया. आपके बैंक ने 5 अप्रैल 2016 को नोएडा में माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र

मोदी द्वारा स्टैंड अप इंडिया योजना के शुभारंभ कार्यक्रम में भी सहभागिता की. यह योजना 14 अप्रैल 2016 को डॉ. बी. आर. आंबेडकर की 125वीं जयंती के अवसर पर एमडी एवं सीईओ द्वारा आपके बैंक के सभी केन्द्रों में शुरू की गई.

- आपका बैंक हाइड्रोफोनिक परियोजनाओं के वित्तपोषण द्वारा नवोन्मेषी उच्च प्रौद्योगिकीय कृषि उत्पादन पद्धतियों को प्रोत्साहित करता है तथा उनमें सहायता प्रदान करता है. इसके तहत मिट्टी के बिना पानी में खनिज पोषक तत्वों के घोल का उपयोग करते हुए पौधे उगाए जाते हैं.
- समाज के अंतिम छोर तक अपनी सेवाएं उपलब्ध कराने के अनूठे उपाय के तौर पर किसानों तक अपनी गहरी पैठ बनाने के लिए आपके बैंक ने संपूर्ण भारत में 'किसान संगोष्ठियों' का आयोजन कर 23 दिसंबर 2015 को किसान दिवस मनाया. सभी राज्यों में 180 से अधिक किसान संगोष्ठियों का आयोजन किया गया तथा इस दिन विभिन्न गांवों के लगभग 15,000 किसानों ने भाग लिया.

इन पहल-कार्यों से आपके बैंक को गुणवत्तापूर्ण तथा टिकाऊ पीएसएल पोर्टफोलियो के निर्माण में सहायता मिली जिससे बैंक अपने सभी अंशधारकों की आकांक्षाओं को पूरा कर सकेगा.

कॉरपोरेट बैंकिंग

आपके बैंक के कॉरपोरेट ग्राहकों को तीन भिन्न वर्टिकलों अर्थात् कॉरपोरेट बैंकिंग समूह-I (सीबीजी-I), कॉरपोरेट बैंकिंग समूह-II (सीबीजी-II) तथा इन्फ्रास्ट्रक्चर कॉरपोरेट समूह (आईसीजी) के माध्यम से सेवाएं प्रदान की जाती हैं. सीबीजी-I (बृहत आकार के खातों के लिए) और सीबीजी-II (मध्यम आकार के खातों के लिए) पूरे भारत में 32 शाखाओं के माध्यम से इन्फ्रास्ट्रक्चर से भिन्न क्षेत्रों के कॉरपोरेट ग्राहकों की ₹ 5 करोड़ से अधिक की निधीयन अपेक्षाओं को पूरा करता है. आईसीजी भारत में 7 केन्द्रों पर रणनीतिक रूप से स्थित अपनी शाखाओं के माध्यम से बिजली, दूर संचार, बंदरगाह, सड़कों एवं पुलों, हवाई अड्डों, शहरी बुनियादी विकास आदि जैसे बुनियादी क्षेत्रों में कॉरपोरेट ग्राहकों को सेवाएं प्रदान करता है.

आपके बैंक के सीबीजी पोर्टफोलियो में अन्य के साथ-साथ वस्त्र, सीमेंट, इस्पात, इंजीनियरिंग, निर्माण, कागज एवं कागज उत्पाद, इलेक्ट्रॉनिक्स तथा इलेक्ट्रिकल उपकरण, चीनी, रसायन, ऑटोमोबाइल्स, एनबीएफसी जैसे विभिन्न क्षेत्रों को ऋण सहायता शामिल है. आपका बैंक भारत सरकार की प्रोद्योगिकी उन्नयन निधि योजना (टीयूएफएस) के तहत वस्त्र उद्योग (गैर एमएसएमई क्षेत्र) के लिए नोडल एजेंसी भी है. इस योजना के अंतर्गत एक नोडल बैंक के रूप में अखिल भारतीय स्तर पर अपने ग्राहकों से संबंधित मामलों की प्रोसेसिंग के अलावा आपके बैंक को अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों, राज्य वित्तीय निगमों, सहकारी बैंकों आदि सहित 61 प्रमुख ऋणदात्री संस्थाओं के साथ नोडल एजेंसी के रूप में सहयोगित भी किया गया. आपके बैंक ने चीनी मिलों को 'चीनी उपक्रमों को वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए योजना, 2014 तथा सुलभ ऋण 2015' के अंतर्गत ऋण भी प्रदान किया और तथा सब्सिडी संबंधी कार्रवाई भी की है.

आपका बैंक अपने कॉरपोरेट बैंकिंग पोर्टफोलियो के अंतर्गत, अन्य के साथ-साथ मीयादी ऋण, कार्यशील पूंजी (निधि आधारित तथा गैर-निधि आधारित दोनों), निर्यातकों को पैकिंग ऋण, प्राप्य की खरीद, बिल भुनाई, एनबीएफसी को उधार जैसे विभिन्न आस्ति-पक्ष उत्पाद ऑफर करता है. सीबीजी तथा आईसीजी भी कॉरपोरेट आदि के डीलरों/ वेंडरों के लिए चैनल वित्तपोषण तथा वेंडर वित्तपोषण जैसे उत्पाद ऑफर कर पीएसएल पर जोर देते हैं. कॉरपोरेट बैंकिंग टीम कॉरपोरेट ग्राहकों की विशिष्ट जरूरतें पूरी करने के लिए उपयुक्त उत्पाद विकसित करने और समाधान तैयार करने के लिए रिटेल बैंकिंग, ऋण समूहन, लेन-देन बैंकिंग, ट्रेजरी आदि क्षेत्रों में कार्यरत अन्य विशेषीकृत कारोबार टीमों के साथ कार्य करती है.

बुनियादी क्षेत्र के पोर्टफोलियो में शहरी इन्फ्रास्ट्रक्चर, लॉजिस्टिक्स आदि में कई परियोजनाओं के अलावा 65,000 मेगावॉट से अधिक कुल निर्माण क्षमता से युक्त बिजली परियोजनाएं, 57 करोड़ से अधिक ग्राहकों को सेवा प्रदान कर रहे दूर संचार सेवा प्रदाता, पूरे देश में 30 से अधिक राजमार्ग परियोजनाएं, 1 करोड़ से अधिक उपभोक्ताओं के आधार (मुंबई और दिल्ली सहित) को सेवाएं प्रदान करने वाली बिजली वितरण कंपनियां, मुंबई में मेट्रो रेलवे परियोजना, पश्चिमी तट पर बंदरगाह, निजी क्षेत्र द्वारा परिचालित देश के 2 बड़े हवाई अड्डे शामिल हैं.

आपका बैंक विभिन्न क्षेत्रों अर्थात् बुनियादी, विनिर्माण, नवीकरणीय ऊर्जा आदि के लिए परियोजना मूल्यांकन, ऋण समूहन, संरचना तथा सलाहकारी सेवाएं सक्रिय रूप से प्रदान कर रहा है तथा भारत में एक अग्रणी ऋण समूहनकर्ता के स्थान पर लगातार बना रहा है. वर्ष के दौरान, आपके बैंक को कुल ₹ 20,000 करोड़ से अधिक राशि के ऋण के मूल्यांकन तथा समूहन के लिए 30 से अधिक अधिदेश प्राप्त हुए जिनमें से 17 प्रस्ताव मंजूर किए गए. आपके बैंक ने वाणिज्यिक पत्र (सीपी) के लिए बैक-स्टॉप सुविधा तथा महाराष्ट्र सरकार की सौर पंप योजना के वित्तपोषण जैसे नवोन्मेषी संरचित उत्पाद सफलतापूर्वक विकसित किए हैं. वर्ष के दौरान, आपके बैंक ने सरकारी और निजी दोनों क्षेत्रों में विभिन्न बैंकों/ वित्तीय संस्थाओं (एफआई) के साथ कुछ अंतर-बैंक सहभागिता प्रमाणपत्र (आईबीपीसी) लेन-देन सफलतापूर्वक पूरे किए हैं.

आपके बैंक ने स्वच्छ प्रौद्योगिकियों पर आधारित हरित परियोजनाओं के निधीयन के लिए पहल करते हुए पर्यावरणीय बैंकिंग के क्षेत्र में भारतीय बैंकिंग क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभाई है. आपका बैंक हरित परियोजनाओं, जिनमें पवन ऊर्जा, सौर ऊर्जा, बायोमास, जल पुनर्चक्रण प्रणालियों आदि के लिए नवंबर 2015 में ग्रीन बांडों के माध्यम से 350 मिलियन यूएस डॉलर जुटाने वाला सरकारी क्षेत्र का पहला वाणिज्यिक बैंक है. बैंकिंग के क्षेत्र में अद्यतन गतिविधियों को शामिल करने के लिए आपके बैंक द्वारा प्रकाशित एक न्यूज लेटर अर्थात् आईडीबीआई कार्बन न्यूज़लेटर को मार्च 2016 में 55वें एबीसीआई अवार्ड में एसोसिएशन ऑफ बिजनेस कम्यूनिकेशन ऑफ इंडिया (एबीसीआई) से गोल्ड अवार्ड प्राप्त हुआ.

समष्टि-आर्थिक परिदृश्य और साथ ही क्षेत्र-विशिष्ट मुद्दों के फलस्वरूप वर्ष के दौरान बहुत कम नई परियोजनाएं आईं. इसके अलावा, मौजूदा कंपनियों की आय पर दबाव रहा. निर्माण उद्योग में तैयार स्टॉक की विपुलता, बिजली कंपनियों में ईंधन संबंधी मुद्दे, बिजली वितरण कंपनियों में चलनिधि बाधाएं जिससे बिजली का कम उठाव हुआ, यातायात में कम वृद्धि, चुंगी के संग्रहण संबंधी मुद्दे आदि ने बुनियादी परियोजनाओं की स्थिति को बदतर किया. कॉरपोरेट पोर्टफोलियो से उत्पन्न होने वाले जोखिमों को कम करने के लिए आपके बैंक ने संकेन्द्रण जोखिम से बचने

और अपने कॉरपोरेट ग्राहकों से अधिक गैर-निधि आधारित कारोबार/ शुल्क-आधारित आय प्राप्त करने के लिए अपने पोर्टफोलियो संमिश्र को रणनीतिक रूप से सुव्यवस्थित करना जारी रखा. कारोबार बढ़ाने के अलावा, अर्थव्यवस्था में दबाव के कारण कठिनाइयों का सामना करने वाले खातों पर विशेष ध्यान दिया गया और कंपनियों को दबाव से निकलने में समर्थ बनाने के लिए एसडीआर, 5/25 योजना के माध्यम से वित्तपोषण आदि जैसे विभिन्न सुधारात्मक उपाय किए गए.

आस्ति गुणवत्ता

आपके बैंक ने ऋण जोखिम मूल्यांकन के लिए सुदृढ़ प्रक्रिया को अपनाया है तथा अपने आस्ति पोर्टफोलियो की निगरानी के लिए एक सुव्यवस्थित नीति तैयार की है. दबाव वाले खातों के बारे में सुधारात्मक कार्य योजना के साथ गहन निगरानी तथा सुधार के लिए कार्रवाई की जाती है. आपका बैंक अनर्जक और साथ ही विवेकपूर्ण रूप से बट्टे खाते में डाली गई आस्तियों की वसूली के लिए एक गहन प्रक्रिया भी अपनाता रहा है.

यथा 31 मार्च 2016 को आपके बैंक को ऋण आस्तियों में 89.02% मानक, 4.34% अवमानक, 6.35% संदिग्ध और 0.29% हानि आस्तियां थीं. विनियामकीय मानकों के अनुसार पर्याप्त रूप से प्रावधानीकरण किए गए. अनर्जक आस्तियों की बढ़ोतरी में अधिकांश वे आस्तियां शामिल हैं जिनको रिज़र्व बैंक द्वारा आस्ति गुणवत्ता समीक्षा के अंतर्गत अनर्जक आस्ति के रूप में वर्गीकृत किया गया है. आपके बैंक ने रिज़र्व बैंक द्वारा आस्ति गुणवत्ता समीक्षा के अंतर्गत अनर्जक आस्ति के रूप में निर्धारित सभी आस्तियों का वर्गीकरण कर दिया है तथा सभी अभिनिर्धारित मामलों के लिए आस्ति गुणवत्ता समीक्षा के अनुसार प्रावधान किए हैं.

आपका बैंक अनर्जक आस्तियों तथा साथ ही विवेकपूर्ण रूप से बट्टे खाते में डाली गई आस्तियों की शीघ्र वसूली के लिए विधिक प्रक्रियाओं, सरफेसी कार्रवाइयों, एकबारीय निपटान/बातचीत से तय निपटानों तथा साथ ही जोरदार वसूली कार्रवाइयों के माध्यम से सक्रिय रूप से प्रयास करता रहा है. आपका बैंक चूककर्ता उधारकर्ताओं के विरुद्ध एक ही समय में सरफेसी और ऋण वसूली न्यायाधिकरण (डीआरटी) के अंतर्गत कार्रवाइयों सहित समयबद्ध वसूली कार्रवाई करता है. वसूली प्रक्रिया की कई स्तरों पर संरचना और निगरानी की जाती है. डीआरटी के माध्यम से गारंटीकर्ताओं की संपत्ति को कुर्की करने के लिए संगठित और संकेंद्रित प्रयास भी किए गए हैं. आपके बैंक ने जहां कहीं भी अपेक्षित होने पर चूककर्ता उधारकर्ताओं के नाम/फोटोग्राफ समाचार पत्रों में प्रकाशित कर, उनके इरादतन चूककर्ता होने की घोषणा कर, दिवालियेपन/समापन की याचिका दायर कर, सिविल गिरफ्तारी के लिए आवेदन पत्र दायर कर आदि के माध्यम से समाधान के लिए जोरदार वसूली कार्रवाई भी की है. आपके बैंक ने आस्ति पुनर्निर्माण कंपनियों को कुछ दबावग्रस्त आस्तियां भी बेची हैं. आपके बैंक ने कृषि क्षेत्र, मझौले और लघु उद्योगों में तथा विवेकपूर्ण रूप से बट्टे खाते में डाले गए ₹ 10 करोड़ तक के ऋणों के निपटान के लिए विशेष वसूली अभियान का शुभारंभ किया.

व्यापार वित्त

आपके बैंक ने करीब 60 श्रेणी बी प्राधिकृत डीलर व्यापार वित्त (टीएफ) केन्द्रों और 65 से भी अधिक रिटेल शाखाओं के माध्यम से संचालित व्यापार वित्त कारोबार में प्रभावशाली वृद्धि दर्शाना जारी रखा.

आपके बैंक ने एक ऑनलाइन नवोन्मेषी सुविधा, अर्थात् 'आईडीबीआई ई ट्रेड' की शुरुआत की जो ग्राहकों को अपने डेस्क/ कार्यालय/ घर से बैठे-बैठे आराम से झंझट मुक्त होकर व्यापार वित्त उत्पादों और सेवाओं के लिए आवेदन करने की सुविधा प्रदान करती है. रिज़र्व बैंक द्वारा नामित किए जाने पर आपके बैंक ने एक समर्पित ईरानी व्यापार कक्ष की स्थापना की है तथा यह भारत और ईरान के बीच गैर-तेल भारतीय रुपया व्यापार निपटान के लिए एकमात्र बैंक है.

निर्यात ऋण कारोबार में तेजी लाने के उद्देश्य से आपके बैंक ने भारतीय निर्यात संगठन परिसंघ (एफआईईओ) और स्थानीय वाणिज्य मंडलों के सहयोग से मुख्य केन्द्रों पर निर्यातक सम्मेलनों का आयोजन किया. वर्ष के दौरान, आपके बैंक ने 40 प्रमुख विदेशी बैंकों के साथ मिलकर रिलेशनशिप मैनेजमेंट एप्लिकेशन (आरएमए) की स्थापना की जिससे इसकी संख्या बढ़कर 1,340 से भी अधिक हो गई. इस बढ़े हुए नेटवर्क के कारण आपका बैंक दुनिया भर में मुख्य भौगोलिक स्थानों पर द्विपक्षीय व्यापार लेन-देन की सुविधा प्रदान करता है. दि बैंक ऑफ न्यूयॉर्क मेलॉन और सिटीबैंक ने आपके बैंक की बेहतर परिचालनगत क्षमता को सम्मानित करने के लिए स्ट्रेट थ्रू प्रोसेसिंग अवार्ड प्रदान किया है.

सरकारी कारोबार

आपका बैंक केंद्र सरकार तथा साथ ही राज्य सरकारों से प्राप्त राशियों और उनके भुगतानों का प्रबंध करने के लिए एजेंट का कार्य करता है. आयकर, टीडीएस, निगम कर, उत्पाद शुल्क, सेवा कर और सीमा शुल्क भुगतानों सहित केंद्र सरकार के करों को संग्रहित करने के लिए प्राधिकृत किए जाने के अतिरिक्त, आपके बैंक को रेलवे भाड़ा प्रभारों, वाणिज्यिक कर और 19 राज्य सरकारों तथा 3 केंद्र शासित प्रदेशों के लिए अन्य सरकारी प्राप्तियों की इलेक्ट्रॉनिक वसूली का अधिकार भी प्राप्त है. वर्ष के दौरान आपके बैंक ने केंद्र तथा राज्य सरकारों की ओर से विभिन्न करों और शुल्क भुगतानों के रूप में ₹ 2.55 लाख करोड़ से भी अधिक संग्रहित किए हैं. अपने सर्वोत्तम तकनीकी प्लेटफॉर्म को बढ़ावा देते हुए आपका बैंक अन्य बातों के साथ-साथ कर भुगतानों के लिए 24x7 की इंटरनेट बैंकिंग की सुविधा प्रदान करता है.

आपका बैंक अखिल भारतीय स्तर पर अपनी प्राधिकृत शाखाओं के माध्यम से जनता की सार्वजनिक भविष्य निधि (पीपीएफ), वरिष्ठ नागरिकों के लिए बचत योजना और सुकन्या समृद्धि खातों को स्वीकार करने और संचालित करने के लिए भारत सरकार द्वारा मान्यताप्राप्त है. आपके बैंक ने भारत सरकार द्वारा आरंभ की गई 'जीवन प्रमाण योजना' के अंतर्गत पेंशनरों द्वारा अपने 'डिजिटल जीवन प्रमाणपत्र' को लॉग इन करने और जमा करने के लिए सिविल, केंद्र, रेलवे और रक्षा क्षेत्र के पेंशनरों के लिए जीवन प्रमाण संबंधी आधार-आधारित प्रमाणन सुविधा भी प्रदान की है.

नकदी प्रबंधन सेवाएं

आपके बैंक की नकदी प्रबंधन सेवा (सीएमएस) विशेषीकृत सॉफ्टवेयर (संग्रहण और भुगतान दोनों के लिए) का नियंत्रित तरीके से उपयोग करते हुए कॉरपोरेट ग्राहकों के निधि संचलन, भुगतानों एवं प्राप्य राशि प्रणालियों पर निगरानी रखने और कॉरपोरेट ग्राहकों की सम्पूर्ण चलनिधि स्थिति के प्रबंधन का कार्य करती है. इससे ऋण के दिन पर व्यवस्था,

मूल्य-निर्धारण, प्रबंध सूचना प्रणाली (एमआईएस), प्रतिनिधि बैंक चेक के लिए प्रोसेसिंग, ग्राहक लाइन और ऐसे कई मानदंडों को नियंत्रित करने में मदद मिलती है.

आपका बैंक कर्ज चुकौती उत्पादों, वर्चुअल खाता प्रणाली, प्रत्यक्ष नामे सुविधा, वेंडर प्रबंधन प्रणाली, स्वचालित समाशोधन गृह जमा एवं नामे सेवा आदि जैसी संग्रहण और भुगतान उत्पाद सुविधाएं प्रदान करता है. ये सभी उत्पाद ग्राहक सिस्टम के साथ आधुनिकतम तकनीकी एकीकरण पर आधारित हैं और विकसित बाजार-प्रवृत्ति के अनुरूप हैं.

आपके बैंक को भारतीय रेल के ई-फ्रेट भुगतान सिस्टम के लिए इसके ग्राहकों को रेल के दस अंचलों में सेवा प्रदान करने हेतु और साथ ही स्टेशनों पर उपार्जन के संग्रहण और कुछ रेल अंचलों में भुगतान के लिए भी प्राधिकृत किया गया है. आपके बैंक को वर्ष के दौरान सार्वजनिक क्षेत्र की बड़ी सरकारी संस्थाओं (पीएसयू) और कॉरपोरेट से लाभांश वितरण के लिए अधिदेश प्राप्त होते रहे तथा इस क्षेत्र में इसने अपनी महत्त्वपूर्ण उपस्थिति जारी रखी.

ट्रेजरी परिचालन

आपके बैंक के कॉरपोरेट सेंटर में एकीकृत ट्रेजरी है जिसमें निधियों के बेहतर प्रबंधन तथा ट्रेजरी परिचालन के लिए मुद्रा बाजार, नियत आय, विदेशी मुद्रा-विनिमय, डेरिवेटिव और इक्विटी क्रय-विक्रय परिचालनों से संबंधित कार्य किए जाते हैं. ट्रेजरी नकदी रिज़र्व अनुपात (सीआरआर) और सांविधिक चलनिधि अनुपात (एसएलआर) संबंधी विनियामकीय अनुपालन का प्रबंधन करते समय ग्राहक को बाजार उत्पादों में लेन-देन, संसाधन जुटाने, विभिन्न बाजार खंडों में व्यापार और बाजार निर्माण के कार्य में सुगमता प्रदान करता है. आपके बैंक के ग्राहकों को गुणवत्तापूर्ण समाधान देने तथा सक्षम कारोबार परिचालन के लिए ट्रेजरी विभाग अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी से युक्त है.

जमाराशियों के संग्रहण के अतिरिक्त, आपके बैंक ने तुलन पत्र में वृद्धि और देयताओं की परिपक्वता के भुगतान हेतु चलनिधि का प्रबंध करने के लिए जमा प्रमाणपत्र, अंतर बैंक उधार राशियां, बांडों के निर्गम, विभिन्न स्रोतों से पुनर्वित्त और विदेशी मुद्रा उधार राशियों सहित विभिन्न लिखतों का प्रयोग किया. विभिन्न अल्पावधि/ मुद्रा बाजार लिखतों के माध्यम से निधि तथा बाजार की स्थिति के आधार पर चलनिधि का उपयुक्त स्तर पर प्रबंध किया गया. आपका बैंक विविध बाज़ारों के रुख पर भी लगातार नजर रखता है तथा व्यापार लाभ के लिए स्थितियों के स्वीकार्य स्तर को अपनाता है.

रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार, आपके बैंक ने वर्ष के दौरान चलनिधि कवरेज अनुपात (एलसीआर), चलनिधि जोखिम निगरानी टूल्स और उन्नत चलनिधि जोखिम प्रबंधन के लिए एलसीआर प्रकटन मानकों को शामिल करते हुए चलनिधि मानकों के लिए बासेल III रूपरेखा को कार्यान्वित किया है.

आपके बैंक की ट्रेजरी की 11 केंद्रों पर मौजूद सेल्स टीम है जो विदेशी मुद्रा- विनिमय और डेरिवेटिव उत्पादों की प्रभावी मार्केटिंग करती है. यह टीम आपके बैंक के कॉरपोरेट ग्राहकों से नियमित रूप से संपर्क करती है और मुद्राओं तथा दरों में उनके एक्सपोजर का प्रभावी तरीके से प्रबंधन करने के लिए तत्परतापूर्वक उनको समाधान देती है. रिज़र्व बैंक द्वारा अनुमत किए अनुसार वर्ष के दौरान, आपके बैंक ने विदेशी मुद्रा विनियम, विकल्पों और स्वैपों के संमिश्र के माध्यम से विदेशी मुद्रा विनिमय दर और ब्याज दर जोखिम से ग्राहकों के बचाव के लिए उनको प्रतिस्पर्धी दरों पर विभिन्न प्रकार के मानक और ग्राहकोनुकूल समाधान प्रदान किए.

परिचालनगत जोखिम प्रबंधन के भाग के रूप में, आपके बैंक ने वर्ष के दौरान बीकेसी, मुंबई में अत्याधुनिक ट्रेजरी कारोबार निरंतरता केंद्र खोला. बीसीपी साइट कारोबार अवरुद्ध होने के मामले में, बैंक के मुख्य ट्रेजरी डीलिंग केंद्र के नज़दीकी केंद्र के लिए विकल्प के रूप में कार्य करता है. यह केंद्र विभिन्न बाजार खंडों एकीकृत परिचालनों के साथ सम्बद्धता और अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी से सुसज्जित है तथा सदैव निर्बाध ट्रेजरी सेवाएं सुनिश्चित करने के लिए ट्रेजरी के फ्रंट ऑफिस, बैक ऑफिस और मिड-ऑफिस के कार्य का संचालन कर सकता है.

इसके अलावा, आपके बैंक ने सामान्यतः नियत आय उत्पादों तथा विशेष रूप से सरकारी प्रतिभूतियों की बिक्री के लिए विभिन्न केंद्रों पर ऋण विक्रय टीमों का गठन किया है. यह टीम विशेष रूप से स्क्रीन आधारित एनडीएस-ओएम मार्केट से बाहर के लेन-देन करने हेतु निवेशकों की आवश्यकताएं पूरी करती है.

आपका बैंक ट्रेजरी नवोन्मेषी वित्तीय समाधानों को आरंभ करने में अग्रणी रहा जो बाजार विकास में परोक्ष रूप से योगदान कर रहे हैं. निवेशकों को उनके खरीदे गए स्टॉक पर प्रतिदिन मार्क-टू-मार्केट (एमटीएम) स्थिति उपलब्ध कराने हेतु 'आईडीबीआई समृद्धि जी-सेक पोर्टल' को भी पुनर्निर्मित किया गया है.

कॉरपोरेट बांडों में रेपो के विकास हेतु विभिन्न बाजार सहभागियों के साथ वैश्विक प्रधान पुनर्खरीद करार (जीएमआरए) करने में आपके बैंक का अग्रणी स्थान बना रहा.

वर्ष के दौरान बाह्य कारकों के सामने घरेलू बाजार में लचीलापन देखने को मिला तथा मजबूत घरेलू आधारभूत रुझानों के चलते बाहरी दबावों के समक्ष सामान्य उतार-चढ़ाव और अधिक स्थिरता देखने को मिली. निवेश के लिए पसंदीदा देश के रूप में भारत के उभरने और भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा अपनाई गई उदार मौद्रिक नीति के कारण पूरे वर्ष के अधिकांश समय में बाजार एकतरफा रहा. इस धारणा और रुझान के आधार पर आपके बैंक ने अपने ट्रेडिंग और निवेश बही का सक्रियता से प्रबंधन किया, चलनिधि को बाजार स्रोतों तथा परिवर्तनीय रेपो दर विंडो के जरिए रिज़र्व बैंक की चलनिधि समायोजन सुविधा (एलएएफ) के माध्यम से संतुलित रखा तथा अपने विदेशी मुद्रा विनिमय दर एक्सपोजरों को अपने रणनीति कौशल से नियंत्रित रखा.

प्राथमिक व्यापारी (पीडी) कारोबार में आपके बैंक ने भारत सरकार द्वारा जुटाए गए विभिन्न अवधियों के ऋण की पर्याप्त राशि की हामीदारी दी है. आपके बैंक ने नीलामी बोली प्रक्रियाओं में भाग लेकर निधियां जुटाने में विभिन्न राज्य सरकारों को भी सहायता प्रदान की है. टी-बिल खंड में भी प्राथमिक व्यापारी (पीडी) कारोबार ने अपेक्षित सफलता अनुपात और सरकार दिनांकित प्रतिभूतियों व टी-बिलों में सेकंडरी बाजार टर्नओवर को हासिल करने के संबंध में सभी लागू वचनबद्धताओं को पूरा किया है.

आपके बैंक की ट्रेजरी द्वारा कुछ मुख्य कारोबार पहल कार्य निम्नलिखित हैं:

1. ई कॉलमनी :

आपके बैंक ने एक ऑनलाइन प्लेटफ़ार्म के रूप में ई-ट्रेजरी के तहत एक मॉड्यूल - ई-कॉलमनी शुरू किया है जिसमें शाखाएं अपने ग्राहकों अर्थात् सहकारी बैंकों की ओर से कॉल/ नोटिस/ मीयादी धनराशि बुक कर सकती हैं. आपके बैंक की शाखाएँ केवाईसी अनुपालक सहकारी बैंकों, विशेषकर जिनके चालू खाता बैंक के पास हैं, से कॉल/ नोटिस/ मीयादी जमाराशियां स्वीकार कर सकती हैं. निवेश की न्यूनतम राशि ₹ 25 लाख है और उसके पश्चात ₹ 1 लाख के गुणकों में है.

2. रिटेल फॉरेक्स प्रणाली

आपके बैंक ने ई-ट्रेजरी प्लेटफ़ार्म के तहत गैर-व्यापार टेलिग्राफिक अंतरण (टीटी) विप्रेषणों (आवक और जावक) हेतु रिटेल/ छोटे मूल्य वाले लेन-देनों के लिए फॉरेक्स दरों की बुकिंग हेतु एक ऑनलाइन प्रणाली भी शुरू की है. इस प्रणाली का उद्देश्य शाखाओं द्वारा आपके बैंक के मौजूदा ग्राहकों को उपलब्ध तत्काल दरों पर खुदरा फॉरेक्स लेन-देनों की सीधी बुकिंग की सुविधा देना है. यह ऑनलाइन प्लेटफ़ार्म फॉरेक्स दरों का उल्लेख करने में पारदर्शिता, प्रतिस्पर्धा और लचीलेपन द्वारा सुधार करने में मदद करता है.

सीमा पार शाखाएं

दुबई इंटरनेशनल फाइनेंशियल सेंटर (डीआईएफसी), दुबई में आपके बैंक की विदेश में पहली शाखा ने अपने परिचालन के छह वर्ष पूरे कर लिए हैं. आपके बैंक की डीआईएफसी शाखा कॉरपोरेट बैंकिंग सेवाओं की एक श्रृंखला प्रदान करती है जिसमें बाह्य वाणिज्यिक उधार (ईसीबी), विदेशी मुद्रा ऋण (एफसीएल), ईसीबी/ एफसीएल का समूहन तथा व्यापार वित्त उत्पाद शामिल हैं.

आपके बैंक ने सिंगापुर में अपतटीय बैंकिंग इकाई (ओबीयू) की स्थापना के लिए सिंगापुर के मुद्रा प्राधिकारी, (एमएएस) के पास और शंघाई में प्रतिनिधि कार्यालय की स्थापना के लिए चीन बैंकिंग विनियामक कमीशन (सीबीआरसी), चीन के पास भी आवेदन किया है.

आपका बैंक दिनांक 06 मई 2016 को, गुजरात इंटरनेशनल फ़ाइनेंस टेक-सिटी (गिफ्ट) में भारत के पहले और एकमात्र अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र (आईएफएससी) में अपनी आईएफएससी बैंकिंग इकाई (आईबीयू) खोलने वाला सार्वजनिक क्षेत्र का पहला बैंक बन गया है.

आपके बैंक ने हांगकांग मुद्रा प्राधिकारी (एचकेएमए) द्वारा अनुमत कार्यकलापों के परिचालन के लिए हांगकांग में विदेश शाखा स्थापित करने के लिए भारतीय रिज़र्व बैंक के पास आवेदन भी प्रस्तुत किया है. आपका बैंक अन्य विकासशील और विकसित देशों में अपनी पहुँच को विस्तार देने के लिए संभावनाएं तलाश रहा है.

ऋण रेटिंग

आपका बैंक देशी तथा विदेशी मुद्रा उधार दोनों के लिए ऋण की रेटिंग प्राप्त करता है.

रुपया संसाधनों के लिए रेटिंग निम्नानुसार है :

रुपया उधारराशियों के लिए रेटिंग

	क्रिसिल	इक्रा	इंडिया रेटिंग एंड रिसर्च
सावधि जमाराशियां	एफएएए/ निगेटिव	एमएए+/ निगेटिव	इंड टीएएए
अल्पावधि उधारराशियां (जमा प्रमाणपत्र)	क्रिसिल ए1+	[इक्रा] ए1+	इंड ए1+
दीर्घावधि रुपया बांड (सीनियर एवं लोअर टीयर II बांड)	क्रिसिल एए/ निगेटिव	[इक्रा] एए/ निगेटिव	इंड एए+
हाइब्रिड - अपर टीयर II बांड	क्रिसिल एए-/ निगेटिव	[इक्रा] एए-/ निगेटिव	इंड एए-
हाइब्रिड - आईपीडीआई (बासेल II)	क्रिसिल एए-/ निगेटिव	[इक्रा] एए-/ निगेटिव	----
हाइब्रिड एटी1 (बासेल III)	क्रिसिल ए/निगेटिव	[इक्रा] ए+(हाइब्रिड)/ निगेटिव	इंड एए-
टीयर II बांड (बासेल III)	क्रिसिल एए/निगेटिव	[इक्रा] एए(हाइब्रिड)/ निगेटिव	इंड एए+

आपके बैंक की विदेशी मुद्रा उधार राशियों की रेटिंग तीन अंतर्राष्ट्रीय रेटिंग एजेंसियों अर्थात् मूडीज़ इन्वेस्टर सर्विसेज (मूडीज़), स्टैंडर्ड एंड पूअर्स (एस एंड पी) तथा फिच रेटिंग (फिच) द्वारा की जाती है. दीर्घावधि विदेशी मुद्रा रेटिंग और आधारभूत क्रेडिट मूल्यांकन (बीसीए)/ स्टैंड-एलोन क्रेडिट प्रोफ़ाइल (एसएसीपी)/ अर्थक्षमता रेटिंग (वीआर) निम्नानुसार हैं :

विदेशी मुद्रा उधार राशियों के लिए रेटिंग

रेटिंग एजेंसी	रेटिंग
मूडीज़ इन्वेस्टर सर्विसेज (मूडीज़)	
दीर्घावधि रेटिंग	बीएए3/स्टेबल
आधारभूत क्रेडिट मूल्यांकन	बी1
फिच रेटिंग	
दीर्घावधि निर्गमकर्ता चूक रेटिंग	बीबीबी-/स्टेबल
अर्थक्षमता रेटिंग (वीआर)	बीबी
स्टैंडर्ड एंड पूअर्स (एस एंड पी)	
निर्गमकर्ता क्रेडिट रेटिंग (आईसीआर)	बीबी+ /स्टेबल
स्टैंड-एलोन क्रेडिट प्रोफ़ाइल (एसएसीपी)	बीबी

दीर्घावधि रुपया उधार राशियां

वर्ष के दौरान आपके बैंक ने देशी बांड जारी कर कुल ₹ 2,900 करोड़ की राशि जुटाई जिसमें बासेल III अनुपालक टीयर II बांड (₹ 1,900 करोड़) तथा इन्फ्रास्ट्रक्चर बांड (₹ 1000 करोड़) शामिल हैं.

विदेशी मुद्रा संसाधन

आपका बैंक नवंबर 2015 के दौरान अंतर्राष्ट्रीय बाजार से ग्रीन बांड के माध्यम से सफलतापूर्वक यूएस $350 मिलियन जुटाने वाला भारत का पहला वाणिज्यिक बैंक बन गया है. ग्रीन बांड पहल के तहत आपका बैंक प्राप्त राशियों का उपयोग भारत में स्वच्छ ऊर्जा परियोजनाओं के लिए निधीयन हेतु करेगा जिसमें पवन ऊर्जा, सौर ऊर्जा, जैव ईंधन, जल पुनःउपयोग प्रणाली, ऊर्जा वितरण एवं प्रबंधन प्रणाली तथा दीर्घकालिक यातायात शामिल हैं. अंतर्राष्ट्रीय बाजार में आपके बैंक के ग्रीन बांड निर्गम में निवेशकों ने जबर्दस्त उत्साह दिखाया है.

वर्ष के दौरान आपके बैंक ने विदेशी मुद्रा में कुल यूएस $ 6,229.35 मिलियन के समतुल्य विदेशी मुद्रा जुटाई है जिसमें (i) यूएस $245 मिलियन केएफडब्ल्यू, जर्मनी से 10 वर्ष की अवधि के लिए जून 2015 में ऋण के रूप में आहरित किया गया (ii) यूएस$5 बिलियन मध्यम मीयादी नोट (एमटीएन) कार्यक्रम के तहत यूएस$350 मिलियन नवंबर 2015 में ग्रीन बांड जारी कर जुटाया गया (iii) यूएस$ 100 मिलियन एसबीआई नसाऊ से 5 वर्ष की अवधि के लिए दिसंबर 2015 में ऋण के रूप में आहरित किया गया (iv) यूएस$ 5534.35 मिलियन बैंकों से अल्पावधि उधारराशियों के रूप में जुटाया गया.

यथा 31 मार्च 2016 को भारतीय रिज़र्व बैंक की अंतर-बैंक डीलिंग योजना के तहत आपके बैंक की बकाया उधारराशियां (यूएस $ 225 मिलियन) टीयर I पूंजी की 100% निर्धारित सीमा की कुल अनुमत उधारराशि के भीतर रहीं.

यथा 31 मार्च 2016 को एमटीएन कार्यक्रम के तहत आपके बैंक की कुल निर्गम उधारराशियां यूएस$ 1,990.32 मिलियन के समतुल्य थीं.

जोखिम प्रबंधन

आपके बैंक का जोखिम प्रबंधन दर्शन पूंजी के विवेकपूर्ण उपयोग द्वारा शेयरधारकों के मूल्य में सतत् वृद्धि से संचालित होता है. जोखिम प्रबंध रणनीति सतत् आधार पर कारोबार जोखिमों के अभिनिर्धारण, आकलन तथा निगरानी पर आधारित है जिससे पूंजी का प्रभावी प्रयोग सुनिश्चित किया जा सके. इस रणनीति का उद्देश्य उचित न्यूनीकरण तथा कीमत-लागत निर्धारण के ज़रिए बैंकिंग कारोबार से जुड़े जोखिम प्रतिफल को उपयुक्त रूप से संतुलित करने का प्रयास करना है. जोखिम नियंत्रण के लिए कुछ प्रभावी उपायों में सुपरिभाषित जोखिम प्रबंधन नीतियों को तैयार करना और अपने बैंक की जोखिम उठाने की क्षमता के अनुरूप जोखिम सीमाओं तथा प्रक्रियाओं की रूप-रेखा तैयार करना शामिल है. कारोबारी गतिशीलता, नवोन्मेषण और विनियामक परिप्रेक्ष्य में परिवर्तनों के संदर्भ में आवधिक रूप से अद्यतन किया जाता है.

आपका बैंक अपने सभी वर्टिकलों में जोखिम के प्रति जागरूकता बढ़ाकर और उन्हें निर्णय लेने की प्रक्रिया का अभिन्न अंग बनाकर जोखिम संस्कृति में सुधार लाने की दिशा में निरंतर प्रयासरत है. यद्यपि समग्र जोखिम प्रबंध की ज़िम्मेदारी निदेशक मंडल की जोखिम प्रबंध समिति (आरएमसी) की है किन्तु दैनंदिन कार्यकलाप जोखिम अभिशासन संरचना के आधार पर विभिन्न स्तरों पर किए जाते हैं.

निरंतर जटिल होती जा रही वित्तीय प्रणाली की चुनौतियों का सामना करने के लिए जोखिम प्रबंधन प्रणालियों तथा प्रक्रियाओं को निरंतर उन्नत और विनियामक अपेक्षाओं के अनुरूप किया जा रहा है. जोखिम-तंत्र प्रणाली को और अधिक सुदृढ़ तथा प्रौद्योगिकीय रूप से उन्नत बनाने के उद्देश्य से आपके बैंक ने एकीकृत जोखिम प्रबंधन संरचना (आईआरएमए) को कार्यान्वित किया है जिसमें सॉफ्टवेयर समाधान अर्थात् जोखिम आकलन मॉड्यूल (आरएएम), पूंजी आकलन मॉडल (सीएएम) और व्यापक परिचालनगत जोखिम मूल्यांकक (कोर) शामिल हैं. आईआरएमए ऋण तथा परिचालन जोखिमों का अभिनिर्धारण करने तथा उन्हें मापने में सहायता करता है, जिनसे उपयुक्त जोखिम न्यूनीकरण रणनीतियां तैयार करने में सुविधा होती है.

बासेल मानदंडों का कार्यान्वयन

आपका बैंक बासेल III मानदंडों के अंतर्गत पिलर - I दिशानिर्देशों के अनुपालन में तिमाही आधार पर ऋण, बाजार और परिचालनगत जोखिम हेतु विनियामकीय पूंजी आवश्यकता की गणना करता है. बासेल III मानदंडों के अंतर्गत उच्च गुणवत्ता पूंजी आवश्यकता के संबंध में आपके बैंक के पास वर्तमान में दिशानिर्देशों में निर्धारित विनियामकीय अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए पर्याप्त सामान्य इक्विटी है.

बासेल दिशानिर्देशों द्वारा 31 मार्च 2016 से एक अनिवार्य पूंजी संरक्षण बफर (सीसीबी) लागू किया गया है. सीसीबी को यह सुनिश्चित करने के लिए डिजाइन किया गया है कि बैंक सामान्य समय (अर्थात् दबावग्रस्त अवधि से बाहर) में बफर का सृजन करें ताकि दबावग्रस्त अवधि में हानि होने की दशा में इसका उपयोग कर इसमें कमी लाई जा सके. बैंकों से 31 मार्च 2019 तक सामान्य इक्विटी टीयर -1 (सीईटी 1) सहित 2.5% सीसीबी बनाए रखना अपेक्षित है जो 9% की न्यूनतम विनियामक पूंजी आवश्यकता के अलावा होगी. विनियामक दिशानिर्देशों में शामिल संक्रमणकालीन व्यवस्था के अनुरूप 31 मार्च 2016 के लिए लागू सीसीबी 0.625% (2.5% का 25%) है.

तदनुसार, कुल पूंजी की न्यूनतम विनियामकीय आवश्यकता और सीसीबी 9.625% (सीआरएआरए और सीसीबी को जोड़कर) है. आपके बैंक का सीआरएआर अनुपात 11.67% है जो न्यूनतम विनियामक आवश्यकताओं से अधिक है. इसी तरह हमारे बैंक का सीईटी 1 अनुपात 7.99% है जो कि भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा निर्धारित न्यूनतम लागू अनुपात 6.125% (सीईटी 1 + सीसीबी) से अधिक है.यथा 31 मार्च 2016 को टीयर -1 अनुपात 8.90% है जबकि विनियामकीय आवश्यकता 7.625%(सीसीबी सहित) है.

आपके बैंक के पास बासेल III ढांचे के पिलर - II मानदंडों के अनुरूप निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित आंतरिक पूंजी पर्याप्तता मूल्यांकन प्रक्रिया (आईसीएएपी) संबंधी नीति है. इस नीति द्वारा आपका बैंक उन जोखिमों का आंतरिक रूप से आकलन और गणना कर सकता है जो पिलर - I के तहत कवर नहीं किए गए हैं और साथ ही सामान्य तथा दबावग्रस्त स्थितियों में ऐसे जोखिमों के प्रबंधन के लिए उपयुक्त

रणनीतियां भी बना सकता है. आपके बैंक द्वारा रिजर्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुरूप एक व्यापक दबाव परीक्षण ढांचा भी कार्यान्वित किया गया है. दबाब परीक्षण ढांचा आपके बैंक को असाधारण किन्तु तर्कयुक्त घटनाओं की स्थिति में जोखिम प्रबंधन ढांचे का आकलन करने में सहायता करता है और किसी अप्रत्याशित अनिश्चित स्थिति में उपयुक्त रणनीतियां लागू करने में सहायक होता है.

आपके बैंक ने बासेल मानकों के तहत पिलर - III अपेक्षाओं के अनुसार एक प्रकटन नीति बनाई है जिसे प्रत्येक तिमाही के अंत में अपनी वेबसाइट पर अनिवार्यतः प्रकाशित करता है तथा इस प्रकार उच्च स्तरीय पारदर्शिता प्रदर्शित करता है.

वर्तमान में आपका बैंक पूंजी के परिकलन के लिए ऋण जोखिम के अंतर्गत मानकीकृत दृष्टिकोण अपनाता है तथा यह उन्नत दृष्टिकोण अर्थात् आंतरिक रेटिंग आधारित (आईआरबी) प्रणाली में माइग्रेशन के लिए अपने ऋण जोखिम प्रबंधन प्रणाली को और उन्नत और कारगर बनाने की प्रक्रिया में है. आपका बैंक परिचालनगत जोखिम हेतु विनियामकीय पूंजी प्रभार परिकलन के लिए मूल संकेतक दृष्टिकोण (बीआईए) को अपनाता है. उन्नत मापन दृष्टिकोण (एएमए) में माइग्रेशन प्रक्रिया के एक भाग के रूप में प्रभावी नियंत्रण व्यवस्था के लिए विभिन्न कारोबार खंडों में मुख्य जोखिम संकेतकों (केआरआई) का एक सेट तथा जोखिम एवं नियंत्रण स्व-मूल्यांकन रूपरेखा उपलब्ध कराई गई हैं. बाजार जोखिम के संबंध में विनियामकीय पूंजी के परिकलन के लिए आपका बैंक मानकीकृत मापन पद्धति (एसएमएम) का प्रयोग करता है तथा उन्नत कार्यप्रणाली अर्थात् आंतरिक मॉडल दृष्टिकोण (आईएमए) में अंतरण के लिए उचित समय पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी.

ऋण जोखिम

आपके बैंक ने एक व्यापक जोखिम प्रबंधन प्रणाली लागू की है जिसमें प्रस्तावों की क्रेडिट रेटिंग के लिए जोखिम आकलन मॉडल (आरएमए) और पूंजी की स्वचालित गणना के लिए पूंजी आकलन मॉडल (सीएएम) शामिल है.

प्रभावी ऋण मूल्यांकन, ऋण सुपुर्दगी, पोर्टफोलियो प्रबंधन एवं निगरानी सुनिश्चित करने के लिए एक सक्रिय ऋण नीति का अनुपालन किया जाता है. यह नीति प्रचलित कारोबारी और सामाजिक आर्थिक परिदृश्यों को ध्यान में रखते हुए आपके बैंक के कारोबारी लक्ष्यों में सहायता प्रदान करने के लिए तैयार की जाती है.

शीर्ष स्तरीय रेटिंग समिति ऋण रेटिंग को अभिपुष्ट करती है और जोखिम विश्लेषकों तथा संपर्क प्रबंधकों का मार्गदर्शन करती है. एक सक्रिय उपाय के रूप में आपका बैंक विभिन्न ऋण सीमाओं की नियमित रूप से निगरानी करता है जिसमें विभिन्न कारोबारी समूहों, देशों, खंडों, क्षेत्रों तथा उद्योगों में ऋण निवेश शामिल हैं.

बाजार जोखिम

कार्य तथा कारोबार स्थिति के संदर्भ में आपके बैंक में बाजार जोखिम का प्रबंधन बाजार जोखिम एवं डेरिवेटिव नीति एवं निवेश नीति के अनुरूप किया जाता है. सामान्यतः ये नीतियां जोखिम उठाने के उचित स्तर की रूपरेखा प्रस्तुत करती हैं तथा जोखिम व अपवादों के प्रबंधन, रिपोर्टिंग तथा बढ़त के आकलन की प्रणाली लागू करती हैं.

बाजार जोखिम प्रबंधन के उद्देश्य से आपके बैंक ने निगरानी और रिपोर्टिंग टूल सहित उचित जोखिम प्रबंधन प्रणाली अपनाई है. संकेंद्रण जोखिम कम करने के लिए विभिन्न एक्सपोजर सीमाओं को अपनाया गया है. सभी प्रक्रियाओं सहित सभी निर्धारित सीमाओं को ट्रेजरी मिड ऑफिस द्वारा गहन निगरानी की जाती है जो कि ट्रेजरी के फ्रंट और बैक ऑफिस से अलग है.

परिचालनगत जोखिम

आपके बैंक के पास एक सुदृढ़ परिचालनगत जोखिम प्रबंधन ढांचा है जिसमें एक समर्थकारी संगठनात्मक व्यवस्था के तहत निदेशक मंडल, बोर्ड की जोखिम प्रबंधन समिति (आरएमसी), परिचालनगत जोखिम प्रबंधन समिति तथा विभिन्न कार्यों/विभागों के नोडल अधिकारी शामिल हैं. परिचालनगत जोखिम की परिचालन प्रक्रिया परिचालन जोखिम व व्यवसाय निरंतरता प्रबंधन नीति से निदेशित है जिसका लक्ष्य बैंकिंग क्रियाकलापों से संबद्ध परिचालनगत जोखिम की पहचान, निगरानी, आकलन तथा प्रबंधन करना है.

आपके बैंक ने परिचालनगत जोखिम के नियंत्रण/ कम करने के लिए सक्रिय उपाय किए हैं जिनमें निम्नलिखित शामिल हैं :

- मुख्य जोखिम संकेतकों की निगरानी;
- नए (संशोधित) उत्पादों/ प्रणालियों से सम्बद्ध जोखिम का मूल्यांकन और उनका न्यूनीकरण;
- विभिन्न जोखिमों और नियंत्रणों का स्व-मूल्यांकन;
- परिचालनगत हानि वाले मामलों की निगरानी;
- प्रणालीगत जोखिम का मूल्यांकन;
- विभिन्न प्रक्रियाओं में सुधार.

परिचालनगत जोखिम की निगरानी के भाग के रूप में आपके बैंक में परिचालनगत जोखिम प्रबंधन तथा उसके आकलन हेतु एक व्यापक आईटी प्रणाली मौजूद है. परिचालनगत जोखिम प्रबंधन तथा आकलन के संदर्भ में प्रगति आवधिक रूप से बोर्ड की परिचालनगत जोखिम प्रबंधन समिति तथा जोखिम प्रबंधन समिति को प्रस्तुत की जाती है.

आपका बैंक पूरी संस्था में जोखिम जागरूकता संस्कृति पैदा करने के लिए विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन करता है.

कारोबार निरंतरता प्रबंधन

आपके बैंक के पास एक सुदृढ़ कारोबार निरंतरता प्रबंधन (बीसीएम) प्रक्रिया है जो कारोबार व्यवधान को न्यूनतम करती है. बीसीएम के भाग के रूप में मूल तथा सहायता कार्यों के लिए सुपरिभाषित कारोबार निरंतरता योजना (बीसीपी) हैं. यह कारोबार व्यवधान के बावजूद ग्राहकों को निर्बाध सेवाएं प्रदान करने के लिए है. इसके अलावा आपके बैंक ने अपनी मुख्य स्थापनाओं के लिए व्यापक आपदा प्रबंधन योजना (डीएमपी) भी लागू की है ताकि आपदा की संभावना व उनके प्रभाव को कम किया जा सके और

मानव जीवन व महत्वपूर्ण आस्तियों की रक्षा की जा सके. इन बीसीपी तथा डीएमपी की क्रियाशीलता का बीसीपी परीक्षण अभ्यास, आपदा प्रबंधन तथा मॉक इवैक्यूवेशन ड्रिलों के माध्यम से आवधिक परीक्षण किया जाता है. आपके बैंक की कारोबार निरंतरता प्रबंधन प्रणाली एक स्वचालित टूल अर्थात् एकीकृत आपदा और कारोबार निरंतरता प्रबंधन प्रणाली (आई-डीएबी) से सुसज्जित है.

सूचना प्रौद्योगिकी जोखिम

आपके बैंक ने आईटी जोखिम प्रबंधन तथा नियंत्रण को सुधारने के लिए कई कदम उठाए हैं. आपके बैंक ने अपने बेलापुर, महाराष्ट्र स्थित डेटा सेंटर में एक अत्याधुनिक सुरक्षा परिचालन केंद्र (एसओसी) की स्थापना की है. एसओसी के माध्यम से आपका बैंक केंद्रीकृत रूप से सुरक्षा उपकरणों/ समाधानों अर्थात् फायरवाल, राऊटर्स, आईडीएस/ आईपीएस/ पीआईएम, डीएलपी, एंटीवायरस, फिशिंग/मालवेयर आक्रमणों की निगरानी और कम-से-कम समय में सुधारात्मक कार्रवाई करता है. एसओसी साइबर अपराधों से निपटने के लिए कमान केंद्र के रूप में कार्य करता है और मूल्यवान ग्राहकों को सुरक्षित बैंकिंग सेवा प्रदान करने के अपने उद्देश्यों को पूरा करने के अलावा हमारे बैंक की सूचना सुरक्षा नीति का अनुपालन सुनिश्चित करता है. आपका बैंक नियमित रूप से बाह्य पहुँच वाले एप्लीकेशनों अर्थात् आई-नेट बैंकिंग, मेल मेसेंजिंग आदि के लिए भेद्यता मूल्यांकन एवं प्रवेश परीक्षण (वीएपीटी) करता है.

आपके बैंक ने अप्रैल 2011 में रिज़र्व बैंक कार्यदल द्वारा सूचना सुरक्षा, इलेक्ट्रॉनिक बैंकिंग, तकनीकी जोखिम प्रबंधन तथा साइबर धोखाधड़ियों पर जारी सिफ़ारिशों को लागू करने में उल्लेखनीय प्रगति की है. दिशानिर्देशों में की गई सिफ़ारिशों के अनुसार आपके बैंक ने उचित संगठनात्मक ढांचा स्थापित किया है. ग्राहक डेटा की सुरक्षा, बाह्य आक्रमणों को रोकने तथा आंतरिक नियंत्रणों को मजबूत करने के लिए कई सूचना सुरक्षा समाधान का कार्यान्वयन अर्थात् सुविधाप्राप्त पहचान एक्सेस प्रबंधन, पैच प्रबंधन उपाय, सक्रिय डायरेक्टरी, वेब/ मेल गेटवे आदि लागू किए गए हैं.

कर्मचारियों के लिए नियमित रूप से सूचना सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन करने के अलावा सुरक्षा सेंध के प्रयासों को कम/विफल करने के लिए ग्राहकों को मेलर, एसएमएस, एटीएम तथा पोस्टरों के माध्यम से विभिन्न सूचना सुरक्षा संबंधी सावधानियों की जानकारी दी जाती है.

आईटी इन्फ्रास्ट्रक्चर तथा सिस्टम को पेरिमीटर और एंडपॉइंट्स सहित एक सुदृढ़ सूचना सुरक्षा ढांचे के अंतर्गत कार्यान्वित किया गया है. कस्टमर फेसिंग इंटरफेस में दो स्तरीय अधिप्रमाणन प्रक्रिया मौजूद है. आपके बैंक तथा ग्राहक से संबंधित संवेदनशील डेटा के गलत प्रयोग को रोकने के लिए बैंक ने सूचना सुरक्षा के परिदृश्य में डेटा लीकेज निवारण (डीएलपी) उपाय शुरू किया है. आपके बैंक के डेटा केंद्र और आपदा प्रबंधन केंद्र को आईएसओ 27001:2013 सूचना सुरक्षा मानदंडों का प्रमाणन प्राप्त है. आपके बैंक में जोखिम लेन-देनों हेतु शून्य डेटा हानि सुनिश्चित करने के लिए एक नियर-डीआर साइट भी स्थापित की है. आपके बैंक की सूचना सुरक्षा संचालन समिति सूचना प्रणालियों में परिचालनगत जोखिम कम करने के लिए दिशानिर्देश उपलब्ध कराती है.

प्रबंधन, नियंत्रण एवं प्रणालियां

मानव संसाधन

आपके बैंक में मानव संसाधन (एचआर) रणनीति को इस प्रकार तैयार किया गया है कि भर्ती, नियोजन, प्रशिक्षण, प्रतिभा को बनाए रखने तथा प्रेरणास्पद रणनीतियों से संबंधित विभिन्न एचआर नीतियों का कारोबारी अपेक्षाओं के साथ प्रभावी रूप से संयोजन हो सके जिससे कि आपके बैंक के संकल्प और उद्देश्य को प्राप्त करने में निर्बाध सहायता मिल सके. इस दिशा में आपका बैंक कर्मचारियों को प्रोत्साहन प्रदान कर उनके सर्वश्रेष्ठ कार्य-निष्पादन के लिए निरंतर प्रयास करता रहा है और साथ ही बेहतर कार्य-जीवन संतुलन प्रदान करने के लिए कर्मचारी कल्याण के विभिन्न उपाय करता रहा है.

जनशक्ति

यथा 31 मार्च 2016 को आपके बैंक के पास कुल स्टाफ संख्या 17,570 थी. कर्मचारियों का श्रेणीवार अलग-अलग विवरण नीचे दिया गया है:

श्रेणी	कुल
अधिकारी	14,999
एक्जीक्यूटिव	631
लिपिकीय	1,024
अधीनस्थ स्टाफ सदस्य	916
कुल	**17,570**

प्रभावी जनशक्ति योजना और विवेकपूर्ण नियुक्ति के कारण आपके बैंक में युवा अधिकारियों की एक उत्कृष्ट टीम है जिनकी औसत आयु लगभग 33 वर्ष है.

भर्ती और स्टाफिंग

आपके बैंक के वार्षिक जनशक्ति मूल्यांकन में अधिवर्षिता की आयु प्राप्त करने वाले/ स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति लेने वाले अधिकारियों की संख्या, त्यागपत्रों की संख्या, शाखा विस्तार तथा कारोबार वृद्धि को ध्यान में रखा जाता हैं. तदनुसार आपके बैंक ने वर्ष के दौरान 1584 अधिकारी, 444 एक्जीक्यूटिव तथा 2 लिपिक (अनुकंपा आधार पर नियुक्त) नियुक्त किए हैं. इनमें से 335 अनुसूचित जाति (अ.जा.) से, 294 अनुसूचित जनजाति (अ.ज.जा.) से तथा 762 अन्य पिछड़े वर्ग (अ.पि.व.) से संबंधित हैं. इसके अतिरिक्त, 44 व्यक्ति शारीरिक रूप से अशक्त हैं.

आपके बैंक ने ग्रेड 'ए' में अधिकारियों की भर्ती बैंकिंग कार्मिक चयन संस्थान (आईबीपीएस) द्वारा सभी सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के लिए आयोजित सामान्य भर्ती प्रक्रिया के माध्यम से की है और एक्जिक्यूटिव की भर्ती एकल आधार पर आईबीपीएस के माध्यम से अलग भर्ती प्रक्रिया द्वारा की है. साथ ही, आपके बैंक ने सुरक्षा संबंधी मामलों की देखरेख करने के लिए सुरक्षा अधिकारी के रूप में, ग्रेड 'बी' में, चार समर्पित और व्यावसायिक अर्हताप्राप्त अधिकारियों को भी एक अलग भर्ती प्रक्रिया के माध्यम से भर्ती किया है.

आईडीबीआई मणिपाल स्कूल ऑफ बैंकिंग

मई 2015 में आपके बैंक ने मणिपाल ग्लोबल एजुकेशन सर्विसेस प्रा. लि., बेंगलुरु के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) की अवधि को बढ़ाया जिसके तहत छात्र-छात्राओं का एक वर्षीय बैंकिंग व फाइनेंस में स्नातकोत्तर डिप्लोमा (पीजीडीबीएफ) में नामांकन किया जाता है. यह व्यवस्था 'प्रशिक्षण, भर्ती व समावेश मॉडल' पर कार्य करती है. वर्ष के दौरान आपके बैंक ने पाठ्यक्रम को सफलतापूर्वक पूरा करने वाले 415 अभ्यर्थियों की सहायक प्रबंधक के रूप में भर्ती की. वर्तमान में 400 से अधिक अभ्यर्थी दो बैच में पीजीडीबीएफ पूरा कर रहे हैं और उन्हें यथा समय आपके बैंक में नियुक्त किया जाएगा.

आरक्षण नीति

आपका बैंक भारत सरकार की वर्तमान आरक्षण नीति का पूरी तरह से पालन करता है. आपके बैंक ने अजा/अजजा/पीडबल्यूडी तथा अपिव के लिए महाप्रबंधक तथा उप महा प्रबंधक स्तर पर मुख्य संपर्क अधिकारियों (सीएलओ) तथा अंचल संपर्क अधिकारियों (जेडएलओ) की नियुक्ति की है जो आरक्षित श्रेणी के कर्मचारियों के संबंध में विभिन्न दिशानिर्देशों का अनुपालन तथा उनकी शिकायतों का प्रभावी निवारण सुनिश्चित करते हैं. आपके बैंक ने भारत सरकार के दिशानिर्देशों के अनुसार शारीरिक रूप से विकलांग व्यक्तियों के लिए अलग रोस्टर बनाया है.

यथा 31 मार्च 2016 को बैंक की कुल मानव शक्ति संख्या में अजा/अजजा/अपिव का प्रतिनिधित्व निमन्वत है:

श्रेणी	अजा	अजजा	अपिव
अधिकारी	2,090	803	3,436
एक्जीक्यूटिव	69	35	188
लिपिक	119	35	83
अधीनस्थ-कर्मचारी	209	74	172
कुल	**2,487**	**947**	**3,879**

प्रशिक्षण एवं विकास

आपके बैंक ने अपने कर्मचारियों के विकास को अधिकतम महत्व देना जारी रखा है. आपके बैंक ने 17,181 प्रतिभागियों के लिए 830 आंतरिक कार्यक्रम संचालित किए हैं. आपके बैंक ने 379 अधिकारियों को बाह्य देशी प्रशिक्षण कार्यक्रमों के लिए तथा 32 अधिकारियों को बाह्य विदेशी प्रशिक्षण कार्यक्रमों के लिए भी नामित किया. आपके बैंक ने ग्रेड ए अधिकारियों के लिए 180 दिनों के प्रारंभिक प्रशिक्षण कार्यक्रम को जारी रखा जिसमें कक्षा प्रशिक्षण तथा काम के दौरान प्रशिक्षण शामिल हैं. इसी प्रकार से आपके बैंक ने अपने रिटेल बैंकिंग वर्टिकल में पदापित एक्जीक्यूटिव को 17 दिनों का कक्षा प्रशिक्षण देना जारी रखा है.

आपके बैंक ने महिला सशक्तिकरण पर केन्द्रित कार्यक्रम अर्थात् 'उन्नति' का संचालन किया ताकि महिला कर्मचारी अपने कार्य तथा जीवन में संतुलन सुनिश्चित करते हुए संगठन में नेतृत्व वाले पदों की जिम्मेदारी संभालने के लिए आवश्यक गुण विकसित कर सकें. वर्ष के दौरान इस कार्यक्रम के तहत 844 महिला कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया गया.

विनियामक निदेशों के अनुसार, आपके बैंक ने ग्राहक केन्द्रित दृष्टिकोण को और अधिक विकसित करने तथा प्रभावी और दक्ष ग्राहक सेवा देने के लिए ग्राहक सेवा पर प्रशिक्षण और कार्यशालाएं आयोजित कीं. अधिकारियों को केवाईसी/एएमएल क्षेत्र के नवीनतम नियमों और विनियमों के संबंध में अद्यतन जानकारी देने के लिए इन विषयों पर भी कार्यशालाएं आयोजित की गईं. इसके अलावा आपके बैंक ने भारतीय प्रबंधन संस्थानों (आईआईएम) द्वारा विभिन्न स्थलों पर संचालित सामान्य प्रबंधन तथा रणनीतिक नेतृत्व कार्यक्रमों के लिए वरिष्ठ अधिकारियों को नामित करना जारी रखा है जबकि मध्य प्रबंधन स्तर के अधिकारियों को अन्य प्रबंधन विकास कार्यक्रमों के लिए नामित किया जाता है.

आपके बैंक ने ई-लर्निंग पर जोर देना जारी रखा. इस दिशा में आपके बैंक ने एक सुदृढ़ लर्निंग प्रबंधन प्रणाली अर्थात् ओजेएएस की शुरुआत की है ताकि ई-लर्निंग में सुविधा हो तथा ऑनलाइन प्रमाणन उपलब्ध कराया जा सके. इसमें स्व-नामांकन, प्रशिक्षण के परिचालनगत रूप के समस्त पहलुओं के साथ मॉड्यूल को अनिवार्य रूप से पूरा करना शामिल है.

उत्तराधिकार योजना

आपके बैंक में महत्वपूर्ण / मुख्य पदों के उत्तराधिकार योजना की रणनीति के रूप में वरिष्ठ प्रबंधन स्तर पर महत्वपूर्ण पदों की पहचान की गई है ताकि संगठनात्मक कार्य-निष्पादन को बनाए रखा जा सके तथा दीर्घावधि कारोबार लक्ष्यों को प्राप्त किया जा सके. इस दिशा में कनिष्ठ तथा मध्य प्रबंधन स्तर पर अधिकारियों की पहचान क्षमतावान उत्तराधिकारियों के रूप में की गई है. मूल्यांकन विकास केंद्र अभ्यास के माध्यम से महत्वपूर्ण क्षमताओं को अपनाने के लिए उत्तराधिकार मैट्रिक्स तथा विकास पहल कार्यों अर्थात् कार्यशालाओं, ऑन-जॉब परियोजनाओं आदि में इन अधिकारियों का निर्धारण जारी है.

समूह जीवन बीमा योजना (जीएलआईएस)

मृतक कर्मचारी के परिवार की कठिनाइयों को कम करने के उद्देश्य से आपके बैंक ने सभी स्थायी कर्मचारियों के लिए समूह जीवन मीयादी बीमा पॉलिसी की सुविधा दी है जो अधिवर्षिता की आयु के बाद भी 70 वर्ष पूरे होने तक कवर देगी. इस योजना के तहत आपका बैंक वार्षिक प्रीमियम राशि का 50% अंशदान करता है और शेष 50% राशि का भुगतान कर्मचारी करते हैं. अधिवर्षिता आयु प्राप्त करने के पश्चात सेवानिवृत्त हो रहे कर्मचारियों को पूरी प्रीमियम राशि का भुगतान कर योजना को जारी रखने का विकल्प उपलब्ध है.

आईडीबीआई बैंक अधिकारी अध्ययन योजना (आईबीओएसएस)

प्रतिभा को बनाए रखने के उपाय के रूप में आपके बैंक ने अधिकारियों के लिए आईबीओएसएस की शुरुआत की है ताकि वे भारत अथवा विदेश में प्रतिष्ठित संस्थानों में उच्च शिक्षा प्राप्त कर सकें. यह योजना प्रतिभावान अधिकारियों को उनके व्यावसायिक विकास को बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित करती है. इस योजना के तहत चुनिंदा अधिकारियों को शिक्षा ऋण दिया जाता है. पाठ्यक्रम पूरा होने के पश्चात निर्धारित नियमों एवं शर्तों का पालन करने पर ऋण को माफ कर दिया जाता है.

प्रोत्साहन योजना

आपके बैंक ने अपने उत्कृष्ट कार्य-निष्पादन वाले कर्मचारियों को प्रोत्साहित करने के लिए भारत सरकार के निर्देशों के अनुरूप कार्य-निष्पादन आधारित नकद प्रोत्साहन योजना लागू की है.

बाढ़ राहत अग्रिम

आपके बैंक ने तमिलनाडु में विनाशकारी बाढ़ से प्रभावित कर्मचारियों को ब्याज मुक्त बाढ़ राहत अग्रिम प्रदान किया है.

कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न की रोकथाम (पीओएसएच)

कर्मचारियों में पीओएसएच के संबंध में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से आपके बैंक के इंट्रानेट पर एक संवादात्मक ऑडियो / विडियो समर्थित ई-लर्निंग मॉड्यूल होस्ट किया गया है.

कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न (निवारण, निषेध एवं निदान) अधिनियम, 2013 के तहत प्रकटन

आपके बैंक ने कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न (निवारण, निषेध एवं निदान) अधिनियम, 2013 की अपेक्षाओं के अनुसार एक यौन उत्पीड़न विरोधी नीति अपनाई है. आपके बैंक ने यौन उत्पीड़न के संबंध में मिलने वाली शिकायतों के निपटान के लिए दो आंतरिक शिकायत समिति बनाई है. 2015-16 के दौरान आपके बैंक को 2 (दो) शिकायतें प्राप्त हुईं जिनकी समिति द्वारा छानबीन की गई. इनमें से 1(एक) शिकायत का समाधान कर दिया गया है. यथा 31 मार्च 2016 को कुल 4 (चार) शिकायतें लंबित थीं जिसमें 1 (एक) लंबित शिकायत वर्ष 2015-16 की थी तथा 3 (तीन) शिकायतें (न्यायालय मध्यक्षेप के कारण लंबित) विगत वर्षों की थीं.

औद्योगिक संबंध

आपके बैंक में वर्ष के दौरान औद्योगिक संबंध का वातावरण वृहद रूप से मैत्रीपूर्ण रहा है तथा अधिकांश समस्याओं का समाधान सौहार्दपूर्ण रूप से कर लिया गया है. बैंक में अपनी शेयरधारिता को 50% से कम करने का विकल्प होने संबंधी सरकार के बयान के विरुद्ध आईडीबीआई बैंक के अधिकारी / कामगारों के एक वर्ग ने विभिन्न यूनियनों / संघों के बैनर तले 27 नवंबर 2015 को तथा 28-31 मार्च 2016 को हड़ताल पर जाने का आह्वान किया था. क्षेत्रीय श्रम आयुक्त (केंद्रीय) द्वारा समझौते की कार्यवाही के आयोजन के बावजूद यूनियनों / संघों ने उक्त दिनों पर हड़ताल की. तथापि, कोई भी अप्रिय घटना रिपोर्ट नहीं की गई और आपका बैंक लगभग 50% शाखाओं / कार्यालयों को खुला रखने में सफल रहा और हड़ताल के दिनों में अबाध ग्राहक सेवा के लिए सभी एटीएम तथा अन्य वैकल्पिक चैनल उपलब्ध थे. इसके अलावा, यूनियनों/ संघों द्वारा चार दिन के हड़ताल के आह्वान के कारण बैंक के कारोबार में बाधा तथा ग्राहकों की असुविधा को कम करने के उद्देश्य से आपके बैंक ने यह भी सुनिश्चित किया कि आम जनता के लिए सभी शाखाएं एवं कार्यालय 26 मार्च 2016 (शनिवार) को पूरे दिन खुले रहें, जो अन्यथा एक बैंक अवकाश था.

आंतरिक लेखापरीक्षा

आपके बैंक में एक सुसज्जित आंतरिक लेखापरीक्षा विभाग है जो विभिन्न कारोबार / सहायता वर्टिकलों, अंचल कार्यालयों, क्षेत्रीय कार्यालयों और शाखाओं द्वारा किए जा रहे विभिन्न कार्यकलापों की नियमित लेखापरीक्षा करता है. लेखापरीक्षाएं बोर्ड की लेखापरीक्षा समिति (एसीबी) के दिशानिर्देशों तथा देख-रेख में की जाती हैं. नियत कार्यों को करते समय लेखापरीक्षा कार्य अपनी स्वतंत्रता तथा वस्तुनिष्ठता को बनाए रखते हैं. आपके बैंक ने भारतीय रिज़र्व बैंक तथा आंतरिक एवं समवर्ती लेखापरीक्षा पर भारत सरकार द्वारा जारी दिशानिर्देशों के अनुसार जोखिम आधारित आंतरिक लेखापरीक्षा को अपनी रणनीति के रूप में अपनाया है.

आपके बैंक के पास परिचालनों के स्वरूप और जटिलताओं के अनुरूप प्रौद्योगिकी और आईटी सुरक्षा से संबंधित मुद्दों के समाधान के लिए आंतरिक लेखापरीक्षा व्यवस्था के हिस्से के रूप में अनुभवी आंतरिक सूचना प्रणाली (आईएस) लेखापरीक्षा टीम है. आपके बैंक ने विनियामक आवश्यकताओं के अनुसार अपने आंतरिक लेखापरीक्षा कार्य के पूरक के रूप में एक व्यापक समवर्ती लेखापरीक्षा प्रणाली भी कार्यान्वित की है. अपने ऋण पोर्टफोलियो की गुणवत्ता में निरंतर सुधार लाने के लिए ऋण लेखापरीक्षा प्रणाली लागू की गई है. यह प्रणाली व्यापक रूप से ऋण मूल्यांकन, ऋणों की मंजूरी और ऋण प्रशासन के क्षेत्रों में आपके बैंक की नीतियों के अनुपालन पर ध्यान देती है. आंतरिक लेखापरीक्षा कार्य को अंचल लेखापरीक्षा कार्यालयों (ज़ेडएओ), एक आंतरिक वेब-आधारित लेखापरीक्षा प्रबंधन प्रणाली (एएमएस) तथा एक ऑफ-साइट अलर्ट प्रबंधन प्रणाली (ओएमएस) का पर्याप्त सहयोग प्राप्त है.

आपके बैंक ने प्रबंधन कार्य की विश्वसनीयता, आस्तियों की सुरक्षा और नियमों व विनियमों के अनुपालन के संदर्भ में नियंत्रण परिवेश की समीक्षा और रिपोर्ट के लिए जोखिम आधारित प्रबंध लेखापरीक्षा (आरबीएमए) लागू की है.

आपका बैंक आंतरिक नियंत्रण व्यवस्था की पर्याप्तता एवं प्रभावशीलता, नीतियों एवं प्रक्रियाओं के अनुपालन की स्थिति का निरंतर आधार पर मूल्यांकन करता है तथा विभिन्न जोखिमों के समाधान के लिए नियंत्रण प्रणाली को मजबूत और कारगर बनाने के उपाय सुझाता है. इसे ध्यान में रखते हुए आपका बैंक अपनी जोखिम आधारित आंतरिक लेखापरीक्षा नीति, समवर्ती लेखापरीक्षा नीति और सूचना सुरक्षा लेखापरीक्षा नीति की वार्षिक आधार पर समीक्षा करता है.

परिचालन गुणवत्ता बढ़ाने और प्रक्रियाओं में सही तालमेल लाने के लिए लेखापरीक्षा विभाग, परिचालन जोखिम विभाग और अन्य परिचालन विंग के बीच उचित समन्वय रहता है. बैंकिंग उद्योग में सर्वोत्तम पद्धतियों को अपनाने के प्रयास में बैंक के व्यवहारों और प्रक्रियाओं के लिए उच्च स्तरीय मानदंड स्थापित करने पर ज़ोर दिया जाता है. बोर्ड की लेखापरीक्षा समिति, कार्यपालकों की लेखापरीक्षा समिति और अंचल लेखापरीक्षा समिति नियमित आधार पर कार्य-निष्पादन की समीक्षा करती है, आंतरिक लेखापरीक्षा के अधिकारियों को निर्देश देती है और आंतरिक नियंत्रण प्रणालियों की प्रभावशीलता और साथ ही विनियामक दिशानिर्देशों के अनुपालन की समीक्षा करती है.

धोखाधड़ी प्रबंधन प्रणाली

आपके बैंक ने आंतरिक लेखापरीक्षा विभाग के अंतर्गत समर्पित धोखाधड़ी निगरानी समूह (एफ़एमजी) के माध्यम से धोखाधड़ी निगरानी व्यवस्था कार्यान्वित की है. सभी धोखाधड़ियों की निगरानी और समीक्षा के लिए धोखाधड़ी समीक्षा परिषद (एफआरसी) का गठन किया गया है ताकि प्रणालीगत खामियों, यदि कोई हो, की पहचान की जा सके और सुधारात्मक उपाय शुरू किए जा सकें तथा जांच की प्रगति और वसूली स्थिति की निगरानी की जा सके. धोखाधड़ी निगरानी समूह धोखाधड़ियों की पुनरावृत्ति रोकने के लिए उपराचारात्मक कार्रवाईयों की प्रभावोत्पादकता की भी समीक्षा करता है. इस प्रकार की कार्रवाई में आंतरिक नियंत्रणों को मजबूत बनाना और आवश्यकता आधारित उपराचारात्मक उपाय लागू करना शामिल है. धोखाधड़ी की घटनाओं का पहले ही पता लगाने, उनसे बचाव, रिपोर्टिंग, निगरानी और अनुवर्ती कार्रवाई के लिए एक विस्तृत धोखाधड़ी जोखिम प्रबंधन नीति कार्यान्वित की गई है.

सतर्कता तंत्र

आपके बैंक के प्रधान कार्यालय में पूर्ण रूप से सुसज्जित सतर्कता विभाग कार्यरत है जो सतर्कता से संबंधित अनुशासनिक कार्रवाई मामलों में दंड की मात्रा और प्रकार के बारे में सुझाव के अलावा, सतर्कता से जुड़ी शिकायतों की जांच करने तथा नियंत्रण प्रणालियों और निर्धारित प्रक्रियाओं में कमियों, यदि कोई हो, में सुधार लाने के लिए शीर्ष प्रबंधन को सुधारात्मक उपाय सुझाने का कार्य करता है. आपके बैंक ने सतर्कता प्रशासन में सुधार लाने के लिए केंद्रीय सतर्कता आयोग (सीवीसी) द्वारा निर्धारित दिशानिर्देशों को कार्यान्वित किया है और एक प्रणाली लागू की है जिसमें जनता/ किसी अन्य स्रोत से प्राप्त शिकायतों पर तुरंत कार्रवाई की जाती है.

आपके बैंक के इंट्रानेट पर सतर्कता विभाग की साइट मौजूद है जिस पर सतर्कता विभाग का विवरण, आपके बैंक की सभी शाखाओं/ कार्यालयों में प्रदर्शित की जाने वाली सीवीसी की नोटिस के मानक प्रारूप, सीवीसी द्वारा समय-समय पर जारी किए जाने वाले महत्वपूर्ण परिपत्र/ दिशानिर्देश, सीवीसी और बैंक के मुख्य तकनीकी निरीक्षक संगठन (सीटीईओ) और निवारक सतर्कता के लिए 'क्या करें और क्या न करें' जैसी जानकारी दी गई है. इससे अधिकारियों में सतर्कता जागरूकता के स्तर को बढ़ाने में आपके बैंक को सहायता मिली है.

वर्ष के दौरान अनाचार, यदि कोई हो तथा स्थापित प्रणालियों और प्रक्रियाओं के गैर-अनुपालन की जांच के लिए विभिन्न शाखाओं के औचक सतर्कता दौरे किए गए और जहां आवश्यक समझा गया, वहां समुचित सुधारात्मक उपाय सुझाए गए.

वर्ष के दौरान आपके बैंक के कर्मचारियों में सतर्कता जागरूकता का प्रचार-प्रसार करने के लिए निवारक एवं सहभागितात्मक सतर्कता पर केंद्रित कई चर्चापरक कार्यशालाएं और व्याख्यान/ प्रस्तुतियां आयोजित की गईं. उक्त कार्यक्रमों के दौरान सभी स्टाफ सदस्यों द्वारा अपने रोज़मर्रा के कामकाज में अपनी इच्छाशक्ति से स्वतः निवारक सतर्कता को अपनाने की जरूरत के साथ ही सतर्कता जागरूकता संगठनात्मक दक्षता के बड़े लक्ष्य को प्राप्त करने में कैसे सहायता करती है, इस पर ज्यादा ज़ोर दिया गया.

कर्मचारियों को भ्रष्टाचार की बुराइयों के बारे में जागरूक करने के लिए आपके बैंक के प्रधान कार्यालय, अंचल कार्यालयों और सभी शाखा कार्यालयों में 26-31 अक्तूबर 2015 के दौरान सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया गया. इस अवसर पर आपके बैंक ने स्टाफ सदस्यों के लाभ के लिए एक विशेष जर्नल भी जारी किया.

सतर्कता मामलों के साथ - साथ सतर्कता कार्यकलापों के लिए प्रक्रियाओं के संबंध में केंद्रीय सतर्कता आयोग (सीवीसी), भारत सरकार - वित्त मंत्रालय (एमओएफ), भारतीय रिज़र्व बैंक और बैंक द्वारा जारी नवीनतम अनुदेशों / दिशानिर्देशों / निदेशों के तत्काल और सुलभ संदर्भ को ध्यान में रखते हुए बैंक ने सतर्कता मैनुअल तैयार किया है. इस मैनुअल में सीवीसी, एमओएफ़, आदि द्वारा इस मामले में 31 मार्च 2016 तक जारी किए गए अद्यतन अनुदेशों को शामिल किया गया है.

विनियामक अनुपालन

आपके बैंक ने विभिन्न सांविधिक और विनियामक शर्तों एवं दिशानिर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए पर्याप्त कदम उठाए हैं. आपके बैंक में अनुपालन संबंधी कार्यकलापों पर नजर रखने के लिए मुख्य अनुपालन अधिकारी के रूप में नामित एक वरिष्ठ अधिकारी की देख-रेख में एक समर्पित अनुपालन विभाग है. आपके बैंक के अनुपालन कार्यकलाप के क्षेत्र में सांविधिक तथा विनियामक शर्तों और साथ ही इसके आंतरिक दिशानिर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करना शामिल है.

भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुरूप बोर्ड द्वारा बैंक के लिए अनुपालन नीति अपनायी गई है. इस नीति की वार्षिक आधार पर समीक्षा की जाती है. आपके बैंक में अनुपालन कार्य के संबंध में प्रत्येक टीयर के लिए भूमिका व जिम्मेदारी स्पष्ट रूप से निर्धारित की गई है. स्व-प्रमाणन प्रक्रिया के जरिए विनियामक तथा सांविधिक अनुपालनों का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए एक सुस्थापित रिपोर्टिंग प्रणाली मौजूद है जिसके द्वारा निदेशक मंडल को अनुपालन प्रमाणपत्र प्रस्तुत किया जाता है. बोर्ड की लेखापरीक्षा समिति (एसीबी) तथा बोर्ड को भारतीय रिज़र्व बैंक से प्राप्त महत्वपूर्ण सूचनाओं / दिशानिर्देशों के संबंध में मासिक / तिमाही अंतराल पर अवगत कराया जाता है.

सूचना का अधिकार अधिनियम

आपके बैंक ने कार्य के विभिन्न क्षेत्रों से संबंधित आवेदनों का उत्तर देने के लिए 24 केंद्रीय जन सूचना अधिकारी (सीपीआईओ) नामित किए हैं. इसके अलावा, सभी शाखा प्रमुखों को आरटीआई अधिनियम के अंतर्गत आवेदनों को प्राप्त करने और उन्हें नामित सीपीआईओ के पास भेजने के लिए केंद्रीय सहायक जन सूचना अधिकारी (सीएपीआईओ) के रूप में नामित किया गया है. आपके बैंक ने असंतुष्ट आवेदकों की अपीलों पर

कार्रवाई करने के लिए मुख्य महा प्रबंधक श्रेणी के एक वरिष्ठ अधिकारी को अपील प्राधिकारी के रूप में नामित किया है. आरटीआई अधिनियम की धारा 4 के प्रावधानों के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए एक पारदर्शिता अधिकारी नियुक्त किया गया है. बैंक की वेबसाइट (www.idbi.com) पर सूचना का अधिकार अधिनियम पर एक अलग लिंक उपलब्ध कराया गया है.

हिन्दी का प्रगामी प्रयोग

आपके बैंक ने अपने कारोबार में हिंदी के प्रयोग को बढ़ावा देने के लिए भारत सरकार द्वारा जारी निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन तथा सरकार के पहल कार्यों का अनुसरण जारी रखा. आपके बैंक के कॉरपोरेट कार्यालय के विभागों और शाखाओं द्वारा इस संबंध में निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए संगठित प्रयास किए गए.

ग्राहक इंटरफेस वाले कई पहल कार्यों को हिन्दी में उपलब्ध कराया गया है. इन पहल कार्यों में एटीएम में निर्देशों का द्विभाषिक डिस्प्ले (अंग्रेजी तथा हिन्दी में), दोनों भाषाओं में एटीएम लेन-देन स्लिप जारी होना तथा बैंक की वेबसाइट पर सूचनाओं को हिन्दी और अंग्रेजी में डिस्प्ले करना शामिल हैं. आपके बैंक ने टेम्पलेट पत्रों, फॉर्मों तथा अन्य महत्वपूर्ण संदर्भ सामग्री को द्विभाषिक रूप - हिन्दी और अंग्रेजी में - तैयार कर तथा साथ ही अपनी इंट्रानेट साइट पर द्विभाषिक शब्दकोश उपलब्ध करा कर स्टाफ सदस्यों को उनके कार्यालयीन कार्यों में हिन्दी का प्रयोग बढ़ाने के लिए सुविधा दी है. हिन्दी के प्रगामी प्रयोग को बढ़ाने के लिए आपके बैंक के सभी क्षेत्रों में राजभाषा जागरूकता कार्यक्रमों की श्रृंखला आयोजित की गई ताकि स्टाफ सदस्यों को राजभाषा कार्यान्वयन की विभिन्न अपेक्षाओं तथा हिन्दी यूनिकोड के प्रयोग से परिचित कराया जा सके. आपके बैंक में हिंदी के प्रयोग को बढ़ावा देने के लिए स्टाफ सदस्यों द्वारा किए गए पहल कार्यों को प्रोत्साहित करने एवं उन्हें मान्यता देने के लिए सभी क्षेत्रों में अनेक आंतरिक अभियान चलाए गए.

आपके बैंक द्वारा अपने परिचालनगत डोमेन में हिन्दी का प्रयोग बढ़ाने के प्रयास को वर्ष के दौरान विभिन्न मंचों पर सराहना मिली. आपके बैंक को 'ख' क्षेत्र में राजभाषा के सराहनीय प्रयोग के लिए भारत के माननीय राष्ट्रपति, श्री प्रणब मुखर्जी के कर कमलों से राजभाषा कीर्ति पुरस्कार प्रदान किया गया. आपके बैंक को उसी क्षेत्र में वर्ष के दौरान हिन्दी के प्रयोग में सराहनीय कार्य-निष्पादन के लिए भारतीय रिज़र्व बैंक के गवर्नर श्री रघुराम राजन द्वारा राजभाषा शील्ड पुरस्कार से सम्मानित किया गया. इसके अलावा संगठन में हिन्दी के प्रयोग को बढ़ाने के लिए आपके बैंक और इसके अधिकारियों की नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (टॉलिक) की पुणे, मुंबई तथा देहरादून इकाइयों ने प्रशंसा की. संसदीय राजभाषा समिति की साक्ष्य एवं आलेख उप समिति ने आपके बैंक द्वारा राजभाषा नीति लागू करने के प्रयासों की सराहना की. बैंक की आंतरिक तिमाही हिंदी पत्रिका 'विकास प्रभा' की एबीसीआई ने प्रशंसा की तथा दो श्रेणियों में पुरस्कार प्रदान किया. साथ ही, सुविख्यात सांस्कृतिक एवं साहित्यिक समूह, आशीर्वाद ने भी इसे 'सर्वोत्तम आंतरिक पत्रिका' के रूप में सम्मानित किया.

ग्राहक सेवा और शिकायत प्रबंधन

अपने सभी अंशधारकों के लिए सर्वाधिक पसंदीदा और विश्वसनीय बैंक बनने के ध्येय को पूरा करने के लिए आपके बैंक ने ग्राहक केंद्रित दृष्टिकोण अपनाया है जिसमें उत्कृष्ट ग्राहक सेवा और अपनी श्रेणी में सर्वोत्तम वित्तीय समाधानों के व्यापक समूह पर विशेष ज़ोर दिया गया है. आपके बैंक ने सभी ग्राहक संपर्क बिन्दुओं में सेवा स्तर में सुधार करने की अपनी मुहिम को जारी रखा है.

बोर्ड की ग्राहक सेवा समिति और ग्राहक सेवा पर स्थायी समिति जो बोर्ड की ग्राहक सेवा समिति को रिपोर्ट करती है, सुनिश्चित करती है कि ग्राहक सेवा और शिकायत प्रबंधन मामलों पर सर्वाधिक ध्यान दिया जाए.

आपके बैंक का ग्राहक सेवा केंद्र (सीसीसी), जो आईएसओ 9001 : 2008 प्रमाणित है, विभिन्न पद्धतियों के माध्यम से शिकायतों का प्रबंधन करता है. आपके बैंक ने समन्वित शिकायत प्रबंध सॉफ्टवेयर, जो विभिन्न माध्यमों से प्राप्त सभी शिकायतों/परिवादों की रिकार्डिंग, निगरानी और समयबद्ध निपटान को सुसाध्य बनाता है, का प्रयोग करते हुए विभिन्न डिलीवरी माध्यमों में अपनी शिकायत निवारण प्रणाली की प्रभावोत्पादकता को बढ़ाने के लिए कई कदम उठाए हैं. अपने ग्राहकों को अबाधित सेवा सुनिश्चित करने के लिए आपके बैंक ने हाल ही में बेलापुर, नवी मुंबई में स्थित अपने कॉल सेंटर के अलावा हैदराबाद में भी एक और पूर्णतः सज्जित कॉल सेंटर प्रारंभ किया है.

ग्राहक सेवा अनुभव को और बेहतर बनाने के लिए आपके बैंक ने कई नए उपाय किए हैं और मौजूदा प्रणालियों और प्रक्रियाओं में भी सुधार किए हैं. इन उपायों में (i) खाते में शेष राशि की जानकारी और लघु विवरण पत्र प्राप्त करने के लिए मिस्ड कॉल सुविधा शुरू करना; (ii) ग्राहकों से प्राप्त अनुरोधों की सम्पूर्ण ट्रैकिंग और त्वरित निष्पादन हेतु ऑनलाइन मॉड्यूल शुरू करना; (iii) बैंक की वेबसाइट के जरिए शिकायतों के पंजीयन की सुविधा प्रारंभ कर मौजूदा शिकायत निवारण प्रणाली को सुदृढ़ बनाना; और (iv) बैंक के आधिकारिक सोशल मीडिया चैनलों तथा बैंक के फोन बैंकिंग चैनल की पारस्परिक मौखिक प्रत्युत्तर (आईवीआर) प्रणाली के जरिए सुरक्षित बैंकिंग टिप्स और बीसीएसबीआई संहिता को बढ़ावा देते हुए ग्राहक जागरूकता निर्मित करना शामिल हैं.

आपका बैंक भारतीय बैंकिंग कोड एवं मानक बोर्ड (बीसीएसबीआई) का सदस्य है और इसने ग्राहकों के प्रति बैंक की प्रतिबद्धता का कोड और सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों के प्रति बैंक की प्रतिबद्धता का कोड अपनाया है. आपके बैंक की बीसीएसबीआई कोड के प्रति प्रतिबद्धता और अनुपालन को बीसीएसबीआई कोड अनुपालन रेटिंग 2015 के अनुसार कुल 85 अंकों के साथ 'उच्च' रेटिंग दी गई है. पिछली रेटिंग में भी आपके बैंक को कुल 81अंक के साथ 'औसत से ऊपर' का दर्जा दिया गया था. आपके बैंक की रेटिंग में सुधार निर्बाध ग्राहक सेवा उपलब्ध कराने के प्रति इसकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है.

सूचना प्रौद्योगिकी

आपके बैंक ने अपने ग्राहकों की अनुभूत आवश्यकताओं की पूर्ति और उनके लिए बैंकिंग को अधिक सुविधाजनक बनाने हेतु नवीनतम प्रौद्योगिकी और सुरक्षा विशेषताओं से युक्त व्यापक उन्नत वित्तीय सेवाएं एवं उत्पाद प्रदान करने के लिए अपनी प्रामाणिक आईटी श्रेष्ठता का पूर्ण लाभ उठाना जारी रखा. अपने ग्राहकों को बेजोड़ अनुभव उपलब्ध कराने के अपने प्रयासों के तहत आपका बैंक नई-नई प्रौद्योगिकियां अपनाता रहा है और प्रभावशाली उत्पाद, सेवाएँ और प्रणालियां शुरू करता रहा है ताकि प्रमाणित एवं नवोन्मेषी प्रौद्योगिकियों पर आधारित सुरक्षित परिवेश सुनिश्चित किया जा सके जिससे उसके ग्राहक लेन-देन करते समय सहज महसूस करें. ये प्रौद्यगिकी नवोन्मेष न केवल परिचालन सुविधा में सुधार लाते हैं बल्कि प्रणालियों और प्रक्रियाओं की क्षमता और सुरक्षा में भी वृद्धि करते हैं. विभिन्न प्रकार के प्रौद्योगिकी पहल कार्यों का व्यावसायिक तरीके से संचालन और प्रबंध करने के लिए आपके बैंक में आंतरिक सूचना प्रौद्योगिकी विभाग और आईटी सहायक कंपनी है जो आईटी संबन्धित आवश्यकताओं पर विशेष रूप से ध्यान देती है.

आपके बैंक ने ग्राहकों के बैंकिंग अनुभव को बेहतर बनाने के लिए अपनी शाखाओं में 100% कंप्यूटरीकरण के लिए अपनी आईटी श्रेष्ठता से लाभ उठाना जारी रखा. आपके बैंक में सुरक्षा के सभी उपायों से सुसज्जित टीयर 3 डेटा केंद्र हैं और इसके डेटा केंद्र और आपदा रिकवरी केंद्र के लिए आईएसओ-27001 (2013) सुरक्षा प्रमाणन भी प्राप्त किया गया है.

हरित पहल के रूप में आपके बैंक ने न्यूनतम ऊर्जा खपत के साथ गतिशील संसाधन पुनराबंटन का लक्ष्य प्राप्त करने के लिए सर्वर आभासीकरण प्रौद्योगिकी को कार्यान्वित किया है.

आपके बैंक का प्राथमिक उद्देश्य अपने ग्राहकों को झंझट मुक्त एवं निर्बाध बैंकिंग सेवाएँ उपलब्ध कराते हुए उनकी सेवा करना है. अतः आपके बैंक ने कारोबार निरंतरता प्रबंध के लिए बीएस-25999 प्रमाणन के साथ कारोबार की निरंतरता के मामले में वैश्विक मानक अपनाए हैं. ग्राहक सुरक्षा और हर्ष में वृद्धि तथा ग्राहकों की जरूरतों एवं प्रोफ़ाइल को वैज्ञानिक तरीके से विश्लेषित करने के लिए अपने आईटी एजेंडा के भाग के रूप में आपके बैंक ने तुलनात्मक रूप से दीर्घावधि वाली कई महत्वपूर्ण परियोजनाएं, जैसे कि उद्यम-वार डेटा वेयर हाउस सोल्युशन और उद्यम-वार धोखाधड़ी जोखिम प्रबंध सोल्युशन भी साथ-साथ शुरू की हैं. आपका बैंक बेहतर और आनंदमय ग्राहक अनुभव के लिए प्रौद्योगिकी प्रगति का लाभ लेने हेतु अपने कोर बैंकिंग सोल्युशन (सीबीएस) को उन्नत कर रहा है.

आपके बैंक को उच्च क्यूओएस वीपीएन अवधारणा, एचएक्स वीसैट पर उच्च बैंडविड्थ सेवाएँ अपनाने के लिए पहला सार्वजनिक क्षेत्र बैंक (पीएसबी) होने के नाते अचीवमेंट अवार्ड प्राप्त हुआ है. आपके बैंक ने मध्यम बैंक श्रेणी में चार आईबीए बैंकिंग टेक्नोलॉजी अवार्ड भी हासिल किए.

केंद्रीकृत परिचालन

आपके बैंक के पास केंद्रीकृत सेवाओं जैसे कि मीयादी जमाराशियों के ब्याज पर टीडीएस, कार्डों, पिन मेलर, चेक बुक, खाता विवरण तथा ग्राहकों को सुपुर्द किए जाने वाले अन्य प्रदेयों के निर्माण और सुपुर्दगी, डीमैट खाता खोलने आदि के लिए एक आधुनिकतम केन्द्रीय प्रसंस्करण इकाई (सीपीयू) है. इसी प्रकार से आपके बैंक के पास बचत बैंक खाता, चालू खाता और सावधि जमा खाता खोलने के लिए अत्याधुनिक क्षेत्रीय प्रसंस्करण इकाइयां (आरपीयू) भी हैं. ये आरपीयू मुंबई, दिल्ली, कोलकाता, चेन्नै, पुणे और अहमदाबाद में स्थित हैं. सीपीयू और आरपीयू खाता खोलते समय केवाईसी और एएमएल के दृष्टिकोण से लगने वाले समय (टीएटी) में कटौती और लागत की बचत पर और बेहतर तथा एकीकृत नियंत्रण सुनिश्चित करते हैं. सीपीयू और सभी 6 आरपीयू को आईएसओ 9001-2008 के अंतर्गत गुणवत्ता प्रमाणपत्र से प्रमाणित किया गया है. वर्ष के दौरान आपके बैंक को सीपीसी (टीडीएस), ट्रेसेस की वेबसाइट के साथ सफलतापूर्वक एकीकरण स्थापित करने वाले पहले बैंक के तौर पर आयकर विभाग द्वारा सराहना की गई है.

आपका बैंक पूरे भारत में स्थित अपने 17 केन्द्रीय समाशोधन इकाइयों (सीसीयू) के माध्यम से कागज आधारित लिखतों और इलेक्ट्रॉनिक समाशोधन लिखतों के भुगतान और संग्रहण की सेवा प्रदान करता है. चेक ट्रंकेशन प्रणाली (सीटीएस) के माध्यम से समाशोधन कार्यकलापों की देखरेख के लिए चेन्नई, दिल्ली और मुंबई में 3 ग्रिड स्थित हैं. इन तीनों ग्रिडों के समाशोधन कार्यकलाप सीटीएस में अंतरित हो गए हैं तथा यह परिवर्तन बड़ी सुगमता से और रिज़र्व बैंक एवं भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) द्वारा प्रस्तावित अनुसूचियों के अनुरूप हुआ है. चुंबकीय स्याही चिह्न पहचान (माइकर) के स्थान पर सीटीएस समाशोधन प्रणाली में हुए रूपांतरण के परिवर्तित परिप्रेक्ष्य में स्थान विशिष्ट सीसीयू की अवधारणा और आवश्यकता पुरानी हो चुकी है. आपके बैंक ने स्थान विशिष्ट 12 सीसीयू को 3 ग्रिड केंद्र सीसीयू में विलय कर दिया है ताकि स्थापना, प्रशासन, परिचालन की लागत को कम किया जा सके और समन्वय और कार्य क्षमता में वृद्धि हो.

शाखा परिचालन सहायता एवं नीति

आपका बैंक परिचालन संबंधी कार्यों को देखनेवाले स्टाफ को बैंकिंग परिचालनों, सेवाओं आदि के बारे में नवीनतम जानकारी उपलब्ध कराते हुए उनके दैनंदिन परिचालनों से संबंधित ज्ञान से अवगत कराने में अग्रणी रहा है. आपके बैंक ने ग्राहक सेवा में सुधार के प्रयोजन से विभिन्न सोल्युशन जैसे- लॉकर प्रबंध सॉफ्टवेयर, ई-रजिस्टर, ई-रिपोर्ट तथा अन्य सोल्युशन उपलब्ध कराये हैं.

आपके बैंक ने जमाकर्ता शिक्षण जागरूकता निधि योजना, 2014 को आवधिक आधार पर राशियां अंतरित करने संबंधी विनियामक निर्देशों का पूरा अनुपालन किया है. व्यापक नीतिगत दिशानिर्देश तैयार करने और उन्हें जारी करने तथा आपके बैंक में सभी भुगतान एवं विप्रेषण सेवाओं के परिचालन कार्य-कलापों के नियंत्रण एवं निगरानी के लिए एक केंद्रीय 'देशी भुगतान एवं विप्रेषण सेवा अनुभाग' भी बनाया गया है. आपके

बैंक ने विभिन्न माध्यमों जैसे तत्काल सकल निपटान (आरटीजीएस), राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिक निधि अंतरण (एनईएफटी), राष्ट्रीय स्वचालित समाशोधन गृह (एनएसीएच), इलेक्ट्रॉनिक समाशोधन सेवा (ईसीएस), आधार भुगतान सेतु प्रणाली (एपीबीएस), आधार सक्षम भुगतान प्रणाली (एईपीएस) और प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) के जरिए किए जाने वाले इलेक्ट्रॉनिक भुगतानों के निपटान के लिए इलेक्ट्रॉनिक संव्यवहार प्रसंस्करण केंद्र (ईटीपीसी) नामक एक विशिष्ट परिचालन इकाई भी स्थापित की है ताकि परिचालनों का बेहतर ढंग से समन्वय सुनिश्चित किया जा सके, सेवा सुपुर्दगी की क्षमता को बढ़ाया जा सके और शंकाओं एवं शिकायतों को शीघ्रतापूर्वक निपटाया जा सके.

आपका बैंक बैंकिंग उद्योग में भारतीय रिज़र्व बैंक की स्वच्छ नोट नीति को सुनिश्चित करने में अग्रणी रहा है. आपके बैंक ने देश भर में 12 अत्याधुनिक करेंसी चेस्ट (सीसी) स्थापित किए हैं. ये करेंसी चेस्ट सभी संबद्ध शाखाओं से प्राप्त नकदी को प्रसंस्कृत करते हैं और एटीएम तथा शाखाओं के जरिए वितरण के लिए स्वच्छ नोट उपलब्ध कराते हैं.

कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर)

आपका बैंक समाज के कमजोर तबके के लोगों के जीवन में अर्थपूर्ण और टिकाऊ सुधार लाने में सीएसआर कार्यकलापों के महत्व को स्वीकार करता है. आपका बैंक सीएसआर हस्तक्षेपों को कॉरपोरेट प्रतिष्ठा का निर्माण करने, कर्मचारी सहभागिता और नवोन्मेष के नजरिए से निवेश के रूप में देखता है. आपके बैंक ने कंपनी अधिनियम, 2013 के अनुपालन में बोर्ड अनुमोदित सीएसआर नीति तैयार की है जो 1 अप्रैल 2014 से लागू है.

वर्ष 2015-16 के दौरान आपके बैंक ने 20 सीएसआर मध्यस्थता परियोजनाओं को निधि उपलब्ध करायी. कंपनी अधिनियम, 2013 में विनिर्दिष्ट विभिन्न क्षेत्रों में इन विविध सीएसआर कार्यकलापों के जरिए आपके बैंक ने, अन्य बातों के साथ-साथ, हेल्थकेयर को बढ़ावा देने, स्वास्थ्य सुविधाओं और स्वच्छता सुविधाओं तक पहुँच को बेहतर बनाने, व्यावसायिक एवं रोजगार मूलक कौशल उन्नति, समाज के वंचित वर्गों के लोगों के लिए आजीविका के अवसरों में वृद्धि करने, पर्यावरणीय स्थायित्व को बढ़ाने और योजनाबद्ध हस्तक्षेपों के ज़रिए गाँवों का संपूर्ण विकास करने में भी योगदान दिया है.

इसके सिवाय, तमिलनाडु के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में फँसे लोगों को राहत उपाय उपलब्ध कराने के लिए स्थानीय सरकार के प्रयासों में सहयोग देने के लिए आपके बैंक ने 'मुख्यमंत्री सार्वजनिक राहत निधि - तमिलनाडु' में भी अंशदान दिया है. आपके बैंक ने भूतपूर्व सैनिकों, युद्ध में शहीद सैनिकों की विधवाओं और उनके आश्रितों के कल्याण एवं पुनर्वास के लिए सरकारी निधियों में भी योगदान दिया है.

इन प्रयासों की मान्यता के तौर पर, समाज सेवा के क्षेत्र में इसके अनुकरणीय योगदान के लिए आपके बैंक को लायन्स सीएसआर प्रीशियस अवार्ड 2016 प्राप्त हुआ है. आपके बैंक को उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र के 400 विद्यालयों में कार्यान्वित की जा रही इसकी पानी, स्वच्छता और स्वास्थ्य (वॉश) परियोजना के लिए वर्ष 2015-16 हेतु प्लेटिनम श्रेणी में 5वां वार्षिक ग्रीनटेक सीएसआर पुरस्कार भी प्राप्त हुआ है.

Management Discussion and Analysis

BUSINESS ENVIRONMENT

Global Economic Scenario

In Calendar Year (CY) 2015, the global economy continued to grow at moderate pace with different agencies estimating growth rate ranging from 2.4% to 3.1%. The global economic growth was weighed down by several factors, viz. persistent macro-economic uncertainties and volatility; low commodity prices and declining trade flows; rising volatility in exchange rates and capital flows; stagnant investment and diminishing productivity growth. Against this backdrop, India cemented its position as one of the bright spots in the global economy, overtaking China as the fastest growing major economy in the world. India's Gross Domestic Product (GDP) at market prices grew at 7.6% in 2015-16 as compared to growth of 7.2% in 2014-15. The macro-economic environment in India has improved over the past two years. Consumer and investor confidence have improved on the back of wide-ranging policy reforms that are being implemented by the Government of India.

The outlook for India remains favourable on the back of various structural reforms being undertaken in the economy as also improving macroeconomic fundamentals. The favourable outlook for inflation, softer interest rate environment and continued reform agenda of the Government of India are expected to help in further improving the business and consumer sentiments. These developments are expected to fuel the growth momentum in the Indian economy going forward and ensure the growth is sustained at an elevated trajectory.

BUSINESS REVIEW

During the year, your Bank focussed on continued expansion of its retail and priority sector lending portfolios in view of the need to rebalance its portfolio mix to minimise and mitigate concentration risk as well as meet regulatory requirements. Simultaneously, your Bank leveraged its strengths, capabilities and rich experience gained from its legacy as an apex Development Finance Institution (DFI). Furthermore, emphasis was placed on strengthening your Bank's position as one-stop financial conglomerate by augmenting the synergy between all its departments/ verticals as well as synergy between itself and its subsidiaries.

The strategic initiatives adopted by your Bank have been aptly supported by expanding branch and ATM network across the country. As on March 31, 2016, your Bank's network stood at 1,846 branches, comprising of 378 branches at metro locations, 460 branches at urban centres, 586 branches at semi-urban centres and 421 branches at rural centres, (including 244 Financial Inclusion branches) across India and 1 overseas branch at Dubai International Financial Centre (DIFC), Dubai and 3,310 ATMs.

Retail Banking

Retail Liability

Your Bank offers liability products across various segments such as High Net Worth Individuals (HNIs), kids, women, youth, senior citizens, salaried individuals, business persons etc. Keeping in view continuously evolving as well as emerging customer needs, your Bank continued to introduce new products and review the features and processes of existing retail liability products to meet those needs. Simultaneously, your Bank tapped new avenues to increase the share of low-cost deposits and generate fee-based income.

NRI Services

Your Bank highly values its relationship with its NRI customers and caters to their needs by offering a full spectrum of financial products and services, ranging from basic Non Resident External (NRE) Account, Non Resident Ordinary (NRO) Account and Foreign Currency Non Resident (FCNR) deposits to value-added services such as forward cover on FCNR deposits, Portfolio Investment Scheme (PIS) for investments in Indian secondary stock markets, overdraft facilities against the security of NRI deposits, home loans, loans against property and more. Your Bank also offers various options to NRI customers for hassle-free fund remittances to India to enable a fast, economical and convenient fund transfer.

Structured Retail Assets (SRA) Business

During the year, your Bank continued to be one of the most competitive players in the Structured Retail Assets segment with its innovative and best-in-class product and service

offerings. Your Bank has taken various initiatives including introducing innovative products/ offerings and improvement in processes. Your Bank offers home loan, loan against property, auto loan, education loan and personal loan and their variants under its SRA portfolio.

The key initiatives undertaken by your Bank across its loan offerings during the year are given below:

a. Education Loan:

- Modified the norms for loans extended to students pursuing courses in premier educational institutions to attract better quality loans.
- Launched a special scheme, viz. Skill Loan Scheme under education loan, in alignment with the Central Government's Skill India campaign, wherein students enrolled in or in the process of enrolling in various skill development courses were extended education loans.
- Became member to the 'Vidya Laxmi Portal' which is a one-stop portal for the students who are seeking education loan, thereby managing large number of leads. As the portal gets better visibility and acceptance, this is expected to help your Bank build quality PSL portfolio with low acquisition cost.

b. Auto Loan:

- Innovatively placed its auto loan products to meet the needs of today's generation who are more inclined towards seeking financial assistance for owning their dream vehicle.

c. Special Schemes:

- Introduced a special scheme, viz. 'Chennai Maitri Scheme' to offer financial assistance to people who were affected by the Chennai floods to repair/ renovate their houses/ other assets and avail medical treatment.

Apart from introducing innovative product features, your Bank continued to carry out regular review of product norms/ guidelines so as to make them more competitive. The feedback received from various quarters is given prompt attention ensuring your Bank's offerings remain among the best in the industry. Additionally, your Bank has leveraged technology to put in place an online Loan Application Processing System (LAPS), which is an end-to-end solution for retail loan products, enabling automation of the loan process right from the stage of proposal login till the opening of the loan account.

Alternate Channels

Alternate banking channels such as ATMs, mobile banking, internet banking, phone banking etc. have emerged as preferred banking channels. Your Bank has strategically expanded its reach through alternate channels by leveraging its state-of-the-art technology infrastructure.

Your Bank has launched a multi-purpose self-service ATM (mini-branch) in July 2015, which is first of its kind in India, to facilitate issuance of personalised cheques and demand drafts on 24x7 basis, apart from providing regular ATM services. Your Bank also offers e-lounge facilities, which are essentially self-service branches, at multiple locations across the country.

Your Bank offers its customers the convenience of carrying out their banking transactions using internet and mobile banking. Your Bank's mobile banking solution incorporates services such as query-based service (SMS Banking), alerts and mobile payments (Paymate), balance enquiry, mini transaction statement, bill payment etc. Your Bank has initiated a 'Missed Call' service wherein customers can give a missed call on a toll-free number to get a mini statement of his/ her last 5 transactions and send an SMS to obtain information about available account balance. Your Bank's 'Tab Banking (JusTab)' service was also launched during the year which allows opening of savings account from the comfort of the customers' home/ office through a tablet for improved Turnaround Time (TAT). Your Bank also launched 'PayApt Wallet' which is a one-step, one-stop payment solution for meeting the mobile payment needs.

Your Bank launched G-sec Investment Facility through ATM for retail investors, which is an unique and first of its kind service, that provides easy access to retail investors to invest in Government Securities. This is in line with the efforts of the Government of India and the Reserve Bank of India to broad-base and expand retail holding of G-Sec in the country, thereby deepening the debt market. This facility, which is an extension of the Bank's Samriddhi G-Sec portal, allows customers to transact in G-Sec using the ATM in a simple, convenient, transparent and cost-effective manner.

In view of the rising incidence of cyber-crimes and to protect its customers from such crimes, your Bank employs highly sophisticated technology, including security features in the form of 128-bit encryption levels, firewalls, triple DES EMV chips etc., to ensure safe and secure environment while the customer transacts using the alternate channels. Towards this end, one of the path-breaking initiatives is your Bank's Debit Card Control Mobile App, viz. Abhay App, which was launched during the year. Abhay App is first of its kind in the banking industry and allows the customer to manage

debit card using their smartphones, thereby minimising the chance of misuse of debit cards. The Abhay App has won Skoch Order-of-Merit, NetApp Innovation Award under the Enterprise Mobility category and ADFIAP Awards 2016 under the Technology Development category.

Card Products

Your Bank's portfolio of cards include variants of debit-cum-ATM cards, credit cards and prepaid cards which are customised to suit different transactional needs of the customers. The debit-cum-ATM card variants include Classic Debit Card, Gold Debit Card, Platinum Debit Card, Signature Debit Card, KIDS Debit Card, Being Me Debit Card and Women's Debit Card. The card variants are loaded with various features, keeping in view the financial needs of each of these target segments. Your Bank's debit-cum-ATM cards can be used to withdraw cash across India and abroad. It can also be used for shopping at more than 9 lakh merchant establishments in India and nearly 3 crore merchants worldwide. To provide added convenience to its customers, your Bank also introduced contactless debit cards during the year which enables the cardholder to transact by simply tapping their contactless card onto a contactless-enabled reader.

Your Bank currently offers 4 types of credit card products, viz. Royale Signature Credit Card, Euphoria World Credit Card, Imperium Platinum Credit Card, Aspire Platinum Credit Card. Out of these, the Euphoria and Imperium variants were launched on the occasion of your Bank's Foundation Day on October 1, 2015.

The prepaid cards offered by your Bank include Gift Cards, Cash Cards and World Currency Card/ Global Currency Card. Besides offering convenience, the Prepaid Cards have been tailored to meet the travel and gifting requirements of its customers.

Merchant Acquisition Business

Your Bank's Merchant Acquisition (ME) business has allowed it to acquire payment card transactions and develop a banking relationship with the merchants. Merchant establishments, which are your Bank's valued customers, can accept all credit and debit cards issued under Visa, Visa Electron, Master Card, Maestro and RuPay brands. Your Bank's Point of Sale (POS) terminals also have the capability to accept American Express cards.

Payment Gateway Facility

Your Bank offers card acceptance solutions on the Internet, through its Payment Gateway product 'Easy2Pay'. The card-based payment gateway uses a 128-bit Secure Socket Layer (SSL) data encryption standard. All the transactions are further secured through Merchant Plugin (MPI) and are routed for Verified by Visa (VBV) and Master secure authentication. Easy2Pay is certified by VeriSign Inc., one of the leading certifying authorities for web-site security.

Third Party Products (TPD) and Capital Market Products

In its bid to provide value-added services to its customers, your Bank offers various third party products, keeping in view their risk profile and financial goals.

During the year, the Reserve Bank of India issued Sovereign Gold Bond Scheme 2015-16 on behalf of Government of India, under which your Bank has mobilised funds to the tune of nearly ₹ 8.0 crores. In cognisance of importance of pension in ensuring social security in old age, your Bank has proactively endorsed subscription to National Pension System (NPS) among its customers and put in place enablers such as online registration and subscription through eNPS. Your Bank has been conferred with the Star Performance Award 2015 in Demat Account Opened under PSU Bank Category by National Securities Depository Ltd. (NSDL) in December 2015.

Financial Inclusion

Your Bank has been proactive in partnering with the policymakers to further the objective of financial inclusion by ensuring access to appropriate financial products and services needed by the most vulnerable sections of the society at an affordable cost in a fair and transparent manner. Your Bank has been actively promoting the agenda of financial inclusion with interventions in four key areas, viz., expanding banking infrastructure, offering appropriate financial products, making intensive use of technology and enhancing financial literacy.

Pradhan Mantri Jan Dhan Yojana (PMJDY) and Social Security Schemes

As on March 31, 2016, your Bank had opened more than 10 lakh accounts under PMJDY with facility of RuPay ATM-cum-Debit cards and overdraft. Your Bank has proactively participated in social security schemes of Government of India, viz. Pradhan Mantri Suraksha Bima Yojna (PMSBY) for accident insurance cover, Pradhan Mantri Jeevan Jyoti Bima Yojana (PMJJBY) for life insurance cover, and Atal Pension Yojana (APY) for pension in old age. As on March 31, 2016, your Bank had enrolled more than 9 lakh bank account holders under PMSBY and more than 4.5 lakh bank account holders under PMJJBY. Under APY, your Bank has enrolled more than 35,000 bank account holders.

Business Correspondents (BCs)/ Business Facilitators (BFs)

Your Bank has leveraged its network of Business Correspondents (BCs)/ Business Facilitators (BFs) in an effort to increase penetration particularly in rural and semi-urban areas and thereby, ensuring greater financial inclusion as also provide an added impetus to its Priority Sector Lending (PSL) business. To provide facility of payments through BCs (also referred to as Bank Mitras), hand-held devices have been provided to them which are enabled with the facilities to accept RuPay cards and carry out Aadhaar-based transactions. As on March 31, 2016, your Bank had a network of more than 1,300 individual BCs/ BFs who have collectively done business amounting to more than ₹ 1,100 crore. Furthermore, to enhance the skill sets of BCs/ BFs and thereby, prepare them to become confident, self-sufficient and viable, your Bank conducted extensive training sessions/ workshops for more than 1,300 BCs/ BFs at various locations across the country. Besides, your Bank has also provided on-the-job training to BCs/ BFs to develop their technical skill to operate on technology platforms for conducting banking transactions.

Financial Literacy

Financial literacy has been identified as a pre-requisite for effective financial inclusion and an integral part of the PMJDY in order to let the beneficiaries make best use of the financial services being made available to them. Your Bank has set up desks known as 'Vittiya Sakhsharta Jankari Kendras' in its rural branches which have been entrusted with the responsibility of spreading awareness on various banking products and Government social security schemes through conduct of outdoor literacy camps. During the year, your Bank's rural branches conducted more than 900 such outdoor literacy camps. Recognising the need to educate children about the importance of prudent financial management, your Bank also conducted financial literacy camps for higher secondary students in more than 100 schools across Maharashtra, Gujarat and Madhya Pradesh. Your Bank's Rural Self Employment Training Institute (IDBI-RSETI) located in Satara District in Maharashtra also conducts free residential training programmes in job-oriented courses for the rural youth to empower them to be self-employed. The Institute has been awarded 'A' grade by Ministry of Rural Development. During the year, IDBI-RSETI conducted 28 training programmes and trained 793 candidates.

Other Initiatives

Your Bank is registered with Unique Identification Authority of India (UIDAI) as Registrar for Aadhaar enrolments. Your Bank has so far enrolled more than 43 lakh residents across 14 States. Your Bank has actively participated in Direct Benefit Transfer (DBT) scheme of the Central/ State Governments. Further, your Bank has continued with the distribution of social security pension through the BC channel to more than 24,000 old-age pensioners in Raipur and Chhattisgarh and distribution of MNREGA wages in 3 districts in Chhattisgarh, covering more than 190 Gram Panchayats. As on March 31, 2016, nearly 23,000 beneficiary accounts have been opened by your Bank.

Awards for Financial Inclusion

Your Bank was conferred with awards and accolades from various quarters for its financial inclusion initiatives. These include Elets Knowledge Exchange Award, the Lokmat BFSI (Banking, Financial Services and Insurance) Awards, the Elets Financial Inclusion and Payment Systems (FIPS) Award, the ASSOCHAM Award for Financial Inclusion 2016 and Banking Frontier's FINNOVITTI AWARD 2016 for Innovative Technology.

Priority Sector Banking

a. Investment Management fees: Investment Management fees are recognized net-off service tax on an accrual basis as a percentage of the average daily net assets of the schemes of IDBI Mutual funds, such that it does not exceed the rates prescribed by the Securities and Exchange Board of India ('SEBI') (Mutual Fund) Regulations, 1996 (the 'Regulations') as amended.

ख. अन्य आय : ब्याज आय को अवधि आनुपातिक आधार पर हिसाब में लिया जाता है. खरीद लागत निकालने के लिए फीफ़ो पद्धति का प्रयोग करते हुए क्रय-विक्रय की तारीख को निवेशों के विक्रय पर लाभ/हानि का निर्धारण लाभ-हानि विवरण में किया जाता है. लाभांश प्राप्त करने का अधिकार सिद्ध हो जाने पर लाभांश आय का निर्धारण किया जाता है.

समेकित वित्तीय विवरणों की अनुसूचियां
Schedules to the Consolidated Financial Statements

b. Other income: Interest income is accounted for on period proportion basis. The profit/loss on the sale of investments is recognized in the statement of Profit and Loss on the trade date using the FIFO method for arriving at purchase cost. Dividend income is recognized when the right to receive dividend is established.

ग. वर्तमान वित्तीय वर्ष 2015-16 से लेखांकन नीति में बदलाव और उसका प्रभाव:

c. Change in accounting policy from current year F.Y. 2015-16 and its impact :

(i) नए निधि ऑफर (एनएफओ): नए निधि ऑफर को शुरू करने से संबंधित व्यय को उस वर्ष की लाभ-हानि विवरण में दर्शाया जाता है जिसमें वे उपगत होते हैं तथा सीमित अवधि वाली योजना के लिए इसे योजना की अवधि के दौरान लाभ-हानि विवरण में दर्शाया जाता है. यदि कंपनी ने 36 महीने की अवधि के दौरान निरंतर स्वरूप की निधियों के मामले में एनएफ़ओ व्ययों के परिशोधन की पूर्ववर्ती नीतिगत प्रक्रिया का प्रयोग जारी रखा होता तो चालू वित्तीय वर्ष 2015-16 का लाभ ₹ 37,03,172/- अधिक होता.

New Fund Offer (NFO): Launch expense relating to New Fund Offer are to be charged to the statement of Profit and Loss in the year in which they are incurred and for close ended scheme it is charged to Statement of Profit and Loss over the tenure of the scheme. Had the company continued to use the earlier policy method of amortizing the NFO expenses in case of open ended funds over a period of 36 month the profit of the current year F.Y. 2015-16 would have been higher by ₹ 37,03,172/-.

(ii) दलाली: निरंतर स्वरूप की इक्विटी संबद्ध कर बचत योजनाओं के मामले में अदा की गई प्रारंभिक दलाली को 36 महीने की अवधि में और किसी अन्य निरंतर स्वरूप की योजना के मामले में कर लगाकर वसूली की जाने वाली अवधि तक परिशोधित किया जाएगा. सीमित अवधि वाली योजनाओं के मामले में योजना की अवधि के दौरान प्रारंभिक दलाली परिशोधित की जाएगी. यदि कंपनी ने उस वर्ष में अपफ्रंट दलाली प्रभारित करने की पूर्व नीतिगत प्रक्रिया का प्रयोग करना जारी रखा होता जिसमें वह उपगत होता है तो चालू वर्ष का लाभ ₹ 1,20,16,204/- कम होता.

Brokerage: Upfront Brokerage paid in case of open ended Equity Linked Tax Saving Scheme schemes are to be amortized over the period of 36 months and in case of any other open ended scheme, over the claw back period. In case of closed ended schemes upfront brokerage to be amortized over the tenure of the scheme. Had the company continued to use the earlier policy method of charging the upfront brokerage in the year in which it is incurred the profit of the current year would have been lower by ₹ 1,20,16,204/-.

ix. आईडीबीआई एमएफ ट्रस्टी कंपनी लि. के मामले में,

In case of IDBI MF Trustee Company Ltd,

क. ट्रस्टीशिप शुल्क: ट्रस्टीशिप शुल्क का निर्धारण उपचित आधार पर आईडीबीआई म्यूचुअल फंड की योजनाओं की दैनिक औसत निवल आस्तियों के प्रतिशत के रूप में उपचय आधार पर इस प्रकार किया जाता है कि यह भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) (म्यूचुअल फंड) विनियमन, 1996 (विनियमन) तथा अन्य कोई संशोधन अथवा संबंधित योजनाओं के ऑफर डॉक्युमेंट में विनिर्दिष्ट दरों से अधिक न होने पाए.

a. Trusteeship fees: Trusteeship fees is recognized on accrual basis as a percentage of the average daily net assets of the schemes of IDBI Mutual funds, such that it does not exceed the rates prescribed by the Securities and Exchange Board of India ('SEBI') (Mutual Fund) Regulations, 1996 (the 'Regulations') and any other amendments or offer document of the respective schemes.

समेकित वित्तीय विवरणों की अनुसूचियां
Schedules to the Consolidated Financial Statements

ख. अन्य आयः निवेशों से आय को उपचित आधार पर हिसाब में लिया जाता है. लाभांश प्राप्त करने का अधिकार सिद्ध हो जाने पर लाभांश आय का निर्धारण किया जाता है.

b. Other income: Income from Investments is accounted on accrual basis. Dividend income is recognized when the right to receive dividend is established.

x. आईडीबीआई इंटेक लि. के मामले में समय तथा तात्विक आधार पर मूल्य निर्धारित संविदाओं से प्राप्त राजस्व को उस समय हिसाब में लिया जाता है जब सेवाएं प्रदान की जाती हैं और संबंधित लागत उपगत की जाती है. उत्पादों की बिक्री से राजस्व को कार्य की प्रगति के आधार पर तथा सहमत शर्तों के अनुसार माल के स्वामित्व के अंतरण पर हिसाब में लिया जाता है. वार्षिक तकनीकी सेवा राजस्व को प्रदान की गई सेवाओं की अवधि के दौरान आनुपातिक रूप से हिसाब में लिया जाता है. राष्ट्रीय संपर्क केंद्र से प्राप्त राजस्व को बिक्री की पुष्टि प्राप्त होने पर हिसाब में लिया जाता है. अन्य आय को उपचित आधार पर हिसाब में लिया जाता है. ब्याज से राजस्व का निर्धारण बकाया राशि और लागू दर को ध्यान में रखते हुए समय अनुपात आधार पर किया जाता है.

In case of IDBI Intech Ltd, Revenue from contracts priced on time and material basis are recognized when services are rendered & related costs are incurred. Revenue from sale of products is recognised on achievement of milestone basis and on transfer of property of goods as per agreed terms. Annual Technical Services revenue is recognised proportionately over the period in which the services are rendered. Revenue from National Contact Centre is recognised upon receipt of confirmation of sales. Other Income is accounted on Accrual basis. Revenue from Interest is recognised as a time proportion basis taking into account the amount outstanding and rate applicable.

xi. आईडीबीआई ट्रस्टीशिप सर्विसेज लि. के मामले में,

In case of IDBI Trusteeship Services Ltd.,

क. कंपनी अपना राजस्व स्वीकृति शुल्कों, सेवा प्रभारों, दस्तावेजीकरण प्रभारों, लॉकर के किराए और बैंक सावधि जमाराशियों में निवेश से आय के रूप में प्राप्त करती है जिनकी गणना उपचय आधार पर की जाती है.

a. The company derives its revenue from Acceptance Fees, Service Charges, Documentation Charges, Locker Rentals and Income from investments in Bank Fixed Deposit which are accounted for on accrual basis.

यदि बकाया देय राशियां अगले दो वित्तीय वर्षों की समाप्ति तक वसूल नहीं की जाती हैं, तो समनुदेशनों को अनियमित समनुदेशन के रूप में वर्गीकृत किया जाता है. इस प्रकार के अनियमित समनुदेशनों की आय प्राप्ति के वर्ष में ही गणना में ली जाती है. ऐसे अनियमित समनुदेशनों के प्रति पिछले वर्ष/ वर्षों में बकाया किसी भी राशि को ऐसे निर्धारण वर्ष में अशुद्ध ऋण के रूप में बट्टे खाते में डाल दिया जाता है.

Assignments are to be classified as irregular assignments if any outstanding dues are not recovered till the end of next two financial years. Income in respect of such irregular assignments is accounted for in the year of receipt. Any previous year/ s amount outstanding against, such irregular assignments are written off as bad debt in year of such determination.

जब अंतिम समाधान अनिश्चित हो, तो अन्य ऋणों को अशोध्य व बट्टे खाते डाला गया समझा जाता है.

Other Debts are considered as bad and written off when ultimate realisation is uncertain.

समेकित वित्तीय विवरणों की अनुसूचियां
Schedules to the Consolidated Financial Statements

ख. निवेश पर ब्याज आय को बकाया राशि तथा लागू ब्याज दर को हिसाब में लेते हुए समयानुपातिक आधार पर दर्शाया जाता है. इसे अन्य आय में शामिल किया जाता है.

b. Interest income on investment recognized on a time proportion basis taking into account amount outstanding and the applicable interest rate. It is included in other income.

xii. जीवन बीमा संयुक्त उद्यम - आईडीबीआई फेडरल लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लि.

Life Insurance Joint Venture-IDBI Federal Life Insurance Company Ltd

(i) प्रीमियम आय:

Premium Income:

गैर-संबद्ध कारोबार के लिए, प्रीमियम (सेवा कर घटाकर) को देय होने पर आय के रूप में अभिनिर्धारित किया जाता है. व्यपगत पॉलिसियों के प्रीमियम को इन पॉलिसियों के फिर से सक्रिय होने पर आय के रूप में हिसाब में लिया जाता है.

For non-linked business, premium (net of service tax) is recognized as income when due. Premium on lapsed policies is recognized as income when such policies are reinstated.

गैर-संबद्ध परिवर्ती बीमा कारोबार के लिए प्रीमियम को प्राप्ति तारीख पर आय माना जाता है.

For non-linked variable insurance business, premium is recognized as income on the date of receipt.

संराशीकृत प्रीमियम को संराशीकरण वर्ष में देय माना जाता है और उसे नवीकरण प्रीमियम माना जाता है.

Commuted premium is considered as due in the year of commutation and is considered as renewal premium.

टॉप अप प्रीमियम को एकल प्रीमियम माना जाता है.

Top up premiums are considered as single premium.

संबद्ध कारोबार के लिए, संबद्ध यूनिटों के आबंटन पर प्रीमियम को आय माना जाता है.

For linked business, premium is recognized as income when the associated units are allotted.

(ii) संबद्ध निधि से आय:

Income from Linked fund:

संबद्ध निधियों से आय, जिसमें निधि प्रबंधन प्रभार, नीति प्रशासन प्रभार, बीमा की लागत आदि शामिल हैं, को बीमा पॉलिसी के निबंधन एवं शर्तों के अनुसार संबद्ध निधि से वसूला जाता है और उपचय आधार पर हिसाब में लिया जाता है.

Income from linked funds which includes fund management charges, policy administration charges, cost of insurance, etc. are recovered from the linked fund in accordance with terms and conditions of policy and are accounted on accrual basis.

(iii) निवेशों पर अर्जित आय:

Income Earned on Investments:

निवेशों पर ब्याज आय को उपचय आधार पर निर्धारित किया जाता है. बट्टे का उपचय और ऋण प्रतिभूतियों से संबद्ध प्रीमियम के परिशोधन का निर्धारण सीधी रेखा आधार पर धारिता / परिपक्वता अवधि के बाद किया जाता है.

Interest income on investments is recognized on accrual basis. Accretion of discount and amortization of premium relating to debt securities is recognized over the holding/maturity period on a straight-line basis.

समेकित वित्तीय विवरणों की अनुसूचियां
Schedules to the Consolidated Financial Statements

बीमा पॉलिसियों पर ऋण से अर्जित ब्याज आय का निर्धारण उपचित आधार पर किया जाता है तथा इसे निवेशों पर ब्याज आय में शामिल किया जाता है.

Interest income earned on loan against insurance policies is recognized on accrual basis and is included in interest income on investments.

लाभांश की प्राप्ति का अधिकार सिद्ध हो जाने पर लाभांश आय का निर्धारण किया जाता है.

Dividend income is recognized when the right to receive dividend is established.

संबद्ध कारोबार के अलावा ऋण प्रतिभूतियों की बिक्री पर लाभ या हानि, निवल बिक्री प्रतिफल व परिशोधन लागत के बीच का अंतर होती है, जिसकी गणना बिक्री की तारीख के अनुसार औसत भारित आधार पर की जाती है.

Profit or loss on sale of debt securities for other than linked business is the difference between the net sale consideration and the amortized cost, which is computed on a weighted average basis, as on the date of sale.

संबद्ध कारोबार के अलावा इक्विटी शेयरों व म्यूचुअल फंड यूनिटों की बिक्री पर लाभ या हानि निवल बिक्री प्रतिफल व उसकी रखाव राशि का अंतर होता है, जिसकी गणना बिक्री की तारीख के अनुसार औसत भारित आधार पर की जाती है तथा इसमें पूर्व में "उचित मूल्य परिवर्तन खाते" के अंतर्गत निर्धारित उचित मूल्य के संचयी परिवर्तनों को शामिल किया जाता है.

Profit or Loss on sale of equity shares and mutual funds units for other than linked business is the difference between the net sale consideration and the carrying amount, which is computed on weighted average basis, as on the date of sale and includes the accumulated changes in the fair value previously recognized under “Fair Value Change Account”.

संबद्ध कारोबार के लिए धारित निवेशों की बिक्री पर लाभ या हानि निवल बिक्री प्रतिफल व उसकी रखाव राशि का अंतर होता है, जिसकी गणना बिक्री की तारीख के अनुसार औसत भारित आधार पर की जाती है.

Profit or loss on sale of investment held for linked business is the difference between the net sale consideration and the carrying amount, which is computed on a weighted average basis, as on the date of sale.

(iv) शुल्क और प्रभार

Fees and Charges

आईआरडीएआई विनियमों के अनुसार पॉलिसीधारकों की अदावी राशि से प्रशासन तथा निधि प्रबंधन व्ययों की वसूली का हिसाब उपचित आधार पर किया जाता है.

Recovery towards administration and fund management expenses from the Unclaimed Amount of Policyholders in accordance with IRDAI regulations is accounted on accrual basis.

(v) पुनर्बीमा प्रीमियम:

Reinsurance premium:

पुनर्बीमा की लागत पुनर्बीमाकर्ता के साथ हुए समझौते या सिद्धांततः व्यवस्था के अनुसार प्रीमियम आय का निर्धारण करते समय हिसाब में ली जाती है. किए गए पुनर्बीमा पर लाभ या कमीशन पुनर्बीमा पर दिए गए प्रीमियम में से घटाया जाता है.

Cost of reinsurance ceded is accounted for at the time of recognition of premium income in accordance with the treaty or in-principle arrangement with the reinsurer. Profit or commission on reinsurance ceded is netted off against premium ceded on reinsurance.

समेकित वित्तीय विवरणों की अनुसूचियां
Schedules to the Consolidated Financial Statements

(vi) अर्जन लागत:

Acquisition Costs:

अर्जन लागतें ऐसी लागतें होती हैं जो भिन्न-भिन्न होती हैं और प्राथमिक रूप से बीमा संविदा के अर्जन से जुड़ी होती हैं तथा ये उसी अवधि में व्यय की जाती हैं, जिस अवधि में उपगत होती हैं.

Acquisition costs are costs that vary with and are primarily related to acquisition of insurance contracts and are expensed in the period in which they are incurred.

(vii) प्रदत्त लाभ:

Benefits Paid:

प्रदत्त लाभ में पॉलिसी लाभ का दावा निपटान, यदि कोई हो, शामिल है.

Benefits paid comprise of policy benefits and claim settlement costs, if any.

मृत्यु, राइडर एवं अभ्यर्पण दावे सूचना मिलने के बाद हिसाब में लिए जाते हैं. उत्तरजीविता लाभ दावे व परिपक्वता दावे देय होने पर हिसाब में लिए जाते हैं.

Death, rider and surrender claims are accounted for on receipt of intimation. Survival benefit claims and maturity claims are accounted when due.

संबद्ध पॉलिसियों के अंतर्गत किए गए आहरण एवं अभ्यर्पण सहबद्ध यूनिटों के निरस्त होने पर संबंधित योजनाओं में हिसाब में लिए जाते हैं.

Withdrawals & Surrenders under linked policies are accounted in the respective schemes when the associated units are cancelled.

दावों पर पुनर्बीमा वसूलियां संबंधित दावों की अवधि में ही हिसाब में ली जाती हैं.

Reinsurance recoveries on claims are accounted for, in the same period as the related claims.

(viii) बीमांकिक देयता मूल्यांकन:

Actuarial liability valuation:

जीवन बीमा के मामले में प्रवर्तनशील बीमा पॉलिसियों के संबंध में तथा ऐसी पॉलिसियों के संबंध में जहाँ प्रीमियम तो जारी नहीं है, लेकिन देयता विद्यमान है, उनके संबंध में बीमांकिक देयता का निर्धारण नियुक्त बीमांकक द्वारा स्वीकार्य बीमांकक प्रथाओं, बीमा अधिनियम, 1938, इरडा विनियमन व भारतीय बीमांकक संस्थान के बीमांकक प्रथा मानकों की अपेक्षाओं के अनुरूप सकल प्रीमियम पद्धति से किया जाता है. संबद्ध पॉलिसियों के अंतर्गत देयताएं यूनिटों के मूल्य व मृत्यु एवं रुग्णता जोखिमों के संबंध में भावी गैर यूनिट रिज़र्व का योग करने के बाद पॉलिसी प्रभार घटाकर निकाली जाती हैं.

Actuarial liability for life policies in force and for policies in respect of which premium has been discontinued but a liability exists, is determined by the Appointed Actuary using the gross premium method, in accordance with accepted actuarial practice, requirements of Insurance Act 1938, IRDA regulations and the Actuarial Practice Standards of the Institute of Actuaries of India. Liabilities under unit linked policies are the sum of the value of units and the prospective non unit reserve in respect of mortality and morbidity risks and future policy expenses, less policy charges.

समेकित वित्तीय विवरणों की अनुसूचियां
Schedules to the Consolidated Financial Statements

5. अग्रिम और प्रावधान:

Advances and Provisions:

i. अग्रिमों को मानक, अवमानक, संदिग्ध तथा हानि आस्तियों के रूप में वर्गीकृत किया जाता है तथा रिज़र्व बैंक द्वारा निर्धारित विवेकपूर्ण मानदंडों के अनुसार प्रावधान किए जाते हैं. अग्रिमों को अनर्जक अग्रिमों के लिए किए गए प्रावधानों को घटाकर दिखाया जाता है.

Advances are classified into Standard, Sub-standard, Doubtful and Loss assets and provisions are made in accordance with the prudential norms prescribed by RBI. Advances are stated net of provisions towards non-performing advances.

ii. जहाँ बही ऋणों सहित मूर्त प्रतिभूति पर अग्रिमों का न्यूनतम 10% भाग विनिर्दिष्ट/ सृजित किया जाता है, वहाँ अग्रिमों को 'मूर्त आस्तियों द्वारा प्रतिभूत' के रूप में वर्गीकृत किया जाता है. एस्क्रो, गारंटी, चुकौती आश्वासन पत्र, ब्रांड पर प्रभार, लाइसेंस, पेटेंट, कॉपीराइट आदि के रूप में प्रतिभूति को 'मूर्त आस्तियां' नहीं माना जाता है.

Advances are classified as 'Secured by Tangible Assets' when security of at least 10% of the advance has been stipulated/created against tangible security including book debts. Security in the nature of escrow, guarantee, comfort letter, charge on brand, license, patent, copyright etc are not considered as 'Tangible Assets'.

iii. विगत वर्षों में बट्टे खाते डाले गए ऋणों में की गई वसूलियों तथा उधारकर्ता की मौजूदा स्थिति में आवश्यक न समझे गए प्रावधानों की राशि को लाभ-हानि लेखे में दर्शाया जाता है.

Amounts recovered against debts written-off in earlier years and provisions no longer considered necessary in the context of the current status of the borrower are recognized in the profit and loss account.

iv. बैंक अशोध्य और संदिग्ध अग्रिमों तथा निवेशों के लिए कोई अस्थायी प्रावधान नहीं करता है.

The Bank does not make any floating provision for bad and doubtful advances and investments.

v. पुनर्संरचित/ पुनःनिर्धारित ऋणों और अग्रिमों को बैंकों द्वारा ऋणों और अग्रिमों की पुनर्संरचना पर लागू रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों के प्रावधान अनुसार किया जाता है.

Provision on loans and advances restructured/rescheduled is made in accordance with the applicable RBI guidelines on restructuring of loans and advances by Banks.

vi. बैंक, बोर्ड के अनुमोदन से समय-समय पर संशोधित रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों द्वारा यथा अपेक्षित प्रति-चक्रीय बफर बनाता है और इसका उपयोग सीमाओं और रिज़र्व बैंक द्वारा अनुमत परिस्थितियों के भीतर करता है.

The Bank makes countercyclical buffer as required by RBI guidelines, amended from time to time, with the approval of the Board and utilizes the same within the limits and in the circumstances permitted by RBI.

6. निवेश:

Investments:

अ. वर्गीकरण:

A. Classification:

निवेश वर्गीकरण एवं मूल्यांकन के बारे में रिज़र्व बैंक के मौजूदा दिशानिर्देशों के अनुसार संपूर्ण निवेश पोर्टफोलियो को निम्नानुसार वर्गीकृत किया जाता है:

In terms of extant guidelines of the RBI on Investment classification and Valuation, the entire investment portfolio is categorized as:

समेकित वित्तीय विवरणों की अनुसूचियां
Schedules to the Consolidated Financial Statements

i. परिपक्वता तक धारित

Held To Maturity,

ii. बिक्री के लिए उपलब्ध तथा

Available For Sale and

iii. क्रय-विक्रय के लिए धारित

Held For Trading.

प्रत्येक श्रेणी के अतंर्गत निवेश को निम्नलिखित रूप में पुनःवर्गीकृत किया जाता है.

Investments under each category are further classified as:

i. सरकारी प्रतिभूतियां

Government Securities

ii. अन्य अनुमोदित प्रतिभूतियां

Other Approved Securities

iii. शेयर

Shares

iv. डिबेंचर तथा बांड

Debentures and Bonds

v. सहायक संस्थाएं/ संयुक्त उद्यम

Subsidiaries/ Joint Ventures

vi. अन्य (वाणिज्यिक पत्र, म्यूचुअल फंड यूनिट, प्रतिभूति रसीदें, पास थ्रू प्रमाणपत्र)

Others (Commercial Paper, Mutual Fund Units, Security Receipts, Pass through Certificate).

आ. वर्गीकरण का आधार:

B. Basis of Classification:

क) बैंक द्वारा परिपक्वता तक धारित रखने के उद्देश्य से किए गए निवेशों को 'परिपक्वता तक धारित' श्रेणी के अंतर्गत वर्गीकृत किया जाता है.

a) Investments that the Bank intends to hold till maturity are classified as 'Held to Maturity'.

ख) खरीद की तारीख से 90 दिनों के भीतर मूलतः फिर से बिक्री के लिए धारित रखे गए निवेशों को 'क्रय-विक्रय के लिए धारित' श्रेणी के अंतर्गत वर्गीकृत किया जाता है.

b) Investments that are held principally for sale within 90 days from the date of purchase are classified as 'Held for Trading'.

समेकित वित्तीय विवरणों की अनुसूचियां
Schedules to the Consolidated Financial Statements

ग) जो निवेश उपर्युक्त दोनों श्रेणियों में नहीं आते हैं, उन्हें 'बिक्री के लिए उपलब्ध' शीर्ष के अंतर्गत वर्गीकृत किया जाता है.

c) Investments, which are not classified in the above two categories, are classified as 'Available for Sale'.

घ) किसी निवेश को उसकी खरीद के समय 'परिपक्वता तक धारित', 'बिक्री के लिए उपलब्ध' अथवा 'क्रय-विक्रय के लिए धारित' की श्रेणी में वर्गीकृत किया जाता है और बाद में इन श्रेणियों के बीच में इनकी अदला-बदली रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार की जाती है.

d) An investment is classified as 'Held to Maturity', 'Available for Sale' or 'Held for Trading' at the time of its purchase and subsequent shifting amongst categories and its valuation is done in conformity with RBI guidelines.

ङ) सहायक कंपनियों और संयुक्त उद्यमों में किए गए निवेशों को 'परिपक्वता तक धारित' श्रेणी के अंतर्गत वर्गीकृत किया जाता है.

e) Investments in subsidiaries, joint venture are classified as 'Held to Maturity'.

इ. मूल्यांकन :

C. Valuation:

i) किसी निवेश की अर्जन लागत को निर्धारित करने में:

In determining the acquisition cost of an investment:

क. सेकंडरी बाजार से खरीदे गए इक्विटी लिखतों के मामले में प्रदत्त दलाली, कमीशन, स्टाम्प ड्यूटी और अन्य करों को अर्जन लागत में शामिल किया जाता है जबकि ट्रेजरी निवेशों सहित अन्य निवेशों के मामले में ऐसे व्ययों को लाभ-हानि लेखे में प्रभारित किया जाता है.

a) Brokerage, commission, stamp duty and other taxes paid are included in cost of acquisition in respect of acquisition of equity instruments from the secondary market whereas in respect of other investments, including treasury investments, such expenses are charged to Profit and Loss Account.

ब. खंडित अवधि के लिए प्रदत्त ब्याज / प्राप्त ब्याज को अर्जन लागत/ बिक्री में से घटाया जाता है और उसे ब्याज व्यय/ आय के रूप में माना जाता है.

b) Broken period interest paid/ received is excluded from the acquisition cost/ sale and treated as interest expense/ income.

ग. लागत का निर्धारण भारित औसत लागत पद्धति के अनुसार किया जाता है.

c) Cost is determined on the weighted average cost method.

ii) 'परिपक्वता तक धारित' निवेशों को जब तक यह अंकित मूल्य से अधिक न हों, अर्जन लागत के अनुसार हिसाब में लिया जाता है. ऐसे मामलों में प्रीमियम को परिपक्वता की शेष बची अवधि में सीधी रेखा पद्धति से परिशोधित किया जाता है. इस श्रेणी के अंतर्गत सहायक संस्थाओं / संयुक्त उद्यमों में निवेशों के मूल्य में अस्थायी स्वरूप की कमी के अलावा होने वाली अन्य कमी के संबंध में प्रत्येक निवेश के लिए अलग-अलग प्रावधान किया जाता है.

Investments 'Held To Maturity' are carried at acquisition cost unless it is more than the face value, in which case the premium is amortized on straight line basis over the remaining period of maturity. Diminution, other than temporary, in the value of investments in subsidiaries/ joint venture under this category is provided for each investment individually.

समेकित वित्तीय विवरणों की अनुसूचियां
Schedules to the Consolidated Financial Statements

iii) 'क्रय-विक्रय के लिए धारित' तथा 'बिक्री के लिए उपलब्ध' निवेशों के स्क्रिप-वार बाजार मूल्य को बही में अंकित किया जाता है और प्रत्येक श्रेणी में हुए निवल मूल्यह्रास, यदि कोई हो, को लाभ-हानि लेखे में दर्शाया जाता है जबकि किसी निवल वृद्धि, यदि कोई हो, को नहीं दर्शाया जाता है.

Investments 'Held For Trading' and 'Available For Sale' are marked to market scrip-wise and the resultant net depreciation, if any, in each category is recognized in the Profit and Loss Account, while the net appreciation, if any, are ignored.

क) ट्रेजरी बिलों, वाणिज्यिक पत्रों तथा जमा प्रमाणपत्रों का मूल्यांकन बट्टाकृत लिखत होने के कारण रखाव लागत पर किया जाता है.

a) Treasury Bills, commercial papers and certificates of deposit being discounted instruments are valued at carrying cost,

ख) क्रय-विक्रय/ उद्धृत किए गए निवेशों के संबंध में बाजार मूल्य स्टॉक एक्सचेंजों में उपलब्ध क्रय-विक्रय/ भाव-सूची से लिया जाता है.

b) In respect of traded/ quoted investments, the market price is taken from the trades/ quotes available on the stock exchanges.

ग) उद्धृत सरकारी प्रतिभूतियों को मूल्य बाजार कीमत पर मूल्यांकित किया जाता है तथा अनुद्धृत / क्रय-विक्रय न की जाने वाली सरकारी प्रतिभूतियों का मूल्यांकन भारतीय नियत आय मुद्रा बाज़ार और व्युत्पन्नी संघ एफआईएमएमडीए के साथ मिलकर भारतीय प्राथमिक व्यापारी संघ (पीडीएआई) द्वारा घोषित कीमत पर किया जाता है.

c) The quoted Government Securities are valued at market prices and unquoted/non-traded government securities are valued at prices declared by Primary Dealers Association of India (PDAI) jointly with Fixed Income Money Market and Derivative Association of India (FIMMDA).

घ) अनुद्धृत शेयरों का मूल्य अलग-अलग मूल्य या अद्यतन तुलन पत्र उपलब्ध होने पर निवल आस्ति मूल्य पर, अन्यथा ₹1 प्रति कंपनी के आधार पर निकाला जाता है और यूनिटों का मूल्य रिज़र्व बैंक के संगत दिशानिर्देशों के अनुसार पुनर्खरीद मूल्य पर निकाला जाता है.

d) The unquoted shares are valued at break-up value or at Net Asset Value if the latest balance sheet is available, else, at ₹ 1/- per company and units of mutual fund are valued at repurchase price as per relevant RBI guidelines.

ड़) नियत आय वाली अनुद्धृत प्रतिभूतियों (सरकारी प्रतिभूतियों को छोड़कर) का मूल्य समान परिपक्वता अवधि वाली केंद्र सरकार की प्रतिभूतियों की परिपक्वता पर प्रतिफल (वाईटीएम) दरों पर समुचित रूप से अधिक दर निर्धारित कर वाईटीएम आधार पर निकाला जाता है. ऐसे कीमत-लागत अंतर व वाईटीएम दरों को एफआईएमएमडीए द्वारा प्रकाशित संबंधित दरों के आधार पर लागू किया जाता है.

e) The unquoted fixed income securities (other than government securities) are valued on Yield to Maturity (YTM) basis with appropriate mark-up over the YTM rates for Central Government securities of equivalent maturity. Such mark-up and YTM rates applied are as per the relevant rates published by FIMMDA.

च) आस्ति पुनर्निर्माण कंपनियों द्वारा जारी प्रतिभूति रसीदों का मूल्यांकन रिज़र्व बैंक द्वारा समय-समय पर जारी किए गए तथा ऐसे लिखतों पर लागू दिशानिर्देशों के अनुसार किया जाता है. तद्नुसार ऐसे मामलों में जहाँ आस्ति पुनर्निर्माण कंपनियों

समेकित वित्तीय विवरणों की अनुसूचियां
Schedules to the Consolidated Financial Statements

द्वारा जारी प्रतिभूति रसीदों से नकदी प्रवाह, संबंधित योजना में लिखतों को समनुदेशित वित्तीय आस्तियों की वास्तविक वसूली तक सीमित हो, वहाँ बैंक आस्ति पुनर्निर्माण कंपनियों से समय-समय पर प्रत्येक रिपोर्टिंग अवधि की समाप्ति पर इस प्रकार के निवेशों के मूल्यांकन के लिए निवल आस्ति मूल्य को हिसाब में लेता है.

f) Security receipts issued by the asset reconstruction companies are valued in accordance with the guidelines applicable to such instruments, prescribed by RBI from time to time. Accordingly, in cases where the cash flows from security receipts issued by the asset reconstruction companies are limited to the actual realisation of the financial assets assigned to the instruments in the concerned scheme, the Bank reckons the net asset value obtained from the asset reconstruction company from time to time, for valuation of such investments at each reporting period end.

छ) उद्धृत अधिमानी शेयरों को बाजार दरों पर मूल्यांकित किया जाता है तथा अनुद्धृत / क्रय-विक्रय न किये जाने वाले अधिमानी शेयरों को परिपक्वता पर उचित प्रतिफल द्वारा मूल्यांकित किया जाता है जो रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार मोचन मूल्य से अधिक नहीं होगा.

g) Quoted Preference shares are valued at market rates and unquoted/non-traded preference shares are valued at appropriate yield to maturity basis, not exceeding redemption value as per RBI guidelines.

निवेशों की बिक्री से प्राप्त लाभ या हानि को लाभ-हानि लेखे में जमा/ नामे किया जाता है. तथापि 'परिपक्वता तक धारित' श्रेणी में निवेशों की बिक्री से लाभ को पहले लाभ-हानि लेखे में जमा किया जाता है, उसके बाद वर्ष/ अवधि की समाप्ति पर लागू करों को घटाकर पूंजी रिज़र्व खाते में समायोजित किया जाता है. बिक्री से हानि को लाभ-हानि लेखे में दर्शाया जाता है.

Profit or Loss on sale of investments is credited/ debited to Profit and Loss Account. However, profits on sale of investments in 'Held to Maturity' category is first credited to Profit and Loss Account and thereafter appropriated, net of applicable taxes to the Capital Reserve Account at the year/period end. Loss on sale is recognized in the Profit and Loss Account.

निवेशों की राशि प्रावधानों को घटाकर दर्शाई जाती है.

Investments are shown net of provisions.

ई. रेपो एवं रिवर्स रेपो लेन-देन :

D. Repo and reverse repo transactions:

रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार सरकारी प्रतिभूतियों व कॉरपोरेट ऋण प्रतिभूतियों (चलनिधि समायोजन सुविधा ('एलएएफ') व सीमांत आपाती सुविधा ('एमएसएफ') के तहत रिज़र्व बैंक से किए गए लेन-देनों को छोड़कर) रेपो व रिवर्स रेपो के लेन-देन क्रमशः ऋण लेने व ऋण देने वाले लेन-देन के रूप में दर्शाए जाते हैं. रेपो लेन-देन पर उधार लागत को ब्याज व्यय के रूप में तथा रिवर्स रेपो लेन-देन पर प्राप्त राजस्व को ब्याज आय के रूप में हिसाब में लिया जाता है.

In accordance with the RBI guidelines repo and reverse repo transactions in government securities and corporate debt securities (excluding transactions conducted under Liquidity Adjustment Facility ('LAF') and Marginal Standby Facility ('MSF') with RBI) are reflected as borrowing and lending transactions respectively. Borrowing cost on repo transactions is accounted as interest expense and revenue on reverse repo transactions is accounted as interest income.

समेकित वित्तीय विवरणों की अनुसूचियां
Schedules to the Consolidated Financial Statements

रिज़र्व बैंक से एलएएफ एवं एमएसएफ के अंतर्गत किए गए रेपो लेन-देन के संबंध में रिज़र्व बैंक से उधार ली गई राशि को निवेश खाते में जमा कर लेन-देन की परिपक्वता पर रिवर्स किया जाता है. इस पर लगने वाली लागत को ब्याज व्यय माना जाता है. एलएएफ के अंतर्गत रिवर्स रेपो लेन-देनों के संबंध में रिज़र्व बैंक को दी गई राशि निवेश खाते में नामे कर लेन-देन की परिपक्वता पर रिवर्स कर दी जाती है. इस पर राजस्व को ब्याज आय के रूप में हिसाब में लिया जाता है.

In respect of repo transactions under LAF and MSF with RBI, amount borrowed from RBI is credited to investment account and reversed on maturity of the transaction. Costs thereon are accounted for as interest expense. In respect of reverse repo transactions under LAF, amount lent to RBI is debited to investment account and reversed on maturity of the transaction. Revenues thereon are accounted as interest income.

I. आईडीबीआई असेट मैनेजमेंट लिमिटेड के मामले में,

In case of IDBI Assets Management Ltd,

ऐसे निवेश जो तत्काल वसूली योग्य हैं और ऐसे निवेश करने की तारीख से एक वर्ष से अधिक अवधि के लिए धारित नहीं किए जाने हैं, उन्हें चालू निवेश के रूप में वर्गीकृत किया जाता है. अन्य सभी निवेशों को दीर्घावधि निवेश के रूप में वर्गीकृत किया जाता है. चालू निवेशों को लागत या उचित मूल्य, जो भी कम हो, पर दर्शाया जाता है. दीर्घावधि निवेशों को लागत पर दर्शाया जाता है.तथापि, निवेशों के मूल्य में कमी, अस्थायी कमी को छोड़कर, के संबंध में ह्रास के लिए प्रावधान किया जाता है. ऐसे घटाव का निर्धारण प्रत्येक निवेश के लिए अलग-अलग किया जाता है.

Investments which are readily realizable and are intended to be held for not more than one year from the date, on which such investments are made, are classified as current investments. All other investments are classified as long term investments. Current investments are carried at cost or fair value, whichever is lower. Long-term investments are carried at cost. However, provision for diminution is made to recognize a decline, other than temporary, in the value of the investments, such reduction being determined and made for each investment individually.

II. आईडीबीआई ट्रस्टीशिप सर्विसेज लि. के मामले में,

In case of IDBI Trusteeship Services Ltd,

ऐसे सभी निवेश जो लंबे समय से धारित हैं, उन्हें गैर-चालू निवेश के रूप में वर्गीकृत किया जाता है. दीर्घावधि निवेश लागत पर दर्शाए जाते हैं. दीर्घावधि निवेशों के मूल्य में अस्थायी स्वरूप से भिन्न कमी को दर्शाया जाता है.

All investments which are held, since a long period, same are classified as Non Current Investments. Long term investments are stated at cost. Decline in value of long term investment is recognised, if considered other than temporary.

III. आईडीबीआई कैपिटल मार्केट सर्विसेज़ लि. के मामले में,

In case of IDBI Capital Market Services Ltd,

क. निवेशों को गैर-चालू और चालू निवेशों के रूप वर्गीकृत किया जाता है. लाभांश तथा ब्याज के जरिए आय अर्जित करने के लिए तथा पूंजीगत मूल्यवृद्धि के प्रयोजनार्थ अर्जित तथा धारित प्रतिभूतियों और अन्य वित्तीय आस्तियों का गैर चालू निवेश के रूप में वर्गीकृत किया जाता है और उनका मूल्यांकन उनकी अर्जन लागत पर किया जाता है. उनके मूल्य में अस्थायी गिरावट से भिन्न गिरावट, यदि कोई हो, का निर्धारण किया जाता है. चालू निवेश कम लागत या बाजार मूल्य पर किया जाता है. मार्केट मेकर के रूप में बाजार निर्माण प्रक्रिया में अर्जित प्रतिभूतियों को धारिता-अवधि पर ध्यान दिये बिना चालू निवेशों के रूप में वर्गीकृत किया जाता है.

समेकित वित्तीय विवरणों की अनुसूचियां
Schedules to the Consolidated Financial Statements

a. Investments are classified into non-current and current investments. Securities and other financial assets acquired and held for earning income by way of dividend and interest and for the purpose of capital appreciation are classified as non-current investments and are valued at their cost of acquisition. Decline in their value other than temporary, if any, is recognized. Current investments are carried at lower of cost or market value. Securities acquired in the market making process as market maker are classified as Current Investments irrespective of the period of holding.

ख. अल्पावधि धारिता और ट्रेडिंग के उद्देश्य से अर्जित प्रतिभूतियों को विक्रेय माल समझा जाता है और उसे चालू आस्तियों के रूप में माना जाता है.

b. Securities acquired with the intention of short-term holding and trading are considered as stock-in-trade and regarded as current assets.

ग. विक्रेय माल श्रेणीवार के रूप में धारित प्रतिभूतियों को कम लागत या बाजार/ उचित मूल्य पर मूल्यांकित किया जाता है. सिर्फ एकमुश्त लेन-देनों पर विचार करते हुए भारित औसत प्रणाली का अनुसरण कर लागत निकाली जाती है. बाजार मूल्य को वास्तविक क्रय-विक्रय के लिए बाजार भावों के आधार पर निर्धारित किया जाता है और जहां ऐसे भाव उपलब्ध नहीं हैं वहाँ उचित मूल्य निर्धारित किया जाता है, ऋण प्रतिभूतियों के मामले में, समान परिपक्वता और साख स्थिति की प्रतिभूतियों पर आय-प्राप्ति के संदर्भ में और इक्विटी के मामले में उपलब्ध अंतिम तुलन पत्र के अनुसार विश्लेषित मूल्य के संदर्भ में निर्धारित किया जाता है. प्रत्येक प्रतिभूति को अलग-अलग मूल्यांकित किया जाता है. प्रत्येक प्रतिभूति के लिए मूल्यह्रास, यदि कोई हो, का प्रावधान किया जाता है और मूल्यवृद्धि, यदि कोई हो, तो उसे छोड़ दिया जाता है.

c. Securities held as stock-in-trade category wise are valued at lower of cost or market/fair value. Cost is derived by following the weighted average method considering only outright transactions. Market value is determined based on market quotes for actual trades and where such quotes are not available, fair value is determined, in the case of debt securities, with reference to yields on securities of similar maturity and credit standing, and in the case of equities, with reference to the break-up value as per the last available balance sheet. Each security is valued individually. The depreciation, if any, for each security is provided and the appreciation, if any, is ignored.

घ. निवेश के रूप में धारित सरकारी प्रतिभूतियों पर प्रदत्त प्रीमियम को लिखत की अवधि के दौरान परिशोधित किया जाता है.

d. Premium paid on government securities held as investment is amortized over the tenor of the instrument.

IV. जीवन बीमा संयुक्त उद्यम - आईडीबीआई फेडरल लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड

Life Insurance Joint Venture-IDBI Federal Life Insurance Company Ltd,

i. बीमा अधिनियम, 1938, आईआरडीए (निवेश) विनियम, 2000 और आईआरडीए द्वारा इस संदर्भ में समय-समय पर जारी विभिन्न अन्य परिपत्रों/ अधिसूचनाओं के अनुसार निवेश किए जाते हैं.

Investments are made in accordance with the Insurance Act, 1938, the IRDA (Investment) Regulations, 2000, and various other circulars/notifications issued by the IRDA in this context from time to time.

ii. निवेशों को खरीद की तारीख को लागत पर दर्ज किया जाता है जिसमें दलाली तथा कर, यदि कोई हों, शामिल किए जाते हैं और उपचित ब्याज शामिल नहीं किए जाते हैं.

Investments are recorded at cost on the date of purchase, which includes brokerage and taxes, if any, and excludes accrued interest.

समेकित वित्तीय विवरणों की अनुसूचियां
Schedules to the Consolidated Financial Statements

अ) वर्गीकरण:

A) Classification:

i. तुलन पत्र की तारीख से बारह महीने के भीतर परिपक्व होने वाले निवेश और तुलन पत्र की तारीख से बारह महीनों में निपटाने के विशेष अभिप्राय से किए गए निवेशों को अल्पावधि निवेश के रूप में वर्गीकृत किया जाता है.

Investments maturing within twelve months from the balance sheet date and investments made with the specific intention to dispose them off within twelve months from the balance sheet date are classified as short term investments.

ii. अल्पावधि निवेशों के अलावा अन्य निवेशों को दीर्घावधि निवेशों के रूप में वर्गीकृत किया जाता है.

Investments other than short-term investments are classified as long-term investments.

आ) मूल्यांकन - शेयरधारकों के निवेश और गैर-संबद्ध पॉलिसीधारकों के निवेश

B) Valuation – shareholders' investments and non-linked policyholders' investments

i. सभी ऋण प्रतिभूतियों को 'परिपक्वता तक धारित' माना जाता है और वे तदनुसार परंपरागत लागत पर दर्शायी जाती है जो सीधी रेखा पद्धति के आधार पर परिपक्वता/ धारिता अवधि के दौरान प्रीमियम के परिशोधन अथवा छूट पर वृद्धि के अधीन है.

All debt securities are considered as 'held to maturity' and accordingly stated at historical cost, subject to amortization of premium or accretion of discount over the period of maturity/holding on a straight line basis.

ii. तुलन पत्र की तारीख को सूचीबद्ध इक्विटी शेयरों को उनके उचित मूल्य पर - 'नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ('एनएसई')' - प्राथमिक एक्सचेंज पर अंतिम मूल्य पर अंकित किया जाता है. यदि इक्विटी शेयर प्राथमिक एक्सचेंज पर सूचीबद्ध नहीं है या सौदा नहीं किया गया है तो उसे उसके उचित मूल्य पर 'बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज ('बीएसई')' - द्वितीयक एक्सचेंज पर अंतिम मूल्य पर अंकित माना जाता है. म्यूचुअल फंड यूनिटों को तुलन पत्र की तारीख को पिछले दिन के शुद्ध आस्ति मूल्य पर मूल्यांकित किया जाता है. सूचीबद्धता की प्रतीक्षा में इक्विटी शेयरों को परंपरागत मूल्य पर अंकित किया जाता है जो इस तरह के निवेश मूल्य के प्रत्येक निवेश के लिए अलग से निर्धारित किया गया है और जो मूल्य में कमी, यदि कोई हो, के लिए प्रावधान के अधीन है.

Listed equity shares as at the balance sheet date are stated at fair value being the quoted closing price on the Primary Exchange – 'National Stock Exchange ('NSE')'. In case the equity share is not listed/ traded on the Primary Exchange the quoted closing price on the Secondary Exchange – 'Bombay Stock Exchange ('BSE')', is considered as fair value. Mutual fund units as at the balance sheet date are valued at the previous day's net asset values. Equity shares awaiting listing are stated at historical cost subject to provision for diminution, if any, in the value of such investment determined separately for each individual investment.

iii. सूचीबद्ध इक्विटी शेयरों और म्यूचुअल फंड यूनिट के उचित मूल्य में हुए परिवर्तन के कारण न लिए गए लाभ/ हानि को "उचित मूल्य परिवर्तन खाते" में लिया जाता है और तुलन पत्र में आगे ले जाया जाता है.

Unrealized gains/losses arising due to changes in the fair value of listed equity shares and mutual fund units are taken to "Fair Value Change Account" and carried forward in the balance sheet.

समेकित वित्तीय विवरणों की अनुसूचियां
Schedules to the Consolidated Financial Statements

iv. किसी भी ह्रास हानि को राजस्व या लाभ-हानि लेखे में उतना व्यय समझा जाता है, जितना कि प्रतिभूति या निवेश के पुनर्मूल्यित उचित मूल्य व राजस्व या लाभ-हानि खाते में व्यय के रूप में निर्धारित किसी भी पूर्व ह्रासित हानि द्वारा कम की गई इसकी अर्जन लागत के बीच का अंतर होता है. पूर्व में अभिनिर्धारित किसी भी ह्रास हानि के प्रतिवर्तन को राजस्व या लाभ-हानि लेखों में दर्शाया जाता है.

Any impairment loss is recognized as an expense in Revenue or Profit and Loss Account to the extent of the difference between the re-measured fair value of the security or investment and its acquisition cost as reduced by any previous impairment loss recognized as expense in Revenue or Profit and Loss Account. Any reversal of previously recognized impairment loss is recognized in Revenue or Profit and Loss Account.

इ) मूल्यांकन - संबद्ध कारोबार

C) Valuation - linked business

i. सरकारी प्रतिभूतियों का मूल्यांकन भारतीय नियत आय मुद्रा बाजार और व्युत्पन्नी संघ (एफआईएमएमडीए) से प्राप्त मूल्यों के आधार पर किया जाता है. सरकारी प्रतिभूतियों के अलावा ऋण प्रतिभूतियों का मूल्यांकन रेटिंग एजेंसी द्वारा दैनिक आधार पर जारी किए जाने वाले प्रतिफल मैट्रिक्स का उपयोग करते हुए उचित मूल्य आधार पर किया जाता है.

Government Securities are valued at prices obtained from Fixed Income Money Market and Derivative Association of India (FIMMDA). Debt Securities other than Government Securities are valued at Fair Value using Yield Matrix for Bonds released by Rating Agency, on a daily basis.

ii. मुद्रा बाज़ार लिखतों अर्थात् - जमा प्रमाणपत्र, संपार्श्विक उधार तथा उधार लेन-देन संबंधी दायित्व का मूल्यांकन लागत पर किया जाता है, जो धारिता/ परिपक्वता अवधि पर सीधी रेखा आधार पर बट्टे की अभिवृद्धि या प्रीमियम के परिशोधन के अधीन होता है. अन्य मुद्रा बाजार लिखतों जैसे - वाणिज्यिक कागजातों, ट्रेजरी बिलों का मूल्यांकन आईआरडीएआई दिशानिर्देशों के अनुरूप एफ़आईएमएमडीए से प्राप्त मूल्यों पर किया जाता है.

Money Market Instruments i.e. Certificate of Deposit, Collateral Borrowing and Lending Obligation are valued at cost, subject to accretion of discount or amortization of premium over the holding/maturity period on a straight line basis. Other Money Market instruments like Commercial Papers, Treasury Bills are valued at prices obtained from FIMMDA in line with IRDAI guidelines.

iii. तुलन पत्र की तारीख को सूचीबद्ध इक्विटी शेयरों को उनके उचित मूल्य पर अंकित किया जाता है जो प्राथमिक एक्सचेंज - 'नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ('एनएसई') पर उद्धृत अंतिम भाव होता है. यदि इक्विटी शेयर प्राथमिक एक्सचेंज पर सूचीबद्ध नहीं है या सौदा नहीं किया गया है तो उसे सेकेन्डरी एक्सचेंज - 'बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज ('बीएसई')' पर उद्धृत बंद भाव को उचित मूल्य माना जाता है. म्यूचुअल फंड यूनिटों का मूल्यांकन पिछले दिन के निवल आस्ति मूल्य पर किया जाता है. सूचीबद्धता की प्रतीक्षा में इक्विटी शेयरों को परंपरागत मूल्य पर अंकित किया जाता है जो इस तरह के निवेश मूल्य के प्रत्येक निवेश के लिए अलग से निर्धारित किया गया है और जो मूल्य में कमी, यदि कोई हो, के लिए प्रावधान के अधीन है.

Listed equity shares as at the balance sheet date are stated at fair value being the quoted closing price on the Primary Exchange – 'National Stock Exchange ('NSE')'. In case the equity share is not listed/traded on the Primary Exchange the quoted closing price on the Secondary Exchange – 'Bombay Stock Exchange ('BSE')', is considered as fair value. Mutual fund units are valued at the previous day's net asset values. Equity shares awaiting listing are stated at historical cost subject to provision of diminution, if any, in the value of such investment determined separately for each individual investment.

समेकित वित्तीय विवरणों की अनुसूचियां
Schedules to the Consolidated Financial Statements

iv. निवेश पर न लिए गए लाभ/ हानि को संबंधित निधि के राजस्व खाते में निर्धारित किया जाता है.

Unrealized gains/losses on investments are recognized in the respective fund's Revenue Account.

ई) निवेशों का अंतरण

D) Transfer of investments

निवेशों का शेयरधारकों की निधि से पॉलिसीधारकों की निधि में अंतरण रखाव राशि या बाजार मूल्य, जो भी कम हो, पर किया जाता है. तथापि ऋण प्रतिभूति के मामले में सभी अंतरण निवल परिशोधनकृत लागत पर किए जाते हैं. यूनिट संबद्ध निधियों के निवेशों में अंतरण बाजार मूल्य पर किया जाता है.

Transfer of investments from Shareholders' Fund to the Policyholders' Fund is at carrying amount or market price, whichever is lower. However in case of debt securities all transfers are carried out at the net amortized cost. Transfer of investments between unit linked funds is done at market price.

7. डेरिवेटिव लेन-देन:

Derivative Transactions:

अ. हेज के रूप में नामित लेन-देनों में :

A. In Transactions designated as 'Hedge':

i. डेरिवेटिव लेन-देन पर भुगतान योग्य/ प्राप्य निवल ब्याज की गणना उपचय आधार पर की जाती है.

Net interest payable/ receivable on derivative transactions is accounted on accrual basis.

ii. हेज स्वैपों के अवधिपूर्व समाप्त होने पर किसी लाभ/ हानि को स्वैप की शेष संविदात्मक अवधि या आस्ति/ देयता की शेष अवधि, जो भी कम हो, के आधार पर दर्शाया जाता है.

On premature termination of Hedge swaps, any profit/ losses are recognized over the remaining contractual life of the swap or the residual life of the asset/ liability whichever is lesser.

iii. अंतर्निहित देयता में परिवर्तन से हेज स्वैपों को पुनः अभिनामित करने की गणना के लिए इसे एक हेज की समाप्ति और दूसरे का अर्जन माना जाता है.

Redesignation of hedge swaps by change of underlying liability is accounted as the termination of one hedge and acquisition of another.

iv. हेज संविदाओं की गणना तब तक बाजार मूल्य के अनुसार नहीं की जाती जब तक कि उसके अंतर्निहित मूल्य को भी बाजार मूल्य के अनुसार अंकित नहीं किया जाता. बाजार के लिए अंकित हेज करारों के संबंध में बाजार मूल्य में परिवर्तनों को लाभ-हानि लेखे में दर्शाया जाता है.

Hedge contracts are not marked to market unless the underlying is also marked to market. In respect of hedge contracts that are marked to market, changes in the market value are recognized in the profit and loss account.

समेकित वित्तीय विवरणों की अनुसूचियां
Schedules to the Consolidated Financial Statements

आ. 'क्रय-विक्रय' के रूप में नामित लेन-देनों में:

B. In Transactions designated as 'Trading':

i. क्रय-विक्रय के लिए नामित बकाया डेरिवेटिव लेन-देनों की गणना उनके उचित मूल्य पर की जाती है जिनमें ब्याज दर स्वैप, परस्पर मुद्रा स्वैप, परस्पर मुद्रा विकल्प एवं ऋण चूक स्वैप शामिल हैं. इसके फलस्वरूप हुए लाभ/ हानि को लाभ-हानि लेखे में शामिल किया जाता है. विकल्पों पर प्रीमियम को तुलन पत्र की मद के रूप में दर्शाया जाता है और इसे परिपक्वता/ निरस्त होने पर लाभ-हानि लेखे में अंतरित कर दिया जाता है.

Outstanding derivative transactions designated as 'Trading', which includes interest rate swaps, cross currency swaps, cross currency options and credit default swaps, are measured at their fair value. The resulting profits/ losses are included in the profit and loss account. Premium on options is recorded as a balance sheet item and transferred to Profit and Loss Account on maturity/ cancellation.

ii. एक्स्चेंज ट्रेडेड करेंसी फ्यूचर्स (ईटीसीएफ़) खंड में क्रय-विक्रय के लिए नामित डेरिवेटिव लेन-देनों मुद्रा फ्यूचर्स, मुद्रा ऑप्शन और ब्याज दर फ्यूचर्स शामिल हैं, जिनकी गणना उनके उचित मूल्य पर की जाती है और उनका नकदी निपटान टी+1 आधार पर किया जाता है. इन लेन-देनों से हुए लाभ/हानि को संबंधित एक्सचेंजों द्वारा निर्धारित की गई माह के अंत की निपटान तारीख को लाभ- हानि लेखे में अंतरित कर दिया जाता है.

Derivative Transactions in Exchange Traded Currency Futures (ETCF's) segments designated as trading includes Currency Futures, Currency Options and Interest Rate Futures which are measured at their fair value and are cash settled on T+1 basis. The resulting profits / losses on these transactions are transferred to Profit & Loss Account on the month end settlement date stipulated by Respective Exchanges.

इ. फ़्यूचर्स एवं ऑप्शन में लेन-देन

C. Transactions in Futures and Options

i. आईडीबीआई कैपिटल मार्केट सर्विसेज़ लि. के मामले में फ़्यूचर्स कांट्रैक्ट/ ऑप्शन बिक्री के समय देय प्रारंभिक मार्जिन राशि एक्सचेंजों में सावधि जमा, नकदी जमा व प्रतिभूतियों के रूप में जमाराशियों से समायोजित की जाती है.

In case of IDBI Capital Market Services Ltd, Initial Margin payable at the time of entering into futures contract / sale of options is adjusted against the deposits with the exchanges in the form of fixed deposits, cash deposits and securities.

ii. फ़्यूचर्स कांट्रैक्ट में लेन-देनों को संविदा के कल्पित क्रय-विक्रय मूल्य पर खरीद एवं बिक्री के रूप में शामिल किया जाता है. तुलन पत्र की तारीख को फ़्यूचर्स की खुली संविदा को उसके कल्पित मूल्य द्वारा समायोजित कर दिया जाता है.

Transactions in Future contracts are accounted as Purchase and Sales at the notional trade value of the contract. The open interest in futures as at the Balance Sheet date is netted by its notional value.

iii. निपटान मूल्य अथवा विगत दिवस के एक्सचेंज के बंद भाव व अगले दिन के एक्सचेंज के बंद भाव के अंतर के कारण एक्सचेंज को अदा की गई या प्राप्त की गई राशि को मार्क-टू-मार्केट मार्जिन के रूप में चिह्नित किया जाता है. मार्क-टू-मार्केट मार्जिन खाते की शेष राशि तुलनपत्र की तारीख तक फ़्यूचर्स कांट्रैक्ट के खुली संविदा के मूल्य में घट-बढ़ के फलस्वरूप अदा की गई या प्राप्त की गई निवल राशि होती है. मार्क-टू-मार्केट मार्जिन खाते की निवल नामे शेष राशि राजस्व को प्रभारित की जाती है, जबकि निवल जमा शेष राशि को चालू देयताओं में दर्शाया जाता है.

समेकित वित्तीय विवरणों की अनुसूचियां
Schedules to the Consolidated Financial Statements

The difference in the settlement price or exchange closing price of the previous day and exchange closing price of the subsequent day, paid to or received from the exchange is treated as Mark to Market Margin. The balance in the Mark to Market Margin Account represents the net amount paid or received on the basis of movement in the prices of open interest in futures contracts till the balance sheet date. Net debit balance in the Mark to Market Margin Account is charged off to revenue whereas net credit balance is shown under current liabilities.

7	क्षेत्र, जिनमें कंपनी कार्यरत है (औद्योगिक कार्यकलाप कोड-वार)	कोड: 64191- आईडीबीआई बैंक, बैंककारी विनियमन अधिनयम, 1949 द्वारा शासित एक बैंकिंग कंपनी है.
8	तीन प्रमुख उत्पादों / सेवाओं का उल्लेख करें जिनका कंपनी निर्माण करती है/ जिन्हें प्रदान करती है (तुलनपत्र के अनुसार)	1. कॉरपोरेट/ थोक बैंकिंग 2. खुदरा बैंकिंग 3. ट्रेजरी सेवाएं
9	लोकेशनों की कुल संख्या जहां कंपनी द्वारा कार्यकलाप के जाते हैं.	1,846 शाखाएं
i.	अंतर्राष्ट्रीय लोकेशनों की संख्या (प्रमुख 5 का ब्योरा दें)	1- डीआईएफसी, दुबई में बैंक की एक शाखा है.
ii.	राष्ट्रीय लोकेशनों की संख्या	1,845 शाखाएं
10	बाजार, जहां कंपनी अपनी सेवाएं देती है. (स्थानीय/ राज्य स्तरीय/ राष्ट्रीय/ अंतर्राष्ट्रीय)	बैंक राष्ट्रीय लोकेशनों पर ग्राहकों को सेवा प्रदान करता है. बैंक की अंतर्राष्ट्रीय शाखा द्वारा भी ग्राहकों को सेवाएं प्रदान की जाती हैं.
आ.	**बैंक का वित्तीय विवरण**	
1	प्रदत्त पूंजी (₹ लाख में)	2,05,881.51
2	कुल कारोबार (₹ लाख में)	31,45,345.87
3	कर पश्चात् कुल लाभ (₹ लाख में)	-3,66,480.25
4	कर पश्चात् लाभ के प्रतिशत (%) के रूप में कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व पर कुल व्यय	वित्तीय वर्ष 2015-16 में आईडीबीआई बैंक ने कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व कार्यकलापों पर वित्तीय वर्ष 31 मार्च 2013, 31 मार्च 2014 और 31 मार्च 2015 को समाप्त पिछले तीन वर्षों के अपने औसत निवल लाभ का 1.31% व्यय किया (भारत के बाहर स्थित शाखाओं से हुए लाभ तथा भारत में अन्य कंपनियों से प्राप्त लाभांश को छोड़कर, जो कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 135 के प्रावधानों के अंतर्गत शामिल हैं और उसके अनुपालन में हैं).
5	उन कार्यकलापों की सूची जिनमें उपर्युक्त बिन्दु 4 के अंतर्गत व्यय किया गया है:-	

क्र.सं.	कार्यकलाप	सीएसआर परियोजनाओं की सं.	राशि (₹ लाख)
क.	स्वास्थ्य	6	360.16
ख.	ग्रामीण विकास	3	236.74
ग.	शिक्षा	4	27.49
घ.	सामाजिक-आर्थिक सशक्तीकरण	2	7.18
ङ.	पर्यावरण	3	187.88
च.	अन्य दान	2	125.00
	कुल	**20**	**944.45**

कंपनी अधिनियम, 2013 में दिए गए विस्तृत दिशानिर्देशों के अनुरूप, आईडीबीआई बैंक अपने अधिकांश कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व कार्यकलापों को परियोजना/ कार्यक्रम के रूप में करता रहा है. कार्यक्रमों के चरणबद्ध कार्यान्वयन के फलस्वरूप कुछ मामलों में परवर्ती वर्षों में वास्तविक व्यय अधिक हो जाता है. इसके अतिरिक्त, कुछ कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व परियोजनाओं के मामले में (i) परियोजना के लिए सरकारी निधीयन, (ii) परियोजना के कार्यान्वयन में विलंब, (iii) दस्तावेजों की प्रस्तुति में विलंब, और (iv) मंजूर राशि की तुलना में कम राशि में परियोजना पूरा करने जैसे विभिन्न कारकों के कारण वित्तीय वर्ष 2015-16 में कुछ अपेक्षित संवितरण जारी नहीं किए जा सके. साथ ही, रिपोर्टिंग वर्ष के दौरान मार्च 2016 में दो मंजूर परियोजनाओं को संवितरण नहीं किया जा सका है.

ऊपर उल्लिखित कारणों से, बैंक ₹ 9.44 करोड़ व्यय कर पाया है जो व्यय के लिए निर्धारित ₹ 14.41 करोड़ के बजट का लगभग 65.51% है.

2015-16 के दौरान सीएसआर के अंतर्गत किए गए व्यय का क्षेत्र-वार वर्गीकरण:

i. स्वास्थ्य

क्र. सं.	कार्यकलाप/ संगठन का नाम	प्रयोजन	राशि (₹ लाख)
1	शंकर नेत्रालय, चेन्नई, तमिलनाडु	चेन्नई, तमिलनाडु में गरीबों के लिए मोतियाबिंद सर्जरी का आयोजन.	3.13
2	यूनिसेफ, नई दिल्ली	महाराष्ट्र तथा उत्तर प्रदेश के चुने हुए 400 ग्रामीण स्कूलों में जल, सफाई प्रबंध तथा स्वास्थ्य संबंधी सुविधाएं प्रदान करना.	130.68
3	स्वच्छ भारत स्वच्छ विद्यालय अभियान तथा स्वच्छ भारत कोष (एसबीके)	देशभर में आईडीबीआई बैंक की शाखाओं के नजदीक ग्रामीण विद्यालयों में छात्र और छात्राओं के लिए अलग-अलग शौचालयों का निर्माण तथा एसबीके में अंशदान.	171.44
4	राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, मुंबई, महाराष्ट्र	मुंबई, महाराष्ट्र में दवा प्रतिरोधी टीबी मरीजों को पौषणिक सहायता का प्रावधान.	47.16
5	ग्रामीण स्नेह फाउंडेशन, पटना, बिहार	पटना, बिहार में एक एंबुलेंस वैन की खरीद.	4.35
6	गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल, औरंगाबाद, महाराष्ट्र	औरंगाबाद, महाराष्ट्र में बहुद्देशीय उपयोग के लिए वैन की खरीद.	3.40
कुल			**360.16**

ii. ग्रामीण विकास

क्र . सं.	कार्यकलाप/ संगठन का नाम	प्रयोजन	राशि (₹ लाख)
1	टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंसेस, मुंबई, महाराष्ट्र	लेह, लद्दाख, जम्मू एवं कश्मीर में अन्य कार्यकलापों के साथ, सामुदायिक तंत्र को मजबूत करते हुए तथा क्षमता निर्माण के माध्यम से सामुदायिक भागीदारी तथा स्वामित्व मॉडल के आधार पर तारुगाँव को एक 'आदर्श ग्राम' के रूप में तैयार करना.	26.16
2	राष्ट्रीय ग्रामीण विकास निधि (आरजीवीएन), गुवाहाटी, असम	मोरीगांव जिला, असम में आमकोटा गाँव का आदर्श ग्राम के रूप में विकास.	10.58
3	केंद्रीय लोक निर्माण विभाग, वाराणसी, उत्तर प्रदेश	दो गांवों में सीएसआर कार्यकलापों का संचालन - वाराणसी जिले में सुजाबाद तथा चंदौली जिले में भभौरा.	200.00
कुल			**236.74**

iii. शिक्षा

क्र. सं.	कार्यकलाप/ संगठन का नाम	प्रयोजन	राशि (₹ लाख)
1	एआईएम फॉर सेवा, चेन्नई, तमिलनाडु	लखनऊ, उत्तर प्रदेश में भोजन, आवास, कपड़े, पुस्तकें आदि पर व्ययों हेत छात्रावास सहायता.	3.15
2	साईं आनंदम ट्रस्ट, भुवनेश्वर, ओड़ीशा	दारूथेंगा, ओड़ीशा में ग्रामीण युवा प्रशिक्षण केंद्र का निर्माण.	6.88
3	उरिवी विक्रम चैरिटेबल ट्रस्ट, मुंबई, महाराष्ट्र	ठाणे, कल्याण और भिवंडी, महाराष्ट्र में आजीविका और व्यावसायिक दक्षता प्रशिक्षण प्रदान करना.	7.50
4	भारतीय उद्यमशीलता विकास संस्थान, अहमदाबाद, गुजरात	सांसद आदर्श ग्राम योजना (एसएजीवाई) के अंतर्गत वड़ोदरा, गुजरात में करनाली पंचायत के चार गांवों में कौशल विकास कार्यक्रम का संचालन.	9.95
कुल			**27.48**

iv. सामाजिक-आर्थिक सशक्तीकरण

क्र. सं.	कार्यकलाप/ संगठन का नाम	प्रयोजन	राशि (₹ लाख)
1	पूर्वोत्तर विकास वित्त निगम, गुवाहाटी, असम	नामची, सिक्किम में डिजाइनर मोमबत्तियों तथा अन्य स्थानीय हस्तशिल्पों के विपणन के लिए एक शोरूम स्थापित करना तथा प्रारम्भिक अवधि के लिए इसकी परिचालन लागत सहायता.	4.80
2	नेशनल एसोसिएशन ऑफ डिसेबल्ड एंटरप्राइजेज, मुंबई, महाराष्ट्र	अशक्त व्यक्तियों के लिए दीर्घकालिक रोजगार सृजन के उद्देश्य से उनके 'कागज के लिफाफे बनाने की परियोजना' के पूंजी व्ययों को पूरा करना.	2.38
कुल			**7.18**

v. पर्यावरण

क्र. सं.	कार्यकलाप/ संगठन का नाम	प्रयोजन	राशि (₹ लाख)
1	सेंटर ऑफ एक्सेलेंस फॉर चेंज, चेन्नई, तमिलनाडु	कांचीपुरम जिला, तमिलनाडु के चुनिंदा गांवों में क्लाइमेट स्मार्ट वॉटर मैनेजमेंट प्रोजेक्ट का कार्यान्वयन.	7.13
2	इन्टरनेशनल एकेडमी ऑफ एनवायरॉनमेंटल हेल्थ एंड पब्लिक सैनिटेशन, नई दिल्ली	इसाबेला थोबुर्न कॉलेज, लखनऊ, उत्तर प्रदेश में वर्षा-जल संग्रहण परियोजना के लिए सहायता.	3.85
3	द एनर्जी एंड रिसॉर्स इंस्टीट्यूट, (टीईआरआई), नई दिल्ली	'लाइटिंग अ बिलियन लाइव्स' कार्यक्रम को सहायता जिसका उद्देश्य चार राज्यों के चुनिंदा गांवों में 5000 घरों में सोलर लाइटिंग सिस्टम प्रदान करना है.	176.91
कुल			**187.89**

vi. अन्य

क्र. सं.	कार्यकलाप/ संगठन का नाम	प्रयोजन	राशि (₹ लाख)
1	सशस्त्र सैन्य-बल फ्लैग दिवस निधि	भूतपूर्व सैनिकों, शहीद सैनिकों की विधवाओं तथा उनके आश्रितों के कल्याण तथा पुनर्वास के लिए भारत सरकार द्वारा गठित सशस्त्र बल फ्लैग दिवस निधि में अंशदान.	25.00
2	मुख्यमंत्री सार्वजनिक राहत कोष, (सीएमपीआरएफ), तमिलनाडु	तमिलनाडु राज्य में विनाशकारी बाढ़ को देखते हुए सीएमपीआरएफ में अंशदान.	100.00
कुल			**125.00**

इ. अन्य विवरण

1	क्या कंपनी की कोई सहायक कंपनी/ कंपनियाँ हैं?	हाँ. बैंक की पाँच देशी सहायक संस्थाएं हैं अर्थात् आईडीबीआई कैपिटल मार्केट सर्विसेस लि., आईडीबीआई असेट मैनेजमेंट लि., आईडीबीआई एमएफ़ ट्रस्टी कंपनी लि., आईडीबीआई इंटेक लि. तथा आईडीबीआई ट्रस्टीशिप सर्विसेज लि..
2	क्या सहायक कंपनी/ कंपनियाँ मूल कंपनी के कारोबार दायित्व पहल-कार्यों में भागीदारी करती हैं? यदि हाँ, तो ऐसी सहायक कंपनी(यों) की संख्या सूचित करें.	नहीं
3	क्या अन्य कोई संस्था/ संस्थाएं (अर्थात् आपूर्तिकर्ता, वितरक आदि) हैं जिनके साथ कंपनी अपने कारोबार दायित्व पहल-कार्यों में भागीदारी करती है? यदि हाँ, तो उस संस्था/ उन संस्थाओं के प्रतिशत की सूचना दें? [30% से कम, 30-60%, 60% से अधिक].	नहीं

ई. कारोबार दायित्व संबंधी जानकारी

1 कारोबार दायित्व के लिए उत्तरदायी निदेशक/ निदेशकों के ब्योरे

क.	**कारोबार दायित्व नीति/नीतियों के कार्यान्वयन के लिए उत्तरदायी निदेशक/ निदेशकों के ब्योरे**	
	डीआईएन संख्या	लागू नहीं
	नाम	श्री विनय कुमार
	पदनाम	कार्यपालक निदेशक
ख.	**कारोबार दायित्व प्रमुख के ब्योरे**	
	डीआईएन संख्या	लागू नहीं
	नाम	श्रीमती रंजना परांजपे
	पदनाम	मुख्य महाप्रबंधक, कॉरपोरेट रणनीति एवं संवाद विभाग.
	टेलिफोन नं.	022- 66552249
	ई-मेल आईडी	rv.paranjape@idbi.co.in

2 सिद्धान्त-वार (एनवीजी के अनुसार) कारोबार दायित्व नीति/ नीतियां (हाँ/ नहीं में उत्तर दें)

क्र. सं.	प्रश्न	पी1	पी2	पी3	पी4	पी5	पी6	पी7	पी8	पी9
1.	क्या आपके पास .... के लिए नीति/ नीतियाँ हैं?	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	नहीं	हाँ	हाँ
2.	क्या यह नीति संबंधित अंशधारकों के परामर्श से बनाई गई है?	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	नहीं	नहीं	हाँ
3.	क्या नीति राष्ट्रीय/ अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप है? यदि हाँ, तो उल्लेख करें? (50 शब्दों में)	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	नहीं	हाँ	हाँ
4.	क्या नीति बोर्ड द्वारा अनुमोदित है? यदि हाँ, तो क्या इस पर एमडी/ स्वामी/ सीईओ/ उपयुक्त बोर्ड निदेशक द्वारा हस्ताक्षर किया गया है?	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	नहीं	हाँ	हाँ
5.	क्या कंपनी में नीति के कार्यान्वयन के निरीक्षण के लिए बोर्ड/ निदेशक/ अधिकारी की विनिर्दिष्ट समिति है?	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	नहीं	हाँ	हाँ
6.	नीति को ऑनलाइन देखने के लिए लिंक का उल्लेख करें.	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	नहीं	हाँ*	हाँ#
7.	क्या नीति के बारे में सभी संबंधित आंतरिक तथा बाह्य अंशधारकों को औपचारिक रूप से सूचना दी गई है?	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	नहीं	हाँ	हाँ

क्र. सं.	प्रश्न	पी1	पी2	पी3	पी4	पी5	पी6	पी7	पी8	पी9
8.	क्या नीति/ नीतियों के कार्यान्वयन के लिए कंपनी के पास आंतरिक संरचना है?	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	नहीं	हाँ	हाँ
9.	क्या कंपनी के पास नीति/ नीतियों से संबंधित, अंशधारकों की शिकायतों को दूर करने के लिए नीति/ नीतियों के संबंध में शिकायत निवारण तंत्र है?	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	हाँ	नहीं	नहीं	हाँ
10.	क्या कंपनी ने इस नीति के बारे में कार्यों का आंतरिक या बाह्य एजेंसी द्वारा स्वतंत्र लेखापरीक्षण/ मूल्यांकन कराया है?	नीतियों के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए विभाग प्रमुख उत्तरदायी हैं. अनुपालन विभाग रिजर्व बैंक द्वारा अधिदेशित नीतियों के कार्यान्वयन के अनुपालन की निगरानी करता है.								

नोट:

* सीएसआर नीति लिंक - http://www.idbi.com/CSR-Policy.asp

बैंक की नीतियाँ अर्थात् ग्राहक अधिकार नीति, शिकायत निवारण नीति, नागरिक चार्टर तथा बीसीएसबीआई कोड जनता की जानकारी के लिए ग्राहकों की जानकारी के लिंक पर उपलब्ध हैं: http://www.idbi.com/customer-care-centre.asp

सिद्धान्त 1 - बैंक मुख्यतः केंद्रीय सतर्कता आयोग द्वारा जारी सतर्कता मैनुअल में दिए गए सीवीसी दिशानिर्देशों का अनुसरण करता है.

सिद्धान्त 2 - सिद्धान्त 2 के अंतर्गत अधिकतर कार्यकलाप बैंक की ऋण नीति तथा उत्पाद दिशानिर्देशों द्वारा संचालित हैं जो गोपनीय हैं.

बैंक की विभिन्न नीतियाँ, जो विधिवत् रूप से तैयार की गई हैं, बैंक के विभिन्न कार्यों को प्रत्यक्ष तथा अप्रत्यक्ष रूप से संचालित करती हैं. ये विनियामक तथा सांवधिक निकायों द्वारा जारी दिशानिर्देशों के अनुपालन में हैं.

2क. यदि किसी भी सिद्धान्त के संबंध में क्र.सं. 1 का उत्तर 'नहीं' है तो कृपया कारण स्पष्ट करें: (2 विकल्पों तक सही का निशान लागाएं)

(किसी भी सिद्धान्त के लिए नीति न होने के कारणों का उल्लेख किया जाए)

1.	कंपनी ने सिद्धांतों को नहीं समझा है.	पी7 के लिए नीति नहीं होने का कारण:
2.	कंपनी ऐसी स्थिति में नहीं है जिसमें यह स्वयं को विनिर्दिष्ट सिद्धांतों पर नीतियाँ बनाने तथा उन्हें कार्यान्वित करने की स्थिति में हो.	बैंक में पी7 के संबंध में कोई दस्तावेजीकृत नीति नहीं है, तथापि, यह हमेशा विनियामकों तथा नीति निर्माताओं के साथ जिम्मेवार रूप से संबद्ध रहा है. बैंक, विकास वित्तपोषण के क्षेत्र में अग्रणी रहा है तथा इसने भारत के वित्तीय ढांचे की स्थापना में मुख्य भूमिका निभाई है. इसके अलावा, बैंक बैंकिंग सुधारों, वित्तीय समावेशन के क्षेत्र में सुधारों के लिए नीति निर्माताओं से संबद्ध रहा है.
3.	कंपनी के पास कार्य को पूरा करने के लिए वित्तीय या जनशक्ति संसाधन उपलब्ध नहीं हैं.	
4.	यह कार्य अगले 6 माह के भीतर करने की योजना है.	
5.	यह कार्य अगले 1 वर्ष के भीतर करने की योजना है.	
6.	अन्य कोई कारण (कृपया स्पष्ट करें)	

3 कारोबार दायित्व संबंधी अभिशासन

कंपनी के निदेशक मंडल, बोर्ड की समिति या सीईओ द्वारा कंपनी के कारोबार दायित्व कार्य-निष्पादन के मूल्यांकन की बारंबारता का उल्लेख करें. 3 माह के भीतर, 3-6 माह, वार्षिक रूप से, 1 वर्ष से अधिक.	बैंक का कारोबार दायित्व कार्य-निष्पादन बोर्ड के समक्ष वार्षिक आधार पर प्रस्तुत किया जाएगा.
क्या कंपनी कारोबार दायित्व या निरंतरता रिपोर्ट प्रकाशित करती है? इस रिपोर्ट को देखने के लिए हाइपरलिंक क्या है? इसे कितने अंतराल पर प्रकाशित किया जाता है?	हाँ. कारोबार दायित्व रिपोर्ट को www.idbi.com पर देखा जा सकता है. यह रिपोर्ट वार्षिक रूप से प्रकाशित की जाएगी तथा बैंक की वार्षिक रिपोर्ट का एक भाग होगी.

उ. सिद्धान्त-वार कार्य-निष्पादन

1.	सिद्धान्त 1 : कारोबार का संचालन और प्रबंधन अपने आप में आचार नीति, पारदर्शिता और जवाबदेही के साथ होना चाहिए	
1.	क्या आचार नीति, घूसख़ोरी और भ्रष्टाचार से संबंधित नीति केवल कंपनी पर लागू होती है ? हाँ/नहीं.	हाँ, यह केवल बैंक पर लागू है. बैंक के पास भ्रष्टाचार, अनाचार, गबन और निधियों के दुर्विनियोजन की जांच के लिए प्रभावी व्यवस्था है. बैंक ने सतर्कता संबंधी मामलों के निपटान के लिए केंद्रीय सतर्कता आयोग के दिशानिर्देशों के अनुरूप आंतरिक दिशानिर्देश और प्रक्रियाएं तैयार की हैं. सभी कर्मचारियों के लाभ के लिए केंद्रीय सतर्कता आयोग (सीवीसी) द्वारा सामान्य रूप से सतर्कता मामलों से संबंधित अथवा विशिष्ट रूप से बैंकों के लिए जारी अद्यतन परिपत्र/ दिशानिर्देश बैंक के इंट्रानेट पर रखे गए हैं. साथ ही, इन दिशानिर्देशों को बैंक के लिए सतर्कता मैनुअल के रूप में समेकित किया गया है तथा इसे वार्षिक रूप से अद्यतन किया जाता है. बैंक में निवारक सतर्कता को मजबूत करने के लिए सतर्कता विभाग हेतु प्रत्येक वित्तीय वर्ष में वार्षिक कार्य योजना तैयार की जाती है जिसमें मुख्यतः निवारक सतर्कता पर ध्यान केन्द्रित करते हुए अपनाई जानेवाली गतिविधियों का विस्तार से वर्णन रहता है. ऐसे उपायों का सारांश निम्नानुसार है: • **अधिकारियों द्वारा प्रस्तुत की जानेवाली आस्तियों और देयताओं की वार्षिक विवरणियां (एआरएएल):** (क) आस्तियों और देयताओं की वार्षिक विवरणी की ऑनलाइन प्रस्तुति अनिवार्य कर दी गई है. (ख) बैंक के अधिकारियों द्वारा प्रस्तुत आस्तियों और देयताओं की वार्षिक विवरणियों की नमूना जांच करना जिसमें केंद्रीय सतर्कता आयोग के क्षेत्राधिकार में आनेवाले सभी अधिकारियों, अर्थात् महाप्रबंधक (ग्रेड ई) और उनसे उच्चतर अधिकारियों तथा आस्तियों और देयताओं की शेष वार्षिक विवरणियों की 10% विवरणियां शामिल हैं. • **संदिग्ध अधिकारियों की सहमत सूची (एएलएसओ):** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो के अधिकारियों के साथ विचार-विमर्श से उन अधिकारियों के बारे में वार्षिक आधार पर एक सहमत सूची तैयार की जाती है जिनकी ईमानदारी या सत्यनिष्ठा को लेकर उनके विरुद्ध शिकायतें, संदेह या शंकाएं हैं. • **संदिग्ध सत्यनिष्ठा वाले अधिकारियों की सूची:** केंद्रीय सतर्कता आयोग के दिशानिर्देशों के अनुसार, संदिग्ध सत्यनिष्ठा वाले अधिकारियों की सूची वार्षिक रूप से तैयार/ समीक्षा की जाती है. • **संवेदनशील पदों की पहचान और स्टाफ का आवर्तन:** संवेदनशील पदों की पहचान वार्षिक आधार पर की जाती है तथा इस संबंध में बैंक के विभिन्न वर्टिकलों से मासिक/ तिमाही फीडबैक लेकर बैंक द्वारा ऐसे पदों के बारे में कार्य आवर्तन नीति को लागू किया जाता है. • **बैंक में संवेदनशील पदों पर स्टाफ आवर्तन की निगरानी की जाती है तथा मासिक / तिमाही रिपोर्ट में इसकी सूचना केंद्रीय सतर्कता आयोग को दी जाती है:** मानव संसाधन विभाग द्वारा सुनिश्चित किया जाता है कि संदिग्ध अधिकारियों की सहमत सूची (एएलएसओ)/ संदिग्ध सत्यनिष्ठा वाले अधिकारियों की सूची (एलओडीआई) में शामिल अधिकारियों को संवेदनशील कार्यभार न सौंपें जाएँ. इसकी निगरानी सतर्कता विभाग द्वारा की जाती है.

- **प्रौद्योगिकी का उपयोग करना:**
  प्रौद्योगिकी का उपयोग करते हुए सतर्कता प्रशासन में सुधार के लिए केंद्रीय सतर्कता आयोग के दिशानिर्देशों के अनुसार सभी आवेदन फॉर्म/प्रपत्र डाऊनलोड योग्य फॉर्मेट में बैंक की वेबसाइट पर उपलब्ध कराए गए हैं. संलग्न किए जाने वाले सभी दस्तावेजों और दी जानेवाली सूचनाओं की जानकारी वेबसाइट पर स्पष्ट रूप से दी गई है तथा यह आवेदन फॉर्म का हिस्सा भी है. सरकारी क्षेत्र के बैंकों में एक समान कार्यान्वयन के लिए वित्त मंत्रालय द्वारा सूचित किए गए रूप में मानकीकृत लोक शिकायत निवारण प्रणाली (एसजीजीआरएस) को सक्रिय किया गया है. प्रत्येक माह दी गई निविदाओं/ संविदाओं को बैंक की वेबसाइट पर प्रदर्शित किया जाता है. सुरक्षा में कर्मियों को दूर करने के लिए फिनेकल प्रणाली में लगातार सुधार किया जाता है. धोखाधड़ियों को नियंत्रित/ रोकने के लिए धोखाधड़ी निगरानी प्रणाली को एक साधन के रूप में लागू किया गया है.
- **सीटीई प्रकार के निरीक्षण:**
  सतर्कता विभाग, वेंडर को भुगतान, निविदा या संविदा आदि प्रदान करने जैसी मौजूदा प्रणालियों एवं प्रक्रियाओं को सरल एवं कारगर बनाने/ सुदृढ़ करने के लिए प्रदान की गई संविदाओं का यादृच्छिक आधार पर अध्ययन तथा समीक्षा करता है. ऐसी जांच का उद्देश्य केवल अनाचार का पता लगाना और उल्लंघन करने वाले अधिकारी को सतर्कता के दृष्टिकोण से दंडित करना भर नहीं है, बल्कि बैंक की प्रणालियों/ प्रक्रियाओं में सुधार में मदद करना भी है ताकि बेहतर तकनीकी और वित्तीय नियंत्रण के साथ-साथ भावी संविदाओं में चूकों/ अनियमितताओं से बचा जा सके.
  पहली बार बनने वाले अनर्जक आस्ति खातों (एफटीएनपीए), अतिशीघ्र एनपीए बनने वाले मामलों (क्यूएम), एकबारीय निपटान मामलों (ओटीएस)/ बातचीत (एनएस) से तय मामलों की जांच की जाती है.
  चौकसी और पता लगाना सतर्कता विभाग के कार्यों में एक कार्य है और इस कारण एफटीएनपीए, क्यूएम, ओटीएस/ एनएस मामलों की जांच यादृच्छिक आधार पर की जाती है. इन मामलों की जांच यह सुनिश्चित करने के लिए की जाती है कि विवेकाधीन अधिकारों का उपयोग मनमाने तरीके से न किया जाए, बल्कि इनका उपयोग उचित और पारदर्शी तरीके से किया जाए तथा बैंक में प्रणाली और प्रक्रियाओं की तुलना में वर्तमान कार्यप्रणालियों की जांच उन कारकों को हटाने या कम करने के उद्देश्य से करते हुए की जाए जो भ्रष्टाचार और अनाचार के लिए मौका प्रदान करती हैं, साथ ही यह पता लगाने के लिए कि स्टाफ जवाबदेही मौजूद है या नहीं.
- **आकस्मिक सतर्कता दौरा :**
  सामान्य कार्यकाल में तथा धोखाधड़ी/ दुरुपयोग की घटना को रोकने के प्रति जागरूकता लाने के लिए वार्षिक कार्य योजना के अनुसार सतर्कता अधिकारियों द्वारा चुनिंदा शाखाओं का आकस्मिक सतकर्ता दौरा किया जाता है.

		• **निवारक सतर्कता समितियां (पीवीसी)/ अंचल निवारक सतर्कता समितियां (ज़ेडपीवीसी):** बैंक का सतर्कता विभाग सुनिश्चित करता है कि सतर्कता से संबन्धित विषयों/मामलों को निपटाने और उन पर विचार-विमर्श के लिए अंचल निवारक सतर्कता समितियों की बैठक सभी नौ अंचलों में तिमाही में एक बार की जाए. इससे सतर्कता को लेकर जारी किए गए अद्यतन दिशानिर्देशों पर चर्चा के अलावा उनकी शाखाओं/ प्रोसेसिंग केन्द्रों में उन कमजोर बिन्दुओं/ क्षेत्रों की पहचान में मदद मिलती है जो धोखाधड़ी/ अनाचार की दृष्टि से असुरक्षित हैं, ताकी कमजोर क्षेत्रों में निगरानी को कड़ा किया जा सके. इन बैठकों में नामिती प्रतिनिधि के रूप में सतर्कता विभाग के अधिकारी उपस्थित रहते हैं. • **सतर्कता जागरूकता कार्यशालाएं :** पूरे बैंक में सतर्कता जागरूकता कार्यशालाएँ आयोजित की जाती हैं जिनमें बैंक के मुख्य सतर्कता अधिकारी (सीवीओ) उपस्थित रहते हैं. इन कार्यशालाओं में इस बात पर ज़ोर दिया जाता है कि निवारक सतर्कता एक सक्रिय कार्य है जिसमें बैंक में, विशेष कर, धोखाधड़ी, अनाचार, दुरुपयोग और भ्रष्टाचार रोकने पर ध्यान केंद्रित किया जाता है, साथ ही बैंक को किसी प्रकार की वित्तीय या प्रतिष्ठागत हानि से बचाया जा सके और सामान्य रूप में संगठन को मजबूत किया जा सके. • **बैंक में सतर्कता कार्यकलापों की समीक्षा:** - सभी मामलों में समग्र प्रगति की निगरानी करना तथा एमडी एवं सीईओ के साथ तिमाही आधार पर संरचित बैठक का आयोजन करना तथा ऐसी संरचित बैठकों में उभरने वाले कार्य बिन्दुओं पर अनुवर्ती कार्रवाई करना. - बैंक में सतर्कता कार्यकलापों की समीक्षा से संबंधित मामलों पर तिमाही आधार पर निदेशक मंडल को ज्ञापन प्रस्तुत करना. • **त्वरित दंडात्मक कार्रवाई:** मुख्य सतर्कता अधिकारी अपचारी अधिकारियों के विरुद्ध अनुशासनिक प्राधिकारियों द्वारा त्वरित दंडात्मक कार्रवाई की निगरानी करते हैं. • **सतर्कता जागरूकता सप्ताह का आयोजन:** केंद्रीय सतर्कता आयोग के दिशानिर्देशों के अनुसार वार्षिक आधार पर सतर्कता जागरूकता सप्ताह का आयोजन किया जाता है. स्टाफ सदस्यों/ जनता/ ग्राहकों में भ्रष्टाचार के विरुद्ध जागरूकता का प्रचार-प्रसार करने के लिए शाखाओं/ कार्यालयों में सप्ताह के दौरान सेमिनार, बैठकें, प्रतियोगिताएं आदि आयोजित की जाती हैं. • **सतर्कता संबंधी शिकायतें** मुख्य सतर्कता अधिकारी सतर्कता की दृष्टि से प्राप्त शिकायतों की जांच सुनिश्चित करते हैं और जहां जरूरी हो वहाँ उचित कार्रवाई करते हैं.
	क्या यह समूह/ संयुक्त उद्यमों/ आपूर्तिकर्ताओं/कांट्रैक्टरों/ एनजीओ/ अन्य पर लागू होता है?	नहीं, यह समूह/ संयुक्त उद्यमों/ आपूर्तिकर्ताओं/ कांट्रैक्टरों/ एनजीओ/ अन्य पर लागू नहीं होता है.

2.	पिछले वित्तीय वर्ष में अंशधारकों से कितनी शिकायतें प्राप्त हुई हैं और उनमें से प्रबंधन द्वारा कितने प्रतिशत का संतोषजनक रूप से समाधान किया गया है? यदि ऐसा है तो करीब 50 शब्दों में उनके ब्योरे दें.	वर्ष 2015-16 के दौरान 49,444 ग्राहक शिकायतें प्राप्त हुईं जिनमें से 31 मार्च 2016 तक लगभग 98%, अर्थात् 48,812 शिकायतों का निवारण किया जा चुका था. 31 मार्च 2016 तक निवारण किए गए सामान्य बैंकिंग शिकायतों का औसत कार्यवाही समय लगभग 2 कार्यदिवस था. बैंक ने बोर्ड द्वारा अनुमोदित शिकायत निवारण नीति तैयार की है जिसमें बेंचमार्क समयसीमा 19 दिन निर्धारित है, जबकि अनुमत समयसीमा 21 दिन है. यह शिकायतों के निवारण के प्रति बैंक के दृष्टिकोण और प्रतिबद्धता को दर्शाती है. वर्ष 2015-16 के दौरान सतर्कता विभाग को 111 शिकायतें प्राप्त हुईं. इन सभी शिकायतों की जांच/छानबीन विभिन्न प्राधिकारियों द्वारा सतर्कता की दृष्टि से की गई. शेयरधारकों से प्राप्त शिकायतों का ब्योरा निम्नानुसार है :

यथा दिनांक 01.04.15 को लंबित	2015-16 के दौरान प्राप्त	2015-16 के दौरान निवारण	यथा दिनांक 31.03.16 लंबित
0	1,212	1,212	0

2. सिद्धान्त 2 : कारोबार द्वारा ऐसे उत्पाद और सेवाएं प्रदान की जानी चाहिए जो सुरक्षित हों और अपने सम्पूर्ण जीवन चक्र के दौरान दीर्घकालिक रूप से फायदेमंद हों

1.	3 उत्पादों या सेवाओं की सूची जिनको तैयार करने में सामाजिक या पर्यावरण सरोकार, जोखिम और/या अवसरों का ध्यान रखा गया है.	i. **बेसिक बचत बैंक जमा खाता (बीएसबीडीए)**: बेसिक बचत बैंक जमा खाता (पहले नो फ्रिल खाता के नाम से जाना जाता था), जिसके लिए शेष राशि रखने की आवश्यकता नहीं है, में अब तक बैंकिंग से वंचित और गरीब लोगों के वित्तीय वंचन के सामाजिक सरोकार का व्यापक रूप से ध्यान रखा गया है. ii. **व्यक्तियों/ संयुक्त ऋणदाताओं के समूह (जेएलजी)/ स्वयं सहायता समूह के सदस्यों के लिए ऋण**: बैंक ने उन सुविधाहीन उधारकर्ताओं तक अपनी पहुँच बनाई है जिनके पास संपार्श्विक प्रतिभूति, नियमित रोजगार और स्पष्ट ऋण रिकॉर्ड नहीं है. बैंक का सूक्ष्म ऋण पर ज़ोर केवल उद्यमिता को सहायता और गरीबी उन्मूलन के लिए ही नहीं, बल्कि यह महिलाओं के सशक्तीकरण तथा लघु एवं सीमांत किसानों, कारीगरों, भूमिहीन श्रमिकों आदि सहित समुदायों के उत्थान के लिए भी तैयार किया गया है. इसका उद्देश्य उनके व्यवसाय, शिक्षा, स्वास्थ्य, अन्य घरेलू खर्चों, उच्च लागत वाले कर्जों की चुकौती आदि के लिए निधीयन आवश्यकताओं को पूरा करना है. बैंक द्वारा नियुक्त कारोबार प्रतिनिधि (बीसी)/ कारोबार सुगमकर्ता (बीएफ़) के माध्यम से भी सूक्ष्म ऋण प्रदान किए जाते हैं. 31 मार्च 2016 तक बैंक ने 66 कॉरपोरेट और 1884 व्यक्तियों को बीसी/ बीएफ़ के रूप में नियुक्त किया. बैंक ने भारतीय माइक्रो क्रेडिट (बैंक का बीसी) के सहयोग से 18 सितंबर 2015 को वाराणसी में एक कार्यक्रम का आयोजन किया जिसमें माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी उपस्थित हुए तथा उन्होंने इस उत्पाद के अंतर्गत उधारकर्ताओं को मंजूरी पत्र तथा ई-रिक्शा वितरित किए. इससे उधारकर्ताओं की अधिक आय तो सुनिश्चित हुई, साथ ही पारिस्थितिकी की सुरक्षा के साथ-साथ पूर्ववर्ती सायकल रिक्शाचालकों द्वारा उठाए जा रहे शारीरिक कष्ट भी कम हुए.

iii. **आईडीबीआई सूर्य शक्ति**: इसका उद्देश्य बिजली उत्पादन के लिए परिवारों, कृषि क्षेत्र तथा अन्य स्थापनाओं में सौर ऊर्जा के प्रयोग को बढ़ावा देना है. इस उत्पाद को गाँवों/ अर्ध शहरी/ शहरी क्षेत्रों में व्यक्तियों, किसानों, एसएचजी, होटलों और अस्पतालों के लिए सोलर वॉटर हीटर, सोलर लाइटिंग सिस्टम और सोलर पंप खरीदने हेतु वित्तीय सहायता प्रदान करना है. लाभार्थी 1800, 2200, 3000 और 5000 वाट पीक डी सी सरफेस सिस्टम के लिए सोलर वॉटर हीटिंग सिस्टम [(फ्लैट प्लेट कलेक्टर (एफ़पीसी) आधारित या इवैकुएटेड ट्यूबुलर कलेक्टर (ईटीसी) आधारित], विभिन्न फोटोवोल्टिक मॉड्यूल्स वाले सोलर लाइटिंग सिस्टम और सोलर फोटोवोल्टिक लगाने का चुनाव कर सकते हैं. सामाजिक दृष्टिकोण से यह उत्पाद बिजली रहित या बिजली की कटौती वाले इलाकों में बिजली प्रदान करता है.

iv. **आईडीबीआई आरएसईटीआई**: आईडीबीआई बैंक द्वारा प्रायोजित ग्रामीण स्व-रोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरएसईटीआई) महाराष्ट्र के सतारा जिले में स्थित है. संस्थान अर्ध शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के बेरोजगार युवकों को प्रशिक्षण देता है ताकि वे स्व-रोजगार के लिए कोई काम शुरू कर सकें. संस्थान गरीबी रेखा के नीचे रहने वाले और समाज के कमजोर वर्गों के उम्मीदवारों के प्रशिक्षण पर विशेष ध्यान देता है. 2011 में अपनी शुरुआत से संस्थान ने 2,914 उम्मीदवारों को प्रशिक्षण दिया जिनमें 793 उम्मीदवारों को वर्ष 2015-16 में प्रशिक्षित किया गया. ये उम्मीदवार अब कई लाभदायक कामों में लगे हुए हैं. प्रशिक्षित उम्मीदवारों में अजा और अजजा प्रत्येक श्रेणी में 11%, अपिव में 21% तथा अल्प संख्यक श्रेणी में 9% हैं. संस्थान अपने उम्मीदवारों की बैंकों से ऋण उपलब्ध कराने में सहायता करता है.

v. ''**ग्रीन परियोजनाओं**'' का निधीयन जिनमें नवीकरणीय ऊर्जा (पवन, सौर, जैव ईंधन, जल विद्युत, नवीकरणीय ऊर्जा वितरण और प्रबंधन योजनाएँ आदि), ऊर्जा दक्षता (ऊर्जा संग्रहण इकाइयां, ऊर्जा दक्षता प्रौद्योगिकी और उपकरण आदि) और टिकाऊ परियोजनाएं (जल प्रबंधन, अपशिष्ट प्रबंधन, परिवहन परियोजनाएं, भूमि उपयोग परियोजनाएं आदि) शामिल हैं. इस प्रयोजन के लिए बैंक ने यूएस डॉलर 5 बिलियन एमटीएन कार्यक्रम के अंतर्गत नवंबर 2015 में 5 वर्ष के लिए ग्रीन बांड शुरू किये जो सिंगापुर स्टॉक एक्स्चेंज में यूएस डॉलर 350 मिलियन राशि के लिए सूचीबद्ध हैं.

2.	ऐसे प्रत्येक उत्पाद के लिए उत्पाद के प्रति इकाई संसाधन उपयोग (ऊर्जा, पानी, कच्चा माल आदि) के संबंध में निम्नलिखित ब्योरे उपलब्ध कराएं (वैकल्पिक): i. समूची मूल्य श्रृंखला में पिछले वर्ष से अब तक सोर्सिंग/ उत्पादन/ वितरण के दौरान कमी? ii. पिछले वर्ष से अब तक ग्राहकों द्वारा उपयोग (ऊर्जा, पानी) के दौरान पाई गई कमी?	लागू नहीं
3.	क्या कंपनी के पास संवहनीय सोर्सिंग के लिए तैयार प्रक्रिया है (परिवहन सहित)? i. यदि हाँ, तो आपके इनपुट का कितना प्रतिशत संवहनीय रूप में सोर्स किया गया? साथ ही, लगभग 50 शब्दों में उनके ब्योरे प्रदान करें.	लागू नहीं
4.	क्या कंपनी ने अपने कार्य-स्थल के आसपास के समुदायों सहित स्थानीय और छोटे उत्पादकों से उत्पाद और सेवाएं प्राप्त करने के लिए कोई कदम उठाए हैं? यदि हाँ, तो स्थानीय और छोटे वेंडरों की क्षमता और योग्यता में सुधार लाने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं ?	लागू नहीं
5.	क्या कंपनी के पास उत्पादों और अपशिष्टों की रिसाइक्लिंग के लिए कोई प्रक्रिया है? यदि हाँ, तो उत्पादों और अपशिष्टों की रिसाइक्लिंग का प्रतिशत क्या है (अलग से <5%, 5-10%, >10% के रूप में). साथ ही लगभग 50 शब्दों में उनके ब्योरे प्रदान करें	लागू नहीं

3	**सिद्धान्त 3: कारोबार को अपने सभी कर्मचारियों की सुख-सुविधा को बढ़ावा देना चाहिए**	
1.	कृपया कर्मचारियों की कुल संख्या बताएं.	17,570 (इसमें बैंक में संविदात्मक रोजगार के आधार पर अधिकारी संवर्ग में छह कर्मचारी और संविदा आधार पर 631 एक्जीक्यूटिव शामिल हैं)
2.	कृपया अस्थायी/ संविदात्मक/ अनियत आधार पर लिए गए कर्मचारियों की संख्या बताएं.	637
3.	कृपया स्थायी महिला कर्मचारियों की संख्या बताएं.	5,204
4.	कृपया शारीरिक रूप से अशक्त स्थायी कर्मचारियों की संख्या बताएं.	329
5.	क्या आपके पास प्रबंधन द्वारा मान्यताप्राप्त कोई कर्मचारी संघ है?	प्रथा के अनुसार, बैंक ने किसी भी यूनियन/ संघ को मान्यताप्राप्त यूनियन/ संघ का दर्जा नहीं दिया है.
6.	आपके स्थायी कर्मचारियों में कितने प्रतिशत कर्मचारी इस मान्यताप्राप्त कर्मचारी संघ के सदस्य हैं?	यद्यपि किसी भी यूनियन/ संघ को मान्यताप्राप्त दर्जा नहीं दिया गया है, बैंक में परिचालनरत मुख्य यूनियनों/ संघों की संभावित सदस्यों की संख्या निम्नलिखित है : i. ऑल इंडिया आईडीबीआई ऑफिसर्स एसोसिएशन (एआईआईडीबीआईओए) : 11,755 सदस्य (लगभग 75% अधिकारी) ii. ऑल इंडिया आईडीबी एम्प्लॉइज एसोसिएशन (एआईआईडीबीईए): 963 सदस्य (लगभग 49.5% कामगार कर्मचारी) iii. आईडीबीआई ऑफिसर्स ऑर्गेनाइजेशन (आईडीबीआईओओ) : लगभग 371 सदस्य (लगभग 2.5% अधिकारी) iv. आईडीबीआई कर्मचारी संघ (आईडीबीआईकेएस): लगभग 979 सदस्य (लगभग 50.5% कामगार कर्मचारी)

7.	कृपया बाल मजदूरी, जबरन मजदूरी, अनैच्छिक मजदूरी, यौन उत्पीड़न के संबंध में पिछले वित्तीय वर्ष के दौरान प्राप्त और वित्तीय वर्ष समाप्त होने पर लंबित शिकायतों की संख्या का उल्लेख करें.		
क्र. सं.	**श्रेणी**	**2015-16 के दौरान दर्ज शिकायतें**	**यथा 2015-16 की समाप्ति पर लंबित शिकायतें**
i.	बाल मजदूरी/ जबरन मजदूरी/ अनैच्छिक मजदूरी	शून्य	शून्य
ii.	यौन उत्पीड़न	2	1
iii.	भेदभावपूर्ण रोजगार	शून्य	शून्य
8.	उल्लखित कर्मचारियों में से कितने प्रतिशत को पिछले वर्ष में सुरक्षा एवं कौशल उन्नयन प्रशिक्षण दिया गया?		
i.	स्थायी कर्मचारी	66%	
ii.	स्थायी महिला कर्मचारी	58%	
iii.	कैजुअल/ अस्थायी/ संविदा कर्मचारी	21%	
iv.	शारीरिक रूप से अशक्त कर्मचारी	61%	

4.	**सिद्धान्त 4: कारोबार को सभी अंशधारकों के हितों का ध्यान रखना चाहिए और उनके प्रति जवाबदेह होना चाहिए, विशेष रूप से उनके लिए जो सुविधाहीन, कमजोर तथा हाशिए पर हैं.**	
1.	क्या कंपनी ने अपने आंतरिक और बाह्य अंशधारकों को मैप किया है? हाँ/नहीं.	हाँ.
2.	उपर्युक्त में से कंपनी ने सुविधाहीन, कमजोर और हाशिए पर अंशधारकों की पहचान की है?	हाँ.
3.	क्या कंपनी ने सुविधाहीन, कमजोर और हाशिए पर अंशधारकों से संबद्ध कोई विशेष पहल की है. यदि हाँ, तो उनके बारे में करीब 50 शब्दों में ब्योरा दें.	बैंक ने अजा/ अजजा/ पीडबल्यूडी और अपिव के लिए महाप्रबंधक तथा उप महाप्रबंधक पद के अधिकारियों को मुख्य संपर्क अधिकारी (सीएलओ) और अंचल संपर्क अधिकारी (ज़ेडएलओ) के रूप में नियुक्त किया है जो आरक्षित श्रेणी के कर्मचारियों से संबंधित विभिन्न दिशानिर्देशों के अनुपालन तथा उनकी शिकायतों का प्रभावी रूप से निवारण सुनिश्चित करते हैं. आपका बैंक भारत सरकार के दिशानिर्देशों के अनुसार पीडबल्यूडी के लिए अलग से रोस्टर रखता है.
5.	**सिद्धांत 5: कारोबार को मानवाधिकारों का सम्मान करना चाहिए तथा उन्हें बढ़ावा देना चाहिए**	
1.	क्या मानवाधिकारों पर कंपनी की नीति केवल कंपनी पर लागू होती है या यह समूह/ संयुक्त उद्यमों/ आपूर्तिकर्ताओं/ कांट्रैक्टरों/ एनजीओ/ अन्य पर भी लागू होती है?	मानवाधिकारों को प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से संरक्षित करने वाली बैंक की विभिन्न नीतियां बैंक के परिचालन पर लागू होती हैं तथा सहायक संस्थाओं, आपूर्तिकर्ताओं, कांट्रैक्टरों, एनजीओ आदि पर लागू नहीं होती है. बैंक मानवाधिकारों पर लागू सभी दिशानिर्देशों का अनुसरण करता है. **कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न की रोकथाम (पीओएसएच):** बैंक ने कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न (निवारण, निषेध एवं निदान) अधिनियम, 2013 की अपेक्षाओं के अनुसार कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न की रोकथाम नीति अपनाई है. बैंक ने यौन उत्पीड़न के संबंध में मिलने वाली शिकायतों के निपटान के लिए दो आंतरिक शिकायत समितियां बनाई हैं. कर्मचारियों में पीओएसएच के बारे में जागरूकता उत्पन्न करने के उद्देश्य से परस्पर संवादवाला ऑडियो/ वीडियो ई-लर्निंग मॉड्यूल बैंक के इंट्रानेट पर रखा है. बैंक अपने ग्राहकों के अधिकारों के प्रति पूर्ण रूप से जागरूक है तथा उनका सम्मान करता है.

		शिकायतों का निवारण बैंक यह स्वीकार करता है कि ग्राहक बैंक के मुख्य घटक हैं और उनके अधिकारों की रक्षा की जानी चाहिए. इसके लिए बैंक ने "ग्राहक अधिकार नीति" तैयार की है साथ ही नागरिक चार्टर भी तैयार किया है. इसके अतिरिक्त, बैंक बीसीएसबीआई का सदस्य है और इसने ग्राहकों के प्रति बैंक के प्रतिबद्धता कोड और साथ ही सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों के लिए बैंक के प्रतिबद्धता कोड को अपनाया है.
2.	पिछले वित्तीय वर्ष में कितने अंशधारकों की शिकायतें प्राप्त हुईं तथा प्रबंधन द्वारा संतोषजनक रूप से निवारण का प्रतिशत क्या है?	2015-16 के दौरान दो यौन उत्पीड़न संबंधी शिकायतें प्राप्त हुईं जिनमें से एक शिकायत का संतोषजनक रूप से निवारण किया गया.

6. सिद्धान्त 6: कारोबार को पर्यावरण का ध्यान रखना चाहिए, इसकी रक्षा करनी चाहिए तथा इसमें सुधार का प्रयास करना चाहिए

1.	क्या सिद्धान्त 6 से संबंधित कंपनी की नीति केवल कंपनी पर लागू होती है या यह समूह/ संयुक्त उद्यमों/ आपूर्तिकर्ताओं/ कांट्रैक्टरों/ एनजीओ/ अन्य पर भी लागू होती है?	यह नीति केवल आईडीबीआई बैंक पर लागू होती है. बैंक ई-अपशिष्ट प्रबंधन, कागजरहित इको-फ्रेंडली तकनीक के प्रयोग, सर्वर वर्चुअलाइजेशन आदि जैसे उपायों को लागू कर पर्यावरण का ध्यान रखता है, इसकी रक्षा करता है और इसमें सुधार के प्रयास करता है. साथ ही, बैंक पर्यावरण एवं वन मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा जारी ई-अपशिष्ट (प्रबंधन तथा निपटान) नियमावली, 2011, जो 1 मई 2012 से प्रभावी है, का अनुसरण कर रहा है.
2.	क्या कंपनी के पास जलवायु परिवर्तन, ग्लोबल वार्मिंग आदि जैसे वैश्विक पर्यावरण संबंधी मुद्दों पर ध्यान देने के लिए रणनीतियां/ पहल-कार्य हैं? हाँ/ नहीं. यदि हाँ, तो कृपया वेबपेज आदि का हाइपरलिंक बताएं.	हाँ. आईडीबीआई बैंक ने पर्यावरण संबंधी मुद्दों पर ध्यान देने के अपने प्रयासों के अंतर्गत सोलर पॉवर लाइट तथा रोड लाइट लगाने में संगठनों की सहायता की है. साथ ही, आईडीबीआई बैंक ने भारत के चयनित राज्यों के सुदूरवर्ती गांवों के परिवारों में सौर शक्ति चलित विभिन्न सामान प्रदान कर स्वच्छ ऊर्जा विकल्प प्रदान करने में प्रमुख संगठनों के साथ भागीदारी की है, ताकि वे अनवीकरणीय ऊर्जा विकल्पों पर अपनी निर्भरता कम कर सकें.
		नई और नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं का वित्तपोषण : ग्रीन हाउस गैसों के प्रभाव के कारण बढ़ती चिंता और जीवाश्म ईंधन आधारित बिजली संयत्रों के कारण अन्य पर्यावरण संबंधी खतरों के संबंध में बढ़ती चिंता को देखते हुए अब नवीकरणीय संसाधनों का उपयोग कर बिजली उत्पादन पर ध्यान दिया गया है जो पर्यावरण अनुकूल होने के साथ-साथ प्रचुर मात्रा में उपलब्ध भी है. इस बदलाव के अनुसार, आईडीबीआई बैंक पवन, सौर, लघु जल विद्युत आदि जैसी नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं को वित्तीय सहायता प्रदान करता रहा है. नई और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा दिनांक 15-17 फरवरी 2015 के दौरान आयोजित प्रथम नवीकरणीय ऊर्जा विश्व सम्मेलन में आईडीबीआई बैंक ने वर्ष 2015-19 की 5 वर्षीय अवधि के दौरान नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में 3000 मेगावाट क्षमता संवर्धन के लिए ₹ 14,700 करोड़ सहायता के लिए अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की है.

		स्वच्छ ऊर्जा: बैंक ने स्वच्छ प्रौद्योगिकी, अर्थात् नवीकरणीय, सोलर सेल/ मॉड्यूल परियोजनाओं, सह-उत्पादन, ऊर्जा दक्षता उपकरण परियोजनाओं आदि पर आधारित संभाव्य ग्रीन परियोजनाओं के निधीयन के लिए पहल की है. भारत सरकार और यूएसएआईडी, विश्व बैंक आदि जैसी विविध बहुपक्षीय एजेंसियों के सहयोग से आईडीबीआई बैंक बहुपक्षीय परियोजनाओं के कार्यान्वयन के लिए मंजूर निधियों का संवितरण करता रहा है. अब तक बैंक ऐसी 10 से भी अधिक परियोजनाओं के कार्यान्वयन से सम्बद्ध रहा है. वर्ष के दौरान बैंक ने भारत सरकार और विश्व बैंक के सहयोग से इंडिया चिलर एनर्जी इफिशिएन्सी प्रोजेक्ट (आईसीईईपी) को पूरा किया. साथ ही, आईडीबीआई बैंक ने अपने कार्बन फुटप्रिंट्स को कम करने के लिए ऊर्जा बचत वाली लाइटिंग और दक्ष वातानुकूलन प्रणाली, सोलर वाटर हीटर लगाने, जल संरक्षण, वर्षा जल संरक्षण, वृक्षारोपण आदि जैसे बहुत से पहल कार्यों की शुरुआत की है.
3.	क्या कंपनी संभाव्य पर्यावरणीय जोखिम की पहचान तथा आकलन करती है? हाँ/ नहीं.	हाँ.
		पर्यावरणीय जोखिम आकलन बैंक की ऋण मूल्यांकन प्रणाली का एक अभिन्न हिस्सा है. मौजूदा जोखिम निगरानी नीति मंजूरी पत्र में उपयुक्त शर्तों का निर्धारण कर व्यापक रूप से यह सुनिश्चित करती है कि सभी सहायता प्राप्त ग्राहक स्थायी आधार पर पर्यावरण संबंधी सुरक्षा तथा प्रदूषण नियंत्रण से संबंधित विनियामकीय दिशानिर्देशों का अनुपालन करें.
4.	क्या कंपनी के पास स्वच्छ विकास तंत्र से संबंधित कोई परियोजना है? यदि ऐसा है, तो इसका लगभग 50 शब्दों में विवरण दें. क्या कोई पर्यावरण अनुपालन रिपोर्ट प्रस्तुत की गई है?	आईडीबीआई बैंक सरकारी क्षेत्र का पहला ऐसा बैंक है जिसने स्वच्छता विकास तंत्र (सीडीएम) पर कार्य करने के लिए एक विशेष कक्ष स्थापित किया है. बैंक की कार्बन क्रेडिट सेवाओं में मूल्यांकन के लिए तकनीकी सलाहकारी सेवाएं, निधीयन, सीडीएम परियोजनाओं के पंजीकरण, कार्बन क्रेडिट की बिक्री के लिए वाणिज्यिक सलाहकारी सेवाएं आदि शामिल हैं. बैंक ने अनुमानित कार्बन क्रेडिट प्राप्य राशियों को ध्यान में रखकर कॉरपोरेटों को वित्तीय सहायता देने के लिए एक नवोन्मेषी उत्पाद 'कार्बन क्रेडिट प्राप्य राशियों पर प्रारंभिक वित्त' शुरू किया है.
5.	क्या कंपनी ने स्वच्छ तकनीकी, ऊर्जा दक्षता, नवीकरणीय ऊर्जा आदि पर कोई अन्य पहल की है? हाँ/नहीं. यदि हाँ, कृपया वेबपेज आदि के लिए हाइपरलिंक बताएं.	i. बैंक अव्यवहार्य आईटी उपकरणों के निपटान के कारण उत्पन्न होने वाले संभावित पर्यावरण संबंधी जोखिम का मूल्यांकन करता है तथा इसलिए बैंक ने बोर्ड द्वारा अनुमोदित ई-अपशिष्ट प्रबंधन नीति तैयार तथा लागू की है. साथ ही, बैंक ने भारत सरकार द्वारा निर्धारित नीतियों और प्रक्रियाओं के अनुसार अप्रचलित आईटी उपकरणों के सुरक्षित निपटान हेतु वेंडरों की नियुक्ति की है.
		ii. बैंक द्वारा अपनी कई कारोबार प्रक्रियाओं को स्वचालित किया गया है जिसमें कागजों का उपयोग कम करने के लिए कागज रहित बैठकों का आयोजन आदि सम्मिलित है.
		iii. जहां कहीं भी संभव है, बैंक आंतरिक संप्रेषण (अनुमोदन, परिपत्र आदि) के लिए तथा बाहरी संप्रेषण के लिए ग्राहकों (खातों के मासिक विवरण, विभिन्न आवेदन-फॉर्म, निधि अंतरण सुविधा आदि), शेयरधारकों (वार्षिक रिपोर्ट), कारोबार भागीदारों, विनियामकों तथा सरकार आदि के साथ सम्प्रेषण में पेपर आधारित मीडिया के स्थान पर इलेक्ट्रॉनिक मीडिया का प्रयोग कर रहा है.

		iv. बैंक ने अपनी सभी शाखाओं/कार्यालयों को निदेश दिये हैं कि कागजों की खपत को बचाने के लिए वे उधारकर्ताओं/ वेंडरों आदि को भुगतान / ऋणों का संवितरण खातों में जमा/ आरटीजीएस/ एनईएफटी के माध्यम से करें.
		v. बैंक ने कागजों की खपत कम करने के लिए कर्मचारियों से संबंधित लगभग सभी कार्यों जैसे वेतन, लाभ, दावों का भुगतान, उपस्थिति दर्ज करना, कार्य-निष्पादन मूल्यांकन आदि को स्वचालित कर रखा है.
		vi. सर्वर वर्चुलाइजेशनः डेटा केन्द्रों में सर्वर फुटप्रिंट कम करने के लिए बैंक ने सर्वर वर्चुलाइजेशन तंत्र लागू किया है जिसके माध्यम से वर्चुलाइज्ड वातावरण में एप्लिकेशन को लाकर पर्याप्त रूप से वैयक्तिक बाह्य सर्वरों की संख्या में कमी की गई है. इसके परिणामस्वरूप विद्युत की खपत और ऊष्मा संचारण में कमी हुई है.
6.	क्या रिपोर्ट किए जा रहे वित्तीय वर्ष में कंपनी द्वारा जनरेट उत्सर्जन/ अपशिष्ट सीपीसीबी/ एसपीसीबी द्वारा निर्धारित सीमा के भीतर है?	सेवा क्षेत्र में होने के कारण बैंक के परिचालन में न्यूनतम उत्सर्जन/ अपशिष्ट जनरेट होता है.
7.	सीपीसीबी/एसपीसीबी से प्राप्त कारण बताओ/कानूनी नोटिसों की संख्या जो वित्तीय वर्ष की समाप्ति पर लंबित (अर्थात् जिनका संतोषजनक समाधान नहीं हुआ है) है.	विचाराधीन वित्तीय वर्ष के दौरान बैंक को केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी)/ राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (एसपीसीबी) से इस प्रकार का कोई कारण बताओ/ कानूनी नोटिस प्राप्त नहीं हुआ है.
7.	**सिद्धांत 7: जनता और विनियामक नीति को प्रभावित करने वाले कारोबार जवाबदेही के साथ करने चाहिए**	
1.	क्या आपकी कंपनी किसी कारोबार और वाणिज्य मंडल अथवा संस्थानों की सदस्य है? यदि हाँ, तो केवल मुख्य नाम बताएं जिनके साथ आपका कारोबार किया जाता है:	हाँ. i. एशिया एवं प्रशांत क्षेत्र की विकास वित्तीय संस्थाओं का संघ (एडफिएप) ii. भारतीय बैंकिंग संहिता और मानक बोर्ड (बीसीएसबीआई) iii. भारतीय बैंक संघ (आईबीए) iv. भारतीय बैंकिंग और वित्त संस्थान (आईआईबीएफ) v. भारतीय बैंक प्रबंधन संस्थान (आईआईबीएम) vi. राष्ट्रीय बैंक प्रबंधन संस्थान (एनआईबीएम)
2.	क्या आपने उपर्युक्त संस्थानों के माध्यम से सार्वजनिक कल्याण में सुधार या प्रगति के लिए समर्थन/ उस हेतु प्रचार किया है? हाँ/नहीं; यदि हाँ, तो मुख्य क्षेत्रों का विस्तृत विवरण दें. (ड्रॉप बॉक्सः सरकार एवं प्रशासन, आर्थिक सुधार, समावेशी विकास नीतियां, ऊर्जा सुरक्षा, जल, भोजन सुरक्षा, स्थाई कारोबार सिद्धांत, अन्य)	प्रमुख भूमिका में होने के कारण बैंक हमेशा विनियामकों तथा नीति निर्माताओं के साथ बैंकिंग क्षेत्र में सुधारों, वित्तीय समावेशन आदि के लिए जबावदेही के साथ संबद्ध रहा है.
8	**सिद्धांत 8: कारोबार को समावेशी वृद्धि और साम्यिक विकास में सहयोगी होना चाहिए**	
1.	क्या सिद्धांत 8 के संबंध में नीति के अनुसार कंपनी के पास कोई निर्दिष्ट कार्यक्रम/ पहल-कार्य/ परियोजना है. यदि हाँ, तो उनके ब्योरे.	भारत सरकार और रिजर्व बैंक के मिशन को ध्यान में रखते हुए बैंक ने देश की कम बैंकिंग/ बैंकिंग सुविधाओं से वंचित जनसंख्या के वित्तीय समावेशन के पथ पर बढ़ना आरंभ कर दिया है. इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए निम्नलिखित पहल-कार्य किए गए हैं:
		(i) कम लागत वाली लघु आकार की शाखाओं और आईसीटी समर्थित कारोबार प्रतिनिधि मॉडल, दोनों के माध्यम से लगभग 500 बैंक-रहित सब सर्विस एरिया (एसएसए) (लगभग 1200 गांवों को मिलाकर) में आधारभूत बैंकिंग सेवाएं उपलब्ध कराई गई हैं. इसके अतिरिक्त, बैंक ने बैंक-रहित गांवों में 244 शाखाएं भी खोली हैं.
		(ii) देश भर में ₹ 541.35 करोड़ (₹ 2,450 औसत शेष) जमाराशि के साथ 22 लाख से अधिक बीएसबीडीए खाते खोले गए हैं. इसमे पीएमजेडीवाई योजना के अंतर्गत खोले गए लगभग 10.7 लाख खाते (₹ 90 करोड़ जमाराशि) शामिल हैं
		(iii) बैंक ने लगभग 25,000 पेंशनभोगियों को आईसीटी आधारित बीसी मॉडल के माध्यम से उनके घर तक वृद्धावस्था पेंशन वितरण के लिए रायपुर नगर निगम, छत्तीसगढ़ के साथ गठजोड़ किया है.

		(iv) बैंक ने तीन जिलों में बीसी मॉडल के माध्यम से मनरेगा मजदूरी के वितरण के लिए भी छत्तीसगढ़ सरकार के साथ गठजोड़ किया है. इसके लगभग 26 हजार लाभार्थी हैं.
		(v) वित्तीय साक्षरता, वित्तीय समावेशन का एक अभिन्न भाग है. बैंक की ग्रामीण शाखाएं अपने सेवा क्षेत्र में प्रत्येक माह में कम से कम एक बार बाह्य वित्तीय साक्षरता कैंप का आयोजन करती हैं. 2015-16 के दौरान, लगभग 850 कैंपों का आयोजन किया गया जिनमें लगभग 18,000 ग्रामीणों ने भाग लिया. बैंक वित्तीय उत्पादों के बारे में मनोरंजन के माध्यम से लोगों को शिक्षित करने के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में नुक्कड़ नाटकों का भी आयोजन करता है. आज तक ऐसे लगभग 250 से अधिक नाटकों का आयोजन किया जा चुका है. इसके अलावा, बैंक ने प्रायोगिक आधार पर महाराष्ट्र, गुजरात तथा मध्य प्रदेश राज्यों में 115 स्कूलों में वित्तीय साक्षरता कैम्पों का भी आयोजन किया. लगभग 8 हजार विद्यार्थियों को मूल वित्त/ बैंकिंग संबंधी विषयों पर शिक्षित किया गया.
		(vi) लगभग 30 लाख खाते आधार से जोड़े गए हैं जो सब्सिडी वितरण और लाभ को आधार के माध्यम से सीधे बैंक खातों में जमा कर, लीकेज और छुटपुट चोरी को बंद कर सरकार के संकल्प को पूरा करने हेतु मार्ग प्रशस्त करते हैं.
		कई वित्तीय समावेशन पहल-कार्यों की शुरुआत करने के अतिरिक्त बैंक अपने सीएसआर पहल-कार्यों के माध्यम से बहुआयामी प्रभाव रखने वाले वाले विभिन्न कार्यक्रमों के जरिए अल्प सुविधाप्राप्त समुदायों के दीर्घकालिक और समग्र विकास के लिए भी अंशदान करता है.
2.	क्या कार्यक्रम/ परियोजनाएं आंतरिक टीम/ अपने फाउंडेशन/ बाहरी एनजीओ/ सरकारी संस्थाओं/ अन्य किसी संगठन के माध्यम से चलाए जाते हैं?	वित्तीय समावेशन से संबंधित कार्यक्रम आंतरिक टीम द्वारा बाहरी एजेंसियों के सहयोग से, विशेष रूप से प्रौद्योगिकी के प्रावधान और बीसी केंद्रों के कार्मिकों के लिए चलाए जाते हैं.
		समावेशी वृद्धि और साम्यिक विकास से संबंधित सीएसआर परियोजनाएं अधिकांशतः एनजीओ, सरकारी संस्थाओं तथा कुछ सीमा तक बैंक की शाखाओं के माध्यम से चलाई जाती हैं.
3.	क्या आपने अपने पहल-कार्यों के प्रभाव का कोई मूल्यांकन किया है?	हाँ, कार्यान्वयन भागीदार द्वारा सीएसआर पहल-कार्यों के प्रभाव का मूल्यांकन किया जाता है. इसके अतिरिक्त, बैंक की वित्तीय समावेशन योजना के अंतर्गतः
		• पीएमजेडीवाई के अंतर्गत ₹ 90 करोड़ जमा आधार के साथ 10 लाख से अधिक खाते खोले गए हैं.
		• 22 लाख खाते बेसिक बचत खाते अर्थात् बैंक के वित्तीय समावेशन पहल-कार्य के अंतर्गत शून्य शेष के साथ खुले खाते हैं जो ₹ 541.35 करोड़ की जमाराशि के साथ हैं.
		• लोगों द्वारा इन खातों का उपयोग भारत सरकार द्वारा शुरू की गई सामाजिक सुरक्षा योजनाओं अर्थात्, प्रधान मंत्री सुरक्षा बीमा योजना (पीएमएसबीवाई), प्रधान मंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना (पीएमजेजेबीवाई), और अटल पेंशन योजना (एपीवाई) में शामिल होने के लिए भी किया गया है.
		• बैंक और सरकार को सूक्ष्म बीमा योजनाओं और पेंशन योजनाओं द्वारा वंचित लोगों को वित्तीय मुख्य धारा से विधिवत् रूप से जोड़ने में मदद मिली है.

4.	सामुदायिक विकास परियोजनाओं में आपकी कंपनी का प्रत्यक्ष योगदान क्या है - भारतीय रुपये में राशि तथा आरंभ परियोजनाओं का विवरण?		
	प्रतिष्ठित संगठनों के सहयोग से की जाने वाली आईडीबीआई बैंक की सामुदायिक विकास परियोजनाओं का विवरण निम्नलिखित तालिका में दिया गया है :		
	क्र. सं.	**गतिविधि/ संगठन का नाम**	**उद्देश्य**	**2015-16 में किया गया व्यय (₹ लाख)**
	i.	टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंसेज, मुंबई, महाराष्ट्र (2012-13 में मंजूर)	लेह, लद्दाख, जम्मू एवं कश्मीर में अन्य कार्यकलापों के साथ, सामुदायिक तंत्र को मजबूत करते हुए तथा क्षमता निर्माण के माध्यम से सामुदायिक भागीदारी तथा स्वामित्व मॉडल के आधार पर तारुगाँव को एक 'आदर्श ग्राम' के रूप में तैयार करना.	26.16
	ii.	राष्ट्रीय ग्रामीण विकास निधि (आरजीवीएन), गुवाहाटी, असम (2014-15 में मंजूर)	मोरीगांव जिला, असम में आमकोटा गाँव का आदर्श ग्राम के रूप में विकास.	10.58
	iii.	केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग, उत्तर प्रदेश (2014-15 में मंजूर)	दो गांवों में सीएसआर कार्यकलापों का संचालन - वाराणसी जिले में सुजाबाद तथा चंदौली जिले में भभौरा.	200.00
5.	क्या आपने इन सामुदायिक विकास के पहल-कार्यों को समुदाय द्वारा सफलता पूर्वक अपनाना सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाए हैं ? कृपया लगभग 50 शब्दों में उनके ब्योरे दें.	समुदाय के विकास को लक्ष्य कर सीएसआर गतिविधियों को सभी स्थानीय आबादी और जमीनी स्तर के लाभार्थियों सहित संबंधित अंशधारकों को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है. इस तरह समुदाय को शुरुआत में ही शामिल किया जाता है और परियोजना के सभी चरणों के दौरान इनकी भागीदारी सुनिश्चित की जाती है ताकि समुदाय द्वारा इन पहल-कार्यों को सफलता पूर्वक अपनाया जा सके.	
9	**सिद्धान्त 9: कारोबार उत्तरदायी तरीके से अपने ग्राहकों और उपभोक्ताओं के साथ जुड़ा होना चाहिए और उन्हें महत्व देने वाला होना चाहिए.**		
1.	वित्तीय वर्ष की समाप्ति पर ग्राहक शिकायतें/ उपभोक्ता मामले कितने प्रतिशत लंबित हैं.	प्राप्त कुल शिकायतों में से यथा 31 मार्च 2016 को लगभग 2% अर्थात् 1,060 शिकायतें लंबित थीं. इनमें से 1,011 शिकायतों का निपटान '19 कार्यदिवसों में', 14 शिकायतों का निपटान '20-21' दिनों में और 35 शिकायतों का निपटान '21 कार्यदिवसों में' किया गया. सभी लंबित मामलों का निपटान 28 अप्रैल 2016 तक कर दिया गया.	
2.	सामान्यतः स्थानीय कानून के अधिदेश के अनुसार क्या कंपनी, उत्पाद लेबल पर उत्पाद की जानकारी प्रदर्शित करती है. हाँ/ नहीं/ लागू नहीं/ टिप्पणियां (अतिरिक्त जानकारी)	लागू नहीं	
3.	क्या पिछले पाँच वर्षों के दौरान अनुचित व्यापार प्रथाओं, गैर-जिम्मेदार विज्ञापन और/ या गैर-प्रतिस्पर्धात्मक व्यवहार के लिए अंशधारकों द्वारा कंपनी के विरुद्ध कोई मामला दायर किया गया है तथा वित्तीय वर्ष की समाप्ति पर कोई लंबित है. यदि ऐसा है, तो लगभग 50 शब्दों में उनके ब्योरे दें.	शून्य	
4.	क्या आपकी कंपनी ने कोई उपभोक्ता सर्वेक्षण/ उपभोक्ता संतुष्टि रुझान के बारे में कुछ किया है?	बैंक सतत आधार पर ग्राहक फीडबैक प्राप्त करता है. इसके अलावा, बैंक उनकी जरूरतों, अपेक्षाओं तथा प्रत्याशाओं का मूल्यांकन तथा आकलन करने के लिए वार्षिक सर्वेक्षण भी करता है. वर्ष 2015-16 के दौरान एक ऑनलाइन ग्राहक संतुष्टि सर्वेक्षण किया गया. सर्वेक्षण की प्रश्नावली में ग्राहक सेवा के विविध पहलुओं को शामिल किया गया था. सर्वेक्षण के परिणाम से यह पता चला कि ग्राहक सामान्य तौर पर बैंक के उत्पाद और सेवाओं से संतुष्ट थे.	

Business Responsibility Report

Sr. No.	Particulars	Details
A. General Information about the Bank		
1	Corporate Identity Number (CIN) of the Company	L65190MH2004GOI148838
2	Name of the Company	IDBI Bank Limited
3	Registered address	IDBI Tower, WTC Complex, Cuffe Parade, Mumbai - 400005
4	Website	www.idbi.com
5	E-mail id	idbiequity@idbi.co.in
6	Financial Year reported	2015-16
7	Sector(s) that the Company is engaged in (industrial activity code-wise)	Code: 64191-IDBI Bank is a banking company governed by the Banking Regulation Act, 1949.
8	List three key products/ services that the Company manufactures/ provides (as in balance sheet)	1. Corporate/ Wholesale Banking 2. Retail Banking 3. Treasury Services
9	Total number of locations where business activity is undertaken by the Company	1,846 branches
i.	Number of International Locations (Provide details of major 5)	1- The Bank has a Branch at DIFC, Dubai
ii.	Number of National Locations	1845 branches
10	Markets served by the Company (Local/ State/ National/ International)	The Bank serves customers in national locations. Customers are also served through the Bank's international branch.
B. Financial Details of the Bank		
1	Paid up Capital (in ₹ lakh)	2,05,881.51
2	Total Turnover (in ₹ lakh)	31,45,345.87
3	Total profit after taxes (in ₹ lakh)	-3,66,480.25
4	Total Spending on Corporate Social Responsibility (CSR) as percentage of profit after tax (%)	In 2015-16, IDBI Bank's spends on CSR activities amounted to 1.31% of its average net profits (excluding profits arising from branches outside India and any dividends received from other companies in India, which are covered under and complying with the provisions of section 135 of Companies Act, 2013) of the last three financial years ending March 31, 2013, March 31, 2014 and March 31, 2015.
5	List of activities in which expenditure in 4 above has been incurred:-	

Sr. No.	Activity	No. of CSR projects	Amount (₹ lakh)
a.	Health	6	360.16
b.	Rural Development	3	236.74
c.	Education	4	27.49
d.	Socio- Economic Empowerment	2	7.18
e.	Environment	3	187.88
f.	Other Donations	2	125.00
TOTAL		**20**	**944.45**

